नई दिल्ली
शनिवार, 26 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी+चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 11
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 40
न्यून. 23


# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


पाकिस्तान की सेना ने संघर्ष विराम तोड़कर की गोलीबारी, भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब



## सेनाप्रमुख ने जम्मू-कश्मीर का दौरा कर परखी सेना की तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक ओर शुक्रवार को सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का जम्मू-कश्मीर का पहला दौरा हुआ। जिसमें उन्होंने श्रीनगर, अवंतीपुरा और अन्य इलाकों में मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच बनी हुई जमीनी स्थिति और सैन्य-सुरक्षा तैयारियों का व्यापक रूप से जायजा लिया। वहीं, दूसरी ओर बीते गुरुवार रात बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान की सेना ने बारामूला के तुथमारी गली सेक्टर (टीएमजी) में भारत-पाक नियंत्रण रेखा (एलओसी) से लगी भारतीय सेना की चौकियों पर गोलीबारी की। जिसका भारतीय सेना ने उसी की भाषा में करारा जवाब दिया। गोलीबारी की इस घटना के बीच फिलहाल किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### उच्च स्तर की चौकसी बरते फौजः सेनाप्रमुख

सेना ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में सेनाप्रमुख सबसे पहले इलाके में तैनात बल के दो प्रमुख सैन्य मुख्यालयों विक्टर फोर्स और चिनार कोर गए। जहां सेना के वरिष्ठ कमांडरों जैसे सेना की उत्तरी कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार, उप-सेनाप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सेना की 15वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने उन्हें ग्राउंड पर बने हुए मौजूदा सूरते हाल से लेकर सेना की रणनीतिक तैयारियों, अन्य सुरक्षाबलों के साथ बने हुए समन्वय, आतंकवाद रोधी अभियानों के बारे में जानकारी दी। सेनाप्रमुख ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को चौबीसों घंटे दुश्मन की हर छोटी बड़ी हरकत पर बेहद करीब से निगरानी बनाए रखते हुए सामने आने वाली किसी भी आपात परिस्थिति का सटीकता के साथ माकूल जवाब देने का निर्देश ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इन हथियारों से पाकिस्तान ने की गोलीबारी

वहीं, सूत्रों ने बताया कि 24 अप्रैल की रात में टीएमजी सेक्टर में पाकिस्तानी सेना द्वारा की गई गोलीबारी में छोटे हथियारों का प्रयोग किया गया। जिनमें राइफल, पिस्टल, कार्बाइन, एलएमजी-एलएमजी और रॉकेट लांचर शामिल हैं। जवाब में इन्हीं हथियारों का प्रयोग कर भारतीय सेना ने अपनी कार्रवाई की। छोटे हथियारों में मोटार भी आते हैं। लेकिन उनका प्रयोग नहीं गया। गोलीबारी में पाक सेना की तरफ से उक्त हथियारों के कुल 600 से अधिक राउंड फायर किए गए। जबकि भारत की सेना ने 1300 से अधिक राउंड पाक सेना पर दागे।

---

भारत ने भी जवाबी कार्रवाई में बंद किया तो पाकिस्तान से बांग्लादेश और चीन की हवाई यात्रा हो जाएगी हवा

# पाकिस्तान के एयरस्पेस बंद करने का होगा व्यापक असरः खाड़ी के देश, यूरोप और अमेरिका जाना होगा 20% तक महंगा

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेषः

पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र बंद करने से भारतीय उड़ानों का समय और लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर टिकट की कीमतों पर पड़ेगा। टिकट की कीमतों में 20 फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। लंबी उड़ान अवधि और देरी से यात्रियों को असुविधा होगी। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो वित्तीय और परिचालन प्रभाव और गंभीर हो सकते हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया के जवाब में पाकिस्तान ने भारतीय उड़ानों के लिए अपने एयरस्पेस बंद करने की घोषणा की है। पाकिस्तान द्वारा भारत के लिए अपने हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) को बंद करने से उत्तर भारत से यूरोप, उत्तरी अमेरिका, मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया की ओर जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। भारतीय विमानों को अब पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से बचने के लिए अरब सागर के ऊपर से गुजरना होगा।



### मुश्किल में रहेंगे 'महाराजा'

दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ, जयपुर, अमृतसर जैसे शहरों से शुरू होने वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें जाहिर तौर महंगी हो जाएंगी। साथ ही यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व की उड़ानों का समय 30 मिनट से 2.5 घंटे तक बढ़ सकता है। दिल्ली से लंदन की उड़ान, जो पहले 9.5 घंटे की थी, अब 10.5 घंटे या अधिक की हो सकती है। खाड़ी देश (यूएई, सऊदी अरब, कतर, ओमान), यूरोप (यूके, जर्मनी, फ्रांस, इटली), उत्तरी अमेरिका (अमेरिका, कनाडा), और मध्य एशिया के कुछ हिस्सों की उड़ानें प्रभावित होंगी। एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस और अकासा एयर जैसी एयरलाइंस सबसे अधिक प्रभावित होंगी। लंबी दूरी की उड़ानें संचालित करने वाली एयर इंडिया को विशेष रूप से ज्यादा ईंधन खपत की वजह से अपेक्षाकृत ज्यादा नुकसान होगा। उसमें से कुछ वसूली किराया की रकम बढ़ाकर यात्रियों से वसूली जाएगी।

### ऐसे बढ़ेगी यात्राओं की कीमत

*लंबे मार्गों के कारण ईंधन की खपत 20-30 फीसदी तक बढ़ सकती है, खासकर बोइंग 777 या एयरबस ए-350 जैसे बड़े विमानों के लिए। ईंधन लागत एयरलाइंस के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है। वैकल्पिक मार्गों में ओमान, कतर, या अन्य देशों के हवाई क्षेत्र का उपयोग होगा, जिनके लिए एयरलाइंस को अतिरिक्त नेविगेशन और ओवरफ्लाइंग शुल्क देना पड़ेगा। लंबी उड़ान अवधि के कारण अतिरिक्त पायलट और क्रू की आवश्यकता होगी। अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार, 10 घंटे से अधिक की उड़ानों के लिए दो कमांडर और एक को-पायलट की व्यवस्था करनी पड़ती है, जिससे लागत बढ़ेगी। लंबे मार्गों के कारण विमानों का उपयोग बढ़ेगा, जिससे रखरखाव लागत और शेड्यूल में बदलाव की जरूरत पड़ेगी।*

### गुरबत की जिंदगी जी रहा पाकिस्तान होगा और फटेहाल

वर्ष 2019 में बालाकोट हमले के बाद पाकिस्तान ने 5 महीने तक हवाई क्षेत्र बंद किया था, जिससे भारतीय एयरलाइंस को लगभग 550-700 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। उस समय भी टिकट की कीमतें बढ़ी थीं। केवल भारत ही नहीं पाकिस्तान को भी नुकसान उठाना पडेगा। पाकिस्तान को भारतीय उड़ानों से ओवरफ्लाइंग शुल्क के रूप में आय प्राप्त होती है। 2019 में हवाई क्षेत्र बंद करने से पाकिस्तान को लगभग 400-688 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इस बार भी आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को वित्तीय नुकसान होगा। यदि भारत भी जवाबी कार्रवाई में अपना हवाई क्षेत्र बंद करता है, तो पाकिस्तान की उड़ानें (जैसे बांग्लादेश, चीन की ओर) प्रभावित होंगी।

---

केंद्रशासित प्रदेश के समूचे क्षेत्र में अब पाकिस्तान के एक्शन से तय होगा भारतीय सेना का जवाब

## शिमला समझौते के रद्द होते ही जम्मू-कश्मीर के नक्शे से गायब हो गई 'एलओसी'?

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सख्त कदमों से तिलमिलाए पाकिस्तान ने आनन-फानन में जिस तरह से दोनों देशों के बीच हुए सभी द्विपक्षीय समझौतों को रद्द करने का ऐलान किया है। उनमें 1971 के युद्ध के बाद 2 जुलाई 1972 को हुआ 'शिमला समझौता' सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसी के जरिए दोनों देशों ने कश्मीर की जमीन पर कुल करीब 778 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा (एलओसी) की घोषणा के साथ ही उसके नक्शों (इंच मैप) का आधिकारिक रूप से आदान-प्रदान करते हुए भविष्य में उठने वाले तमाम मुद्दों का द्विपक्षीय आधार पर समाधान निकालने की मंजूरी प्रदान की थी। लेकिन अब समझौते के खत्म होने के बाद उसका क्या प्रभाव पड़ेगा? क्या इसकी चपेट में सियाचिन ग्लेशियर की सुदूर बर्फीली ▶▶ शेष पेज 5 पर

---

गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर दिए निर्देश

## वीजा कैंसिल... पाकिस्तानियों को खोज-खोजकर वापस भेजें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से बात की। शाह ने मुख्यमंत्रियों से कहा है कि वे अपने-अपने राज्यों से पाकिस्तान के लोगों को जल्द से जल्द हटाएं। पहलगाम हमले के बाद गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान से जुड़े सारे वीजा कैंसिल करने के निर्देश दिए हैं। भारत ने अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद करने का भी फैसला लिया है। भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इस रास्ते से लौटने के लिए एक मई तक का वक्त दिया गया है। भारत में पाकिस्तानी हाईकमीशन में तैनात पाकिस्तानी डिफेंस एडवाइजर्स को देश छोड़ने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है। साथ ही दोनों हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 50 से घटाकर 30 कर दी थी। इस बीच, दिल्ली में अमित शाह के घर पर दोपहर में फिर एक बड़ी आपात बैठक हुई। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शामिल हुए।

---


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला
कोलकाता पंजाब
शाम 7.30 बजे से

### खबर संक्षेप

#### एनएसई पीड़ितों को देगा आर्थिक मदद



**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस अमानवीय हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की सहायता के लिए एनएसई ने 1 करोड़ रुपए की मदद देने की घोषणा की है, प्रत्येक परिवार को करीब 4 लाख प्रदान किए जाएंगे। एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीषकुमार चौहान ने कहा कि एनएसई इस दुःख और संकट के समय देश के साथ खड़ा है।

#### श्रीमहाकाल मंदिर में मोबाइल पूरी तरह बैन



**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में अब मोबाइल का इस्तेमाल करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। मंदिर प्रबंधन ने मंदिर के साथ ही परिसर में भी मोबाइल के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। तीन स्थानों पर स्थित लॉकर में जमा करना होगा। आदेश में कहा गया कि सुरक्षा और धार्मिक माहौल बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। मोबाइल का इस्तेमाल करने पर कार्रवाई होगी। ता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंदिर प्रबंधन ने सुरक्षा और धार्मिक माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है।

---

सावरकर विवाद पर राहुल को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## स्वतंत्रता सेनानियों पर टिप्पणी करने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ उत्तर प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। राहुल को उनके खिलाफ दायर विनायक दामोदर सावरकर मानहानि मामले में समन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को विनायक दामोदर सावरकर पर उनकी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश में उनकी टिप्पणी के लिए दर्ज मामले में राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने राहुल गांधी को भविष्य में इस तरह के कोई भी बयान न देने की चेतावनी भी दी, क्योंकि शीर्ष अदालत इस तरह की टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान ले सकती है। पीठ ने कांग्रेस नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से पूछा कि क्या राहुल गांधी ▶▶ शेष पेज 5 पर



*राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक*

### सिंघवी की दलील पर सुप्रीम कोर्ट का पलटवार

सिंघवी ने अदालत से कोई टिप्पणी न करने का आग्रह किया और कहा कि राहुल गांधी का समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने का कोई इरादा नहीं था। पीठ ने पलटवार करते हुए कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

---

पूसा भवन, नई दिल्ली में आयोजित समृद्ध एवं महान भारत 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस विजन 2047' में बोले सीएम

ए.आई. मिशन का गठन कर गुरुग्राम और पंचकुला में एक-एक हब स्थापित किया जाएगा

## हरियाणा के हर जिले में भी इनोवेशन हब बनाए जा रहे हैंः नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नवाचार आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने का एक मूलमंत्र है। एआई, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा और बायोटेक जैसे क्षेत्र नए भारत के उभरते स्तंभ हैं। हरियाणा ने भी एक मजबूत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री आज पूसा भवन नई दिल्ली में आयोजित समृद्ध एवं महान भारत 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस विजन 2047' को सम्बोधित कर रहे थे। इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के विश्व



विद्यालयों में इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। शिक्षण संस्थानों में टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं। इसके अलावा अटल इनोवेशन को जमीन पर लागू करने के लिए विद्यार्थियों में अनुसंधान की प्रवृत्ति को बढ़ाया जा रहा है। गुरुग्राम में हरियाणा इनोवेशन हब ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 3 आर पर किया काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में विकास प्रक्रिया और विकास के मध्य संतुलन लाने के लिए 3 आर अर्थात रिसाईकल, रियूज और रिड्यूज पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित व महान राष्ट्र बनाने में हरियाणा की अहम भूमिका रहेगी। सम्मेलन में किया गया विचार मंथन भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए बड़ा कारगर सिद्ध होगा।

---

1 हजार 788 करोड़ का कर्ज चुकाया, 100 करोड़ की गारंटी वापस, अब पूरी तरह कर्जमुक्त

## पीएम मोदी के विज़न को जमीन पर उतार रहा है छत्तीसगढ़ का नवा रायपुर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नवा रायपुर अब पूरी तरह ऋणमुक्त हो चुका है। यह उपलब्धि उस समय आई है जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत <\@>2047' विज़न को मूर्त रूप देने के लिए राज्य सरकारें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने 1788 करोड़ रुपये का कर्ज और 100 करोड़ रुपये की गारंटी राज्य सरकार को लौटा दी है। इस तरह यह देश का पहला नियोजित शहर बन गया है जो पूर्ण रूप से कर्ज मुक्त है। यह केवल वित्तीय उपलब्धि नहीं है, यह एक नीतिगत परिवर्तन का संकेत है, जिसमें राजनीतिक इच्छाशक्ति, रणनीतिक योजना और संस्थागत सुधारों का समन्वय है। छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री साय की सरकार ने जिस आर्थिक अनुशासन, पारदर्शिता और निर्णायक नेतृत्व की मिसाल पेश की, यह उसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नीति परिवर्तन और निजी निवेश

बीते एक वर्ष में छत्तीसगढ़ सरकार ने नवा रायपुर के व्यावसायिक और सामाजिक विकास को गति देने के लिए कई नीतिगत बदलाव किए। 1043 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान, सेमीकंडक्टर यूनिट का भूमि पूजन, मेडिसिटी और एडुसिटी परियोजनाएं, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना — ये केवल योजनाएं नहीं, निवेश के आकर्षण केंद्र बन चुके हैं। फार्मास्युटिकल, आईटी, और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की बड़ी कंपनियां नवा रायपुर की ओर आकर्षित हो रही हैं। सीबीडीए कमर्शियल टॉवर में प्रमुख IT कंपनियों को स्पेस आबंटन हो चुका है। 156 करोड़ रुपये की लागत से प्लग-एंड-प्ले ऑफिस स्पेस, 37 करोड़ की लागत से साइंस सिटी, और 20 करोड़ की लागत से ई-बस सेवाएं इस क्षेत्र को भविष्य का स्मार्ट सिटी हब बना रही हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का नया ग्रोथ इंजन" बताया और संकेत दिए कि नवा रायपुर अब निवेशकों ▶▶ शेष पेज 5 पर

---

भारत के ताबड़तोड़ एक्शन का असर

## पाकिस्तान का स्टॉक मार्केट क्रैश पीएसएक्स की वेबसाइट हुई बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के शेयर मार्केट में तबाही का माहौल है। पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। लगातार दो कारोबारी सेशन में 2500 से अधिक अंक की गिरावट आई है। शुक्रवार को कारोबार शुरू होने के पांच मिनट के भीतर कराची स्टॉक एक्सचेंज का सबसे प्रमुख इंडेक्स, जिसमें पाकिस्तान



की टॉप लिस्टेड कंपनियां शामिल होती हैं केएसई-100 में 2.12 परसेंट का शार्प फॉल देखा गया। इसके बाद इंडेक्स 114,740.29 पॉइंट पर आ गया। इसके अलावा पीएसएक्स की वेबसाइट कुछ समय के लिए ऑफलाइन हो गई। वेबसाइट पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

---

मामले की जांच के दिए आदेश

## शिवपुरी में विमान से भारी वस्तु गिरने के मामले पर वायुसेना ने जताया खेद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को मध्य-प्रदेश के शिवपुरी में उसके एक विमान से रिहायशी इलाके के घर की छत पर गिरी एक भारी वस्तु (गैर-विस्फोटक) के मामले पर खेद प्रकट किया है। साथ ही मामले की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) का गठन किया है। वायुसेना ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि 25 अप्रैल को शिवपुरी के करीब वायुसेना के विमान से



गैर-विस्फोटक एरियल स्टोर के अनजाने में गिरने की वजह से संपत्ति को हुए नुकसान पर वायुसेना खेद व्यक्त करती है। सीओआई के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना में फिलहाल ▶▶ शेष पेज 5 पर

---

ईरान, नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच समझ बनाने के लिए तैयार

पहलगाम आतंकी हमले के कारण हालात तनावपूर्ण

## सऊदी अरब और ईरान के विदेश मंत्रियों से हुई डॉ. एस. जयशंकर की बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले की वजह से बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को दुनिया के कई देशों के विदेश मंत्रियों और राजनयिकों से बातचीत की। इसमें ईरान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री भी शामिल हैं। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने डॉ. जयशंकर के साथ हुई बातचीत को लेकर एक्स पोस्ट में बताया, इस मुश्किल समय में तेहरान इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच अधिक समझ बनाने के लिए दोनों जगहों पर मौजूद अपने कार्यालयों का उपयोग करने के लिए तैयार है। दोनों देश ईरान के भाईचारे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नेपाली राजदूत के समक्ष प्रकट की संवेदनाएं



विदेश मंत्री ने एक अन्य एक्स पोस्ट में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा के साथ हुई मुलाकात के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए एक नेपाली नागरिक की मौत के मामले पर उनके समक्ष अपनी ओर से संवेदनाएं प्रकट की। साथ ही दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति के मामले पर भी चर्चा की गई।

### सऊदी विदेश मंत्री से फोन पर हुई चर्चा

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ फोन पर बातचीत हुई। जिसमें पहलगाम आतंकी हमले और उसके सीमा पार मौजूद संपर्कों के मुद्दे पर चर्चा की गई। यहां बता दें कि बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ की गई सऊदी अरब की यात्रा को पहलगाम आतंकी हमले की वजह से बीच में छोड़कर नई दिल्ली लौटने के बाद दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हुई यह पहली बातचीत है। जयशंकर ने इजरायल, अर्जेंटीना, मिस्र के राजदूतों से भी अपने कार्यालय में मुलाकात की। इन सभी राजनयिकों से आतंकी हमले को लेकर भारत को दिए गए समर्थन के साथ ही आतंकवाद के मामले पर विचार-विमर्श किया गया।



# पहलगाम नरसंहार के विरोध में दिल्ली बंद, व्यापारियों ने कहा हम सरकार के संग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में शुक्रवार को दिल्ली के अधिकांश छोटे बड़े थोक व खुदरा बाजार पूरी तरह बंद रहे। कई जगह व्यापारियों के अलावा अलग अलग वर्ग के लोगों ने अपने अपने तरीके से पहलगाम नरसंहार के विरोध में पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह से मांग की है कि अब पाकिस्तान को करारा जबाब देने से नीचे कोई समझौता नहीं होना चाहिए। बंद का आह्वान दिल्ली व्यापार महासंघ ने किया जिसके साथ राजधानी के अधिकांश छोटे बड़े व्यापारिक संगठन साथ रहे। इस बारे में संघ के अध्यक्ष देवराज बावेजा व उपाध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने बताया कि आज के सफल बंद ने बता दिया है कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार से पूरा देश कितने गुस्से में है। उन्होंने कहा कि आतंकियों को सबक सिखाने के लिए केंद्र सरकार जो भी कदम उठाएगी देश का व्यापारी सरकार के साथ खड़ा है।



## दिल्ली बंद पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने व्यापारियों का जताया आभार

नई दिल्ली। कश्मीर पहलगाम में निर्दोषों की निर्मम हत्या मामले में शुक्रवार को दिल्ली में व्यापरिक गतिविधियों के बंध पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने व्यापारियों का आभार जताया है। चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल चांदनी चौक एवं पुरानी दिल्ली के सभी थोक बाजारों में पूर्ण बंध के दौरान कपड़ा व्यापारियों की सर्वोच्च संस्था दिल्ली हिन्दुस्तानी मार्केटाइल एसोसिएशन द्वारा आयोजित आतंकवाद विरोधी मार्च में शामिल हुए।

## प्रदेश कांग्रेस ने पहलगाम नरसंहार के विरोध में निकाला कैंडल मार्च, राहुल गांधी हुए शामिल



**नई दिल्ली।** पहलगाम नरसंहार के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमी द्वारा निकाले गए विरोध केंडल मार्च में कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए। कैंडल मार्च की शुरुआत शाम के समय कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड से हुई। प्रदर्शन में राहुल गांधी के अलावा प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, रागिनी नायक सहित अन्य शामिल रहे। इस अवसर पर राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम में एक भयानक त्रासदी हुई है। इस मामले पर हमने केंद्र सरकार के साथ बैठक की और पूरे विपक्ष ने इस हमले की निंदा की है। इसके साथ ही हमने सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन दिया है।

# नकुल सांगवान गिरोह का कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने नकुल सांगवान उर्फ दीपक गैंग के कुख्यात बदमाश सुधीर राणा को गिरफतार किया है। इस पर दिल्ली एनसीआर में हत्या के प्रयास, डकैती, चोट पहुंचाने, आपराधिक धमकी और शस्त्र अधिनियम जैसे पांच आपराधिक मामले दर्ज थे। बदमाश के पास से .32 बोर की एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी जबरन वसूली गई रकम इकट्ठा करके गिरोह के सरगनाओं को रसद मदद मुहैया कराता था। पुलिस के अनुसार दक्षिणी रेंज, स्पेशल सेल की एक टीम ने सुधीर राणा पुत्र राजकुमार राणा निवासी मकान नंबर 161, गांव कुतुबगढ़, थाना कंझावला को अवैध हथियार और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। 24 अप्रैल को सुधीर लगभग 11 बजे अपने साथियों से मिलने के लिए लाडपुर गांव में पहुंचा था। इंस्पेक्टर रणजीत सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने बाबा पोबारा मंदिर, लाडपुर के पास कंझावला रोड पर जाल बिछाया और शाम करीब चार बजे सुधीर राणा को घेर कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुए। सुधीर राणा नकुल सांगवान उर्फ दीपक गिरोह का सक्रिय सदस्य है। वह गिरोह के सदस्यों को रसद और वित्तीय सहायता प्रदान करता था। आरोपी कुख्यात अपराधी मंजीत डबास का सहयोगी भी बताया गया है। इसके खिलाफ कंझावला, मुंडका, पश्चिम विहार और स्पेशल सेल थानों में पांच केस दर्ज थे।

यार्ड सुधार कार्य से जुड़े टीआरडी का काम

निविदा सूचना संख्या: EL-RNY-TRD-01-2025-26; दिनांक: 23-04-2025; निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। निविदा संख्या: EL-RNY-TRD-01-2025-26; कार्य का नाम : रंगिया मंडल में :- कैथालकुची, टिहु, पाठशाला, सरूपेटा, बरपेटा रोड और सरभोग में यार्ड सुधार कार्य से जुड़े टीआरडी का काम। विज्ञापित मूल्य : ₹2,10,80,421.23/-; अग्रिम राशि: ₹2,55,400/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय 14-05-2025 को 17:00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

सीनियर डीईई/टीआरडी, रंगिया
पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेन्द्र, पुत्र राधे श्याम निवासी झुग्गी नंबर ए-304, एच-4, एन-30, ए-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 469/2023 धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना महिन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 469/2023 धारा 12/9/55 जी. एक्ट, थाना महिन्द्रा पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरेन्द्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निहारिका कुमार शर्मा
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/5104/NW/2025

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नूर आलम पुत्र** श्री शेख शरीफुल **निवास** गाँव भोगलागढ़, थाना अमदाबाद, जिला कटिहार, बिहार एवं दूसरा **निवास** म. नं. 16/193-एच, आर्य समाज रोड़, बापा नगर, करोल बाग, दिल्ली ने **FIR No. 27/21 U/s 457/380/411/34 IPC. थाना: राजिंदर नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नूर आलम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नूर आलम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।


इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 27/21 U/s 457/380/411/34 IPC. थाना: राजिंदर नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नूर आलम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रीति
एमएम/जेएमएफसी-03, कमरा नं. 150
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली
DP/5138/CD/2025
(Court Matter)

# देश के वीर सपूतों की याद में डीएमआरसी ने स्टेशन की दीवार पर बनाए चित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने देश के महान वीर सपूतों की याद में अपने एक स्टेशन की पूरी दीवार उन्हें समर्पित कर बहादुर नायकों को श्रद्धांजलि दी है। डीएमआरसी ने पिंक लाइन पर सर एम. विश्वेश्वरैया मोती बाग मेट्रो स्टेशन पर एक पूरी प्लेटफ़ॉर्म दीवार समर्पित की है। इस दीवार पर भारत देश के सर्वोच्च सैन्य सम्मान, प्रतिष्ठित परमवीर चक्र (पीवीसी) से सम्मानित बहादुर नायकों की फोटो (चित्र) अंकित किए गए है। इस बारे में डीएमआरसी का कहना है कि ऐसा करके हम देश के लिए अपना सर्वोच्च न्योछावर करने वाले भारतीय सेना के बहादुर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों को उनकी बहादुरी की गाथा बता रहे है। डीएमआरसी ने बताया कि परमवीर चक्र पीवीसी का अर्थ है परम बहादुर का पहिया। यह भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान है, जो रैंक या सेवा की शाखा की परवाह किए बिना दुश्मन की उपस्थिति में सबसे विशिष्ट बहादुरी के लिए किया जाता है। परमवीर चक्र को कुल 21 बार सम्मानित किया गया है। उन 21 पुरस्कारों में से 14 मरणोपरांत दिए गए थे। हमारे वीर सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों का सम्मान करने के लिए डीएमआरसी की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, स्टेशन के प्लेटफार्म की दीवारों को इन वीर योद्धाओं के चित्रों को प्रदर्शित करने वाली एक लुभावनी गैलरी में बदल दिया गया है। प्रतिभाशाली कलाकारों की एक टीम द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार की गई कलाकृति में परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के जीवंत चित्रण हैं, जो प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए उनकी अदम्य भावना और अटूट साहस को दर्शाते हैं।

## सराय रोहिल्ला स्टेशन परिसर में ट्रक ने दुरंतो एक्सप्रेस के इंजन को टक्कर मारी

**एजेंसी. नई दिल्ली।** सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की धुलाई एवं सफाई वाले स्थल पर शुक्रवार को एक ट्रक बीकानेर-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस के इंजन से टकरा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न 11:37 बजे स्टेशन की 'वाशिंग लाइन' पर उस समय हुई जब ट्रेन किशनगंज रेलवे स्टेशन की तरफ से आ रही थी। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा, ट्रक में ट्रेन के पहिए लदे हुए थे, तभी इंजन से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में ट्रेन पटरी से नहीं उतरी और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि टक्कर के कारण ट्रक को नुकसान पहुंचा है। बयान में कहा गया, संबंधित अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। हालांकि टक्कर के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन अधिकारी मामले पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा, मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# हत्या और डकैती केस का आरोपी 16 साल बाद चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने आनंद पर्वत इलाके के हत्या और डकैती मामले में 16 साल से फरार अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक कुख्यात गैंगस्टर और हत्या, हत्या का प्रयास, हथियार के बल पर लूट और डकैती सहित 19 जघन्य मामलों में शामिल रहा है।

पुलिस के अनुसार मंगोलपुरी निवासी मुकेश उर्फ गुज्जर उर्फ हेमू को गिरफ्तार किया है। वह 2009 से फरार था। इसे मामले में भगौड़ा अपराधी भी घोषित किया जा चुका था। पुलिस ने बताया कि आरोपी मुकेश ने 28 फरवरी 2002 को अपने साथियों संजीव वर्मा उर्फ संजू, राकेश और विजय उर्फ राजेश के साथ मिलकर त्रिनगर निवासी मोहन लाल बंसल की कार को रोका था। उस समय मोहन फेडरल बैंक लिमिटेड, करोल बाग से 25 लाख रुपये निकालकर लौट रहा था। आरोपियों ने मोहन लाल बंसल को गोली मारकर कार से नीचे फेंक दिया था और नकदी और वाहन लेकर मौके से भाग गये थे। चारों आरोपी पहले से ही डकैती के कई मामलों में वांछित थे और जांच से पता चला कि इन अपराधों में लगातार समान क्षमता के हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। आखिरकार पुलिस ने मुठभेड़ में उनका सामना किया। इस दौरान संजीव वर्मा की गोली लगने से मौत हो गई थी। शेष आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसने जब्त हथियारों में बुल्गारिया में निर्मित 9 मिमी पिस्तौल, चीन में निर्मित .30 कैलिबर पिस्तौल और यूएसए में निर्मित .38 कैलिबर रिवॉल्वर शामिल थी। इस पुलिस मुठभेड़ के संबंध में तीन मार्च 2002 को उत्तम नगर थाने में केस दर्ज किया गया था। वहीं हत्या और डकैती केस में मुकेश दोषसिद्धि की तरफ बढ़ रहा था। लेकिन वह मुकदमें के सुनवाई के दौरान ही फरार हो गया था और बाद में उसे भगौड़ा घोषित कर दिया गया था। इस बीच अन्य दो सह-आरोपियों, राकेश और विजय उर्फ राजेश को दोषी ठहराया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

## अंतर्राज्यीय हथियार सप्लायर गैंग का पर्दाफाश

नई दिल्ली। स्पेशल सेल कन नई दिल्ली रेंज ने अंतर्राज्यीय हथियार तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह की अवैध हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में गन हाउस मालिकों से भी मिलीभगत सामने आई है। पुलिस अभी तक इस मामले में पांच लोगों को अरेस्ट कर चुकी है, जिनमें एक गन हाउस मालिक भी शामिल है। डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा के अनुसार दिसंबर 2024 के अंत में नई दिल्ली रेंज ने जबरन वसूली में शामिल जयपुर और दौसा जेल से में बंद दो कुख्यात बदमाशों को उनके दिल्ली स्थित एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला कि इस जबरन वसूली रैकेट को विदेशों से संचालित किया जा रहा है। विदेशी मास्टरमाइंड जेल में बंद बदमाशों की ओर से टारगेट को धमका रहे थे। इस मामले की जांच के दौरान यह भी पाया गया कि दिल्ली के कुछ अपराधी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री निर्मित पिस्टल की तस्करी में शामिल है। अब तक इस अवैध हथियार तस्कर के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक गन हाउस मालिक भी शामिल है। इनके कब्जे से दो ऑर्डिनेंस निर्मित पिस्तौल, एक टॉरस पिस्तौल, एक वेब्ले रिवॉल्वर, दो पेन पिस्तौल, एक .32 बोर पिस्तौल के साथ कई विदेशी कारतूस बरामद किए गए हैं। विभिन्न राज्यों के गन हाउस मालिकों सहित कुछ और सदस्यों की पहचान की गई है, जो इस नेटवर्क में शामिल हैं।

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में अम्बाला हिसार रोड से रोशनपुर कंगवाल (रोड आईडी 8128) को हार्ड शोल्डरिंग सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण के कार्य हेतु (सीएम घोषणा कोड नं. 26036 दिनांक 06.04.2022)। | 23.04.2025 14.05.2025 | 120.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज ब्लॉक झोझू कलां | गांव चांगरोड में धानक चौपाल की चारदिवारी और पानी की टंकी का निर्माण (स्कीम - एचजीवीवाई)। | 23.04.2025 01.05.2025 | 7.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव खातीवास ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में सामुदायिक केन्द्र (350 व्यक्ति) का निर्माण। | 24.04.2025 07.05.2025 | 83.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | कलायत जल सेवाएं उपमंडल कलायत के कलायत कार्यालय भवन की मरम्मत हेतु आकलन। | 24.04.2025 01.05.2025 | 1.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | बनियानी - गांव बनियानी में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 24.04.2025 01.05.2025 | 56.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज हिसार | भेरिया, हिसार2, एससी चौपाल में कमरे का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 19 कार्य। | 22.04.2025 05.05.2025 | 93.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट हिसार के लिए तृतीय बटालियन कैम्पस में कल्याण केन्द्र के खुले क्षेत्र में ट्रस में शैड का प्रावधान और विशेष मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) बकाया कार्य (वैद्युत एक्सेसरीज और केबल्स इत्यादि का प्रावधान) + 2 कार्य। | 24.04.2025 02.05.2025 | 10.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प करनाल | बाल ग्राम, राई जिला सोनीपत में हॉल में ऑडियो विडियो सिस्टम का प्रावधान + 2 कार्य। | 24.04.2025 01.05.2025 | 33.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प सोनीपत | एमएनएसएस राई में प्रताप स्टेडियम बिल्डिंग की विशेष मरम्मत, पुनरोद्धार। | 22.04.2025 01.05.2025 | 20.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज राजौंद | गांव खेड़ी राववाली में पंचायत घर में कमरा 15*15 का निर्माण (एमपी एलएडी) + 2 कार्य। | 23.04.2025 30.04.2025 | 6.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज कैथल | गांव कसान में जाखोली रोड वाया स्टेडियम से फिरनी का निर्माण। | 24.04.2025 28.04.2025 | 14.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 12 | सिविल सर्जन पानीपत | एनएचएम और नॉन एनएचएम के तहत सभी कार्यक्रमों की ऑडिट के लिए जिला स्वास्थ्य समिति, पानीपत हेतु समवर्ती ऑडिटर की नियुक्ति। | 23.04.2025 01.05.2025 | ई-सर्विस चार्जेज 2000/- अप्रतिदेय | https://etenders.hry.nic.in | 7419954431 dampanipat@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज रोहतक | मोखरा खास में श्री कृष्ण गौशाला में चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य। | 24.04.2025 12.05.2025 | 43.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 14 | डब्ल्यूसीडी सिरसा | एडब्ल्यूसी'एस एसएनपी में एसएनपी आपूर्ति और अन्य मदों के परिवहन कार्य के लिए निविदा। | 17.04.2025 16.05.2025 | 30 लाख | https://wcdhry.gov.in/ | 9416084006 posrs.wcd@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज गन्नौर | वीएएनजीवाई स्कीम के तहत गांव बजाना कलां में तालाब (धोकरी वाला) की खुदाई। | बंद होने की तिथि 02.05.2025 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 16 | सिंचाई नरवाना | न्यू धारोडी माइनर के आउटलेट 46450-एल की मरम्मत हेतु आकलन। (डीएनआईटी सं. 116936)। | 22.04.2025 28.04.2025 | 62984/- | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/320/34219/I/88/7 दि. 25.04.25

## खबर संक्षेप

### पाक नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक होंगे वैध

**नई दिल्ली।** पाक नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल, 2025 तक वैध होंगे। इस संबंध में कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। इस संबंध में दिल्ली सरकार के गृह विभाग सख्त आदेश जारी कर दिया है। गृह विभाग ने कहा कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, विदेश-I डिवीजन ने 24 अप्रैल 2025 से पाक नागरिकों के लिए सार्क वीजा रद्द कर दिया है। इसके अलावा, भारत सरकार ने तत्काल प्रभाव से पाक नागरिकों के लिए वीजा निलंबित करने का निर्णय लिया है। भारत सरकार द्वारा पाक नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा, लॉन्ग टर्म वीजा, डिप्लोमैटिक और आधिकारिक वीजा को छोड़कर सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल, 2025 से तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं।

### राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग ने शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में 'राजभाषा हिंदी' के प्रचार प्रसार हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानितकिया। गौरतलब है कि विभग द्वारा वार्षिक हिंदी प्रतियोगिता में सफल कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सरकारी कर्मियों में हिंदी भाषा में कार्य करने की रुचि बढ़ाना है। कार्यक्रम में हिंदी टिप्पण, टंकण, निबंध, स्टेनो एवं सुलेख जैसी श्रेणियों में विजेताओं को नकद राशि एवं शील्ड प्रदान की गई। समारोह में विभाग के मंत्री कपिल मिश्रा ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि भले ही पुरस्कार राशि सीमित है, लेकिन प्रतिभागियों का उत्साह प्रशंसनीय है। उन्होंने अगले वर्ष पुरस्कार राशि बढ़ाने की घोषणा की। कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिंदी भाषा के प्रति लोगों की रुचि बढ़ी है।

### मलेरिया निदान में स्वच्छता जरूरी : डीसी

नई दिल्ली। विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर शुक्रवार को शाहदरा दक्षिण जोन ने लोगों को जागरूक किया। क्षेत्रीय उपायुक्त बादल कुमार ने कहा कि मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में निदान और उपचार के साथ साथ स्वच्छता भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा स्वच्छता रखकर हम मच्छरों का प्रजनन रोक सकते हैं और मलेरिया को फैलने से रोक सकते हैं एवं सामूहिक प्रयासों के परिणामस्वरूप मलेरिया के मामलों में कमी आई है और यह ख़ुशी की बात है। शाहदरा दक्षिण जोन की उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कनिका सिंह ने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर एसोसिएशन के साथ बैठक कर मलेरिया उन्मूलन के लिए साझे प्रयास के लिए रणनीति बनाई है।

### कांग्रेस के प्रत्याशी को 133 वोटों से हराया, आम आदमी पार्टी ने नहीं लिया चुनाव में भाग

# दिल्ली के महापौर बने राजा इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भाजपा के राजा इकबाल सिंह शुक्रवार को दिल्ली के नए महापौर निर्वाचित हुए और महापौर पद संभालने के बाद उन्होंने कहा कि दिल्ली में जमकर विकास कार्य किए जाएंगे। पिछली सरकार में रुके हुए कार्यों को गति मिलेगी और भ्रष्टाचार मामले पर भी गंभीरता से कार्य किया जाएगा। वहीं, भाजपा के जय भगवान यादव उपमहापौर के पद पर निर्वाचित हुए। बता दें कि शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित सदन बैठक में महापौर का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। राजा इक़बाल ने महापौर पद के कांग्रेस के उम्मीदवार, मनदीप सिंह को 125 वोटों से हराया। महापौर पद के निर्वाचन के लिए कुल 142 वोट डाले गए जिसमें से 1 वोट अवैध घोषित किया गया। राजा इक़बाल को 133 वोट प्राप्त हुए वहीं मनदीप सिंह ने 8 वोट हासिल किये। बता दें कि इससे पहले राजा इकबाल सिंह दिल्ली नगर निगम में विपक्ष के नेता रहे हैं और और मुखर्जी नगर, वार्ड संख्या-13 से पार्षद हैं। वहीं मनदीप सिंह नांगलोई, वार्ड संख्या-47 से पार्षद हैं।

उपमहापौर के पद पर भाजपा के जय भगवान यादव निर्विरोध चुने गए। जय भगवान यादव बेगमपुर, वार्ड संख्या-27 से पार्षद हैं। उनकी प्रतिद्वंदी उम्मीदवार, कांग्रेस की पार्षद, अरीबा खान ने अपना नामांकन वापस ले लिया। अरीबा खान अबुल फज़ल एन्क्लेव, वार्ड संख्या-188 से पार्षद हैं। उपमहापौर जय भगवान यादव ने सभी को धन्यवाद दिया और जनहित में कार्य करने का भरोसा दिलाया। बता दें कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी ने महापौर और उपमहापौर पद के चुनाव का बहिष्कार किया और चुनाव में भाग नहीं लिया।

### 'दिल्ली के नागरिकों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं'

दिल्ली के नवनिर्वाचित महापौर राजा इक़बाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में भाजपा की सरकार दिल्ली के नागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। महापौर सिंह ने कहा कि शहर में स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं की दिशा में योजनाबद्ध रूप से सकारात्मक कार्य किये जायेंगे। कूड़े के पहाड़, जलभराव की समस्या के समाधान की तरफ विशेष ध्यान दिया जायेगा।

### सीएम और कैबिनेट मंत्रियों ने नवनिर्वाचित महापौर व उपमहापौर को दी बधाई

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजा इकबाल सिंह को दिल्ली का महापौर और जय भगवान यादव को उपमहापौर चुने जाने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने बधाई दीं। सीएम ने बधाई देते हुए एक्स पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजा इकबाल सिंह को दिल्ली के नए महापौर और जय भगवान यादव को उपमहापौर चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र, निगम और दिल्ली सरकार, ट्रिपल इंजन की शक्ति के साथ दिल्ली को स्वच्छ, समृद्ध और विकसित बनाने का कार्य और तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। वहीं कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंद्र इंद्राज सिंह ने भी बधाई दी।

### इमारत के झुकने संबंधी सूचना मिलने पर एमसीडी ने की त्वरित कार्रवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके के दयालपुर में हाल ही में इमारत गिरने से हुई 11 लोगों की मौतों के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन किसी भी सूचना को हल्के में नहीं ले रहा है और सूचना मिलते ही मौके पर एमसीडी टीम पहुंच जाती है। इसी तरह की एक घटना शाहदरा उत्तरी जोन से सामने आई। एमसीडी प्रशासन ने शुक्रवार को बताया कि इमारत के झुकने संबंधी सूचना मिलने पर निगम ने त्वरित कार्रवाई की। प्रशासन ने बताया कि निगम के शाहदरा उत्तरी जोन के नियंत्रण कक्ष को 33 फुटा रोड, गली संख्या 8, नेहरू विहार में स्थित एक इमारत के झुकने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुंची दिल्ली नगर निगम की टीम ने पाया कि पांच मंज़िला इमारत का एक भाग हल्का झुका हुआ था साथ ही झुकी हुई दिशा में सीलन एवं ढीली मिट्टी का प्रभाव देखा गया। दिल्ली नगर निगम, शाहदरा उत्तरी की टीम ने पाया कि झुकी हुई दिशा को भराव सामग्री द्वारा अस्थायी रूप से सहारा दिया गया है।

## उम्र पूरी कर चुके वाहनों को अब बॉडरों पर ही पकड़ेंगे एएनपीआर कैमरे : सिरसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उम्र पूरी कर चुके वाहनों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए दिल्ली की सीमा पर स्थित सभी प्रवेश बिंदुओं पर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरे लगाए जाएंगे। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। इस बैठक में पर्यावरण विभाग, परिवहन विभाग और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

पर्यावरण मंत्री सिरसा ने बताया कि बैठक में एएनपीआर कैमरों को शीघ्र लगाने पर जोर दिया गया है। ये स्वचालित कैमरे वाहनों के नंबर को कैप्चर करने के बाद उन्हें वाहन डेटाबेस से क्रॉस-चेक करेंगे। इससे यह पता चलेगा कि उक्त वाहन को दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने वैधता है या नहीं। वाहन पंजीकरण विवरणों की जांच वाहन डेटाबेस में की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि वाहन ईओएल व्हीकल के रूप में सूचीबद्ध है या नहीं। दिल्ली सीमा के प्रवेश द्वारों पर वाहनों की स्थिति बताने के लिए एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की जाएंगी, जो वाहन नंबर को फ्लैश करेंगी और ईओएलवी वाहन के रूप में सूचीबद्ध पाए जाने पर संबंधित वाहन नंबर के साथ रॉंग एन्ट्री दर्शाएंगी। इस आशय के संदेश वाहन मालिकों को भी मैसेज व्हाट्सअप के माध्यम से उनके मोबाइल पर भेजे जाएंगे। मंत्री सिरसा ने कहा कि ये कैमरे ट्रक एवं अन्य वाहन चालकों को ईओएल वाहनों के दिल्ली में प्रवेश निषेध के प्रति जागरूक करने का काम भी करेंगे। प्रदूषण नियंत्रण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मंत्री सिरसा ने कहा कि हम एक ऐसी कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं जो तकनीकी रूप से सक्षम और पर्यावरण के अनुकूल हो जिससे दिल्ली में प्रदूषण के विरुद्ध लड़ाई में हमें और मजबूती मिले।

### निर्देश का उल्लंघन करने पर लगाया जाएगा जुर्माना

इस निर्देश का उल्लंघन करने पर उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एंड-ऑफ-लाइफ की सीमा पर पहुंचने जा रहे वाहन मालिकों को भी एलर्ट संदेश भेजे जाएंगे, ताकि नियमों के अनुपालन के लिए अपने वाहनों में समय रहते आवश्यक बदलाव किये जा सकें। एलर्ट संदेश भेजने से वाहन मालिक खुद तो सावधान होंगे ही, अपने संपर्क के अन्य लोगों को भी इन नियमों के प्रति जागरूक कर सकेंगे। इसके लिए परिवहन विभाग को 12 महीने का एसएमएस सूचना कैलेंडर तैयार करने का निर्देश दिया गया है, ताकि इंटर-स्टेट आउटरीच निर्बाध रूप से जारी रहे।

## मॉडल गांव कुतुब गढ़: एसडीएम जांच करने पहुंचें तो गलियों के घोटाले से रह गये दंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के पहले मॉडल विलेज कुतुब गढ़ में हुए करोड़ों रूपये के गली निर्माण घोटाले के उजागर होने के बाद से दिल्ली नगर मुख्यालय से लेकर राजनिवास तक हडकंप मचा हुआ है। शुक्रवार 25 अप्रैल को उत्तर पश्चिम दिल्ली जिला के एसडीएम (कंझावला) कुतुब गढ़ गांव में मामले की जांच करने पहुंचे। गांववासियों ने खुलकर एसडीएम को गलियों के निर्माण में हुए घोटाले को दिखाया। एसडीएम गांव की कई नव निर्मित गलियों की बदहाल हालत देखकर दंग रह गये। उन्होंने मौके पर मौजूद नरेला जोन के एई और जेई को कड़े लहजे में घटिया निर्माण को लेकर सवाल पूछे। एमसीडी के इंजीनियरों के पास कोई जवाब नहीं था। ग्रामीणों ने नांगल ठाकरान वार्ड में घोटाले को कैसे अंजाम दिया गया इसकी डिटेल जानकारी एसडीएम को दी। कुतुब गढ़ वासियों ने एसडीएम को बताया कि एई और जेई ने कभी भी गांव में आकर गलियों के निर्माण में चल रही धांधली को रोकने की कोशिश नहीं की। भ्रष्टतंत्र ने एक गठजोड़ बनाकर घोटाले को अंजाम दिया। एसडीएम सब नोट करते रहे। डीएम उत्तर पश्चिम जिला और एसडीएम कंझावला ने अपनी रिपार्ट उपराज्यपाल को प्रेषित कर दी है, ऐसा बताया जा रहा है। गांव कुतुब गढ़ के प्रबुद्ध और जागरूक लोगों का कहना है कि इस घोटाले में शामिल दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होने तक पूरी एकजुटता से आवाज बुलंद की जाएगी।

### लापरवाही मिली तो मौके पर ही संस्पेड होंगे जेई, एई : महापौर



दिल्ली नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा बनाए गए मॉडल गांव कुतुबगढ की हाल ही में निर्मित गलियों में पाई गई अनियमितताओं को लेकर कहा कि जहां पर भी भ्रष्टाचार मिलेगा उसे बिल्कुल सहन नहीं किया जाएगा। स्वयं महापौर, निगमायुक्त सहित सभी अधिकारी मौके पर निरीक्षण करेंगे और निर्माण कार्य की तकनीकी रूप से जांच की जाएगी और निर्माण कार्य में लापरवाही मिली तो जेई, एई को मौके पर ही सस्पेंड किया जाएगा। गौरतलब है कि हरिभूमि ने कुतुब गढ़ गांव में गलियों के निर्माण में हुई धांधली की पोल खोली थी।

### बिजली की खपत में लगातार बढ़ोतरी, मांग का आंकड़ा पहुंचा 6 हजार मेगावाट के बेहद करीब

नई दिल्ली। गर्मी के इस सीजन में बिजली की मांग में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। शुक्रवार का बिजली खपत का आंकड़ा बढ़कर 6 हजार मेगावाट के बेहद करीब पहुंच गई है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार दोपहर 3.45 बजे बिजली की अधिकतम मांग 5780 मेगावाट पहुंच गई जिसके देर रात छह हजार के आंकड़े को पार करने का अनुमान जताया गया। जबकि गुरुवार को यह आंकड़ा 5737 मेगावाट रहा था। जबकि न्यूनतम मांग का आंकड़ा 3828 मेगावाट रहा जो गुरुवार को 3702 मेगावाट रहा था गर्मी बढ़ने की वजह से घरों, कार्यालयों में अब एसी चलाने में बढ़ोतरी होने से बिजली की मांग बढ़ रही है। जिसकी वजह से बिजली की मांग में अब बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। बिजली की बढ़ती मांग के साथ ही कई क्षेत्रों में विद्युत कटौती की शिकायतें भी बढ़ने लगी है। जहां एक तरफ कई क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली गुल होने लगी है, हालांकि कटौती का समय फिलहाल कम है।

### सूरज के बिगड़े तेवर, दिल्ली में पारा पहुंचा 43 डिग्री पार, अब लू की मार सहने को रहे तैयार

नई दिल्ली। सूरज के बिगड़े तेवरों के चलते शुक्रवार को दिल्ली में पारा 43 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया। दिनभर मौसम साफ रहने के कारण सूरज की तपती किरणें सीधे जमीन तक पहुंचती रही जिससे गर्मी बढ़ गई। अनुमान जताया गया है कि अब आने वाले दिनों में राजधानी में भीषण गर्मी के अलावा झुलसाने वाली लु लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। इस बारे में प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि शुक्रवार को रिज एरिया में अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो इस सीजन का सबसे ज्यादा तापमान है। आईएमडी ने बताया कि जबकि दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम का सामान्य तापमान से 1.1 डिग्री नीचे यानी राहत देने वाला दर्ज हुआ। आईएमडी ने बताया कि जहां एक तरफ दिन के समय अधिकतम तापमान सामान्य से कहीं अधिक पहुंच रहा है वही दूसरी तरफ न्यूनतम तापमान ठीक उलट सामान्य से नीचे दर्ज हो रहा है। इसका मतलब है कि दिन की तुलना में रात के समय मौसम राहत प्रदान करने वाला दर्ज हो रहा है। आईएमडी ने शनिवार के लिए येलो अलर्ट की सूचना जारी करते हुए अनुमान जताया कि दूसरे दिन भी पारा ऐसे ही परेशान करेगा। पारा 43 डिग्री से पार पहुंचने की संभावना है। लेकिन वीकेंड मतलब रविवार से पारे में मामूली कमी की संभावना बन सकती है। उसके बाद सोमवार से अगले चार पांच दिनों के दौरान राजधानी में सूरज के तेवर थोड़े नरम पड़ते नजर आ सकते है। बारिश की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है।

### मुख्यमंत्री ने दिल्ली अग्निशमन सेवा केंद्र का किया दौरा

# आधुनिक उपकरणों और नई फायर यूनिट्स से लैस होगी दिल्ली फायर सर्विस: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली फायर सर्विस को आधुनिक उपकरणों और नई फायर यूनिट्स से पूरी तरह लैस किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने फायर सर्विस के लिए 504 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है, जिसमें से 110 करोड़ का बजट नई मशीनरी और अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए निर्धारित किया गया है। यह बातें शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस स्थित दिल्ली फायर सर्विस मुख्यालय के दौरे के दौरान कही। इस दौरान सीएम के साथ दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि तंग गलियों वाले इलाकों के लिए विशेष रूप से 100 छोटी और तकनीकी रूप से सुसज्जित दमकल गाड़ियां तैनात की जाएंगी। फायर कंट्रोल रूम को कंप्यूटर एडेड डिस्पैच (कैड) सिस्टम से लैस किया जाएगा, जिससे सभी दमकल वाहनों की रियल टाइम ट्रैकिंग संभव हो सकेगी। सभी दमकल वाहनों में निगरानी कैमरे लगाए जाएंगे और कंट्रोल रूम को तकनीकी रूप से अपग्रेड किया जाएगा। कंट्रोल रूम के दमकल स्टाफ को आधुनिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिल्ली फायर सर्विस मुख्यालय के जर्जर भवन का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए सरकार द्वारा बजट भी स्वीकृत किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि फायर सर्विस के लिए शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कार्यों का विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। शॉर्ट टर्म कार्यों में स्टाफ की भर्ती, उपकरणों की मरम्मत और जन-जागरूकता अभियान शामिल हैं। सीएम ने बताया कि लॉन्ग टर्म कार्यों के तहत एक जीआईएस आधारित सेंट्रल पोर्टल विकसित किया जाएगा, दमकल वाहनों का आधुनिकीकरण किया जाएगा और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से अग्निशमन सेवा को वैश्विक स्तर की क्षमताएं प्रदान की जाएंगी। दिल्ली फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों जैसे एडब्लूटी वाहन, 32 मीटर टर्न टेबल लैडर और मिनी फायर-फाइटिंग रोबोट से सुसज्जित किया गया है, जो न केवल आपातकालीन स्थितियों में दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि फायरफाइटर्स की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करते हैं। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली अग्निशमन सेवा केवल आग की घटनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हर प्रकार की आपदा में निडरता और तत्परता के साथ दिल्लीवासियों की रक्षा करती है। आज दिल्ली फायर सर्विस के पास 86 फायर स्टेशन और 3000 से अधिक समर्पित कर्मी हैं, जो हर वर्ष लगभग 36,000 से अधिक आपातकालीन स्थितियों का सामना करते हैं। यह आंकड़ा देश के किसी भी अन्य महानगर की तुलना में सर्वाधिक है, जो इस बल की कार्यक्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### तंग गलियों के लिए 100 नई फायर पोस्ट स्थापित होंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य दिल्लीवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अग्निसुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए, हम फायर स्टेशनों की संख्या में विस्तार करेंगे और विशेषकर तंग गलियों के लिए 100 नई फायर पोस्ट स्थापित की जाएंगी, जहां अत्याधुनिक उपकरणों से लैस फायर यूनिट्स तैनात की जाएंगी। उन्होंने आगे बताया कि आवश्यकता अनुसार अग्निशमन कर्मियों की संख्या में भी वृद्धि की जाएगी, ताकि हर आपातकालीन घटना का समय रहते और प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।

## दो सांडों की लड़ाई में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- निगम प्रशासन सहित कई विभागों को दी शिकायत

दिल्ली की सड़कों पर आवारा पशु लोगों के लिए भारी परेशानी और मौत का कारण बन रहे हैं। ऐसा ही कुछ मामले नरेला विधानसभा के बूढ़पुर गांव से सामने आने के बाद ग्रामीण ने दिल्ली नगर निगम प्रशासन, एसडीएम सहित आदि विभागों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। स्थानीय ग्रामीण नगेंद्र प्रजापति ने बताया कि 23 अप्रैल 2025 को सांडों की लड़ाई के दौरान गांव के गांववासी गजेंद्र प्रजापति व्यक्ति की मौत हो गई और रमेश दहिया घायल हो गये। बाईक से दोनों किसी कार्य से जा रहे थे। साथ ही यह भी बताया कि करीब एक महीने पहले साईं मंदिर से बूढ़पुर की तरफ आ रहे दो मजदूरों को सांडों में बुरी तरह घायल कर दिया था जिसमें एक मजदूर को मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि बूढ़पुर गांव और कॉलोनी में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा हैं। बुजुर्गों और बच्चों ने हमले के डर से घर से निकलना बंद कर दिया है। गांव के अनकों लोगों को आवारा पशु घायल कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### यूपीएससी परीक्षा पास कनिष्क का स्वागत



**फरीदाबाद।** दो दिन पहले घोषित संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा के रिजल्ट में फरीदाबाद के सेक्टर-28 निवासी कनिष्क अग्रवाल द्वारा ऑल इंडिया 279वीं रैंक हासिल कर फरीदाबाद का नाम पूरे देश में रोशन किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलजीत कौशिक ने अपने साथी पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, राजा सैनी के साथ कनिष्क अग्रवाल को पौधा भेंट कर बधाई दी ।

### जीडीए ने अवैध निर्माणों को किया सील



**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण के खिलाफ जीडीए का अभियान जारी है।जोन 4 में दो अवैध निर्माण सील किए गए। प्रभारी प्रवर्तन के नेतृत्व में क्षेत्रान्तर्गत हरि कुमार अग्रवाल, दीपक रुहैला व अन्य हितबद्ध व्यक्ति द्वारा भूखण्ड पर आवासीय भवन में पिलर्स चेंज करते हुए आन्तरिक दीवारों को हटाकर पार्टीशन वाल बनाते हुए दुकान बनाई थी तथा सुधीर कुमार भूतल पर लगभग 200 वर्ग मी. क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत के निर्माण करने पर निर्माणों को बंद किया गया।

### 17 साल से फरार चल रहा आरोपी काबू



**गुरुग्राम।** अपने ही साथी की हत्या करने के मामले में 17 साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मध्यप्रदेश से काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान रमेश के रूप में हुई है। आरोपी राजमिस्त्री का काम करता है और वारदात के बाद से अलग-अलग स्थानों पर रह रहा था। 18 अगस्त 2007 को पैसों को लेकर मृतक से झगड़ा हुआ था। उसने रामलाल पर लाठी से प्रहार कर मौके से फरार हो गया था।

### लाखों के आभूषण और नकदी लेकर मेड फरार



**गुरुग्राम ।** सेक्टर-56 थाना एरिया में नेपाल मूल की मेड घर से करीब 10 लाख रुपए के आभूषण व डेढ़ लाख की नकदी लेकर फरार हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरिंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने घर काम करने के लिए 24 घंटे के लिए नेपाल मूल की आशू को 16 हजार रुपए प्रतिमाह पर रखा था। शक होने पर अलमारी की जांच की तो पाया, डेढ़ लाख व 10 लाख गहने गायब थे।

---

# राष्ट्र रक्षा मंच के आह्वान पर शहर से गांव तक गली-चौराहों पर निकला गया विरोध कैंडल मार्च

### जागृत हिंदू समाज, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आरडब्लूए द्वारा जताया विरोध

पहलगाम हमले की घटना से देशभर में आक्रोश व्याप्त है। दिल्ली एनसीआर में औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में राष्ट्र रक्षा मंच के आह्वान पर शहर से लेकर गांव तक जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए जिसके तहत केंडल मार्च, पाकिस्तान का पुतला जलाकर विरोध व्यक्त किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राष्ट्र रक्षा मंच के आह्वान पर शहर से गांव, गली, चौराहों पर निकला विरोध कैंडल मार्च निकाले गए। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में कलपुर्जों की नगरी के नागरिकों का गुस्सा उबाल पर है। पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा 27 निर्दोष पर्यटकों को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। यह भारत पर आतंकी हमला है जिसमें इतनी जाने गई। इस घटना से देशभर में आक्रोश व्याप्त है। दिल्ली एनसीआर में औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में राष्ट्र रक्षा मंच के आह्वान पर शहर से लेकर गांव तक जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए जिसके तहत केंडल मार्च, पाकिस्तान का पुतला जलाकर विरोध व्यक्त किया गया।




**पहलगाम की आतंकी घटना, पाकिस्तान का हिंदुस्तान पर सीधा हमला**

राष्ट्र रक्षा मंच के संयोजक बीआर भाटिया ने बताया कि पहलगाम की आतंकी घटना पाकिस्तान का हिंदुस्तान पर सीधा हमला है। इस घटना से पुरे देश में बड़ा आक्रोश है। हम सभी राष्ट्रहित में एकजुट हैं। इस घटना से बहुत विचलित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए पांच कड़े निर्णय से आतंक और आतंक को पनाह देने वालों की कमर टूटेगी। भाटिया द्वारा राष्ट्र रक्षा मंच के आह्वान पर पाकिस्तान के खिलाफ जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हमारी एक जुटता को दर्शाता हैं।

पहलगाम कश्मीर मे हुए आतंकी हमले के विरोध में फरीदाबाद के हिन्दू भाईयों ने सडक़ पर उतर कर पटेल चौक एस जी एम से 22 फुट रोड से होते हुए भागवत चौक एसजीएम नगर तक कैंडल मार्च निकाला। भागवत चौक पर पहुंच कर पाकिस्तान का पुतला फूंका। ग्रेटर फरीदाबाद के गांव ददसिया में सरपंच धर्मपाल के नेतृत्व में पहलगाम कश्मीर में निरीह, निरपराध महिला, पुरुषों और बच्चों पर अंधाधुंध गोलीबारी करके 27 हिन्दुओं के कत्लेआम के विरोध में रोष व्यक्त करते हुए कैंडल मार्च निकाला गया। सुबह 9.30 बजे तक अधिक से संख्या में जागृत हिंदू समाज, सभी धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आरडब्लूए इत्यादि की सहभागिता के साथ बी के चौक पर एकत्रित होकर बड़कल एसडीएम ऑफिस गोल्फ कोर्स पहुंचकर ज्ञापन दिया। पहलगाम में हुई हिंदुओं की जघन्य हत्याकांड के विरोध में सेक्टर 37 की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा किया गया विरोध प्रदर्शन और एसएचओ सराय ख्वाजा को ज्ञापन सौंपा।

---

### महाविद्यालय आने के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधा नहीं थी

# नचौली कॉलेज तक बस चलने पर प्राचार्य व छात्राओं ने मंत्री के प्रयास की सराहना की

राजकीय कन्या महाविद्यालय के छात्राओं के पास महाविद्यालय पहुंचने के लिए कोई भी सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उन्हें निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है और किराये-भाड़े में बहुत धन और समय खर्च करना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली में छात्राओं के लिए हरियाणा रोडवेज की स्पेशल बस सेवा शुरू होने पर प्रिंसिपल, स्टाफ एवं छात्राओं ने मंत्री राजेश नागर का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय नचौली में छात्राओं की बस सेवा संचालन की पुरानी मांग थी। जिसे प्राचार्या अर्चना वर्मा अपने स्टाफ के साथ मंत्री राजेश नागर से मिली थीं। उन्होंने मंत्री को अवगत कराया था कि छात्राओं के पास महाविद्यालय पहुंचने के लिए कोई भी सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उन्हें निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है और किराए पर बहुत धन और समय खर्च होता है। मंत्री राजेश नागर ने मौके पर ही महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज बल्लभगढ़ को फोन कर महाविद्यालय नचौली की छात्राओं के लिए स्पेशल बस सेवा शुरू करने के लिए कहा और परिवहन मंत्री एवं विभाग तक यह बात पहुंचाई। जिसके फलस्वरूप महाविद्यालय परिसर तक एक स्पेशल बस चलना शुरू हो गई जिसपर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। वहीं सभी ने बस संचालन शुरू करवाने में निर्णायक भूमिका निभाने वाले मंत्री राजेश नागर से मुलाकात कर उनका भी आभार जताया।

**अब पैसे एवं समय दोनों की बचत होगी**




मंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि नई स्पेशल बस सेवा शुरू होने से छात्राओं को बड़ी राहत मिलेगी और उनके पैसे एवं समय की बचत हो सकेगी जिसका इस्तेमाल है शिक्षा को प्राप्त करने में करेंगी। हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर व्यक्ति तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास बनाने में जुटी है। इसके लिए हम सब मिलकर काम कर रहे हैं जिसमें हमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पूरा आशीर्वाद मिल रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य अर्चना वर्मा ने उम्मीद जताई कि नई बस सेवा शुरू होने से नई शैक्षणिक क्षेत्र में और भी अधिक छात्राएं यहां प्रवेश लेने के लिए प्रेरित होंगी।

### पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ

**फरीदाबाद।** जहां आमतौर पर जन्मदिवस उत्सव और बधाईयों से भरे होते हैं, वहीं हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने आज अपने जन्मदिवस को राष्ट्र के प्रति एक संवेदनशील संकल्प दिवस में परिवर्तित कर दिया। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। निर्दोष नागरिकों पर हुए इस कायराना हमले में जिन मासूमों ने अपनी जान गंवाई, उनकी आत्मा की शांति व देश की एकता के लिए सेक्टर-15 स्थित सामुदायिक केंद्र में विशेष हवन का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि स्पष्ट संदेश था कि आतंक के विरुद्ध देश का हर नागरिक, जनप्रतिनिधि और संस्था पूरी मजबूती से खड़ी है। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने जन्मदिवस के अवसर पर किसी भी प्रकार के निजी उत्सव और सार्वजनिक अभिनंदन को रद्द कर यह स्पष्ट कर दिया कि राजनीति का असली स्वरूप सेवा, संवेदना व राष्ट्र धर्म से जुड़ा होता है।

- आतंकवाद के विरुद्ध संकल्प का दिन बना कैबिनेट मंत्री गोयल का जन्मदिवस

---

### जनहित योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं

# भाजपा जिला बल्लभगढ़ के सात मंडलों की हुई कार्यकारिणी की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा बल्लभगढ़ जिले के अध्यक्ष सोहनपाल सिंह की उपस्थिति में कार्यालय अटल कमल पर भाजपा जिला बल्लभगढ़ के 14 मंडलों में से 7 मंडलों मुजेसर मंडल, चावला कालोनी मंडल, पाली मंडल, डबुआ मंडल, जवाहर कालोनी मंडल, गौछी मंडल और छायंसा मंडल के अध्यक्षों कुलदीप मथारू, गौरव विरमानी, संदीप भडाना, गीता शर्मा, सुशील कुमार, प्रदीप दायमा और रिंकू सैनी ने अपने-अपने मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की।

#### हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़

जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ को मजबूत कर संगठन को मजबूत करें और अपने मंडल को सक्रिय बनाएं। सोहनपाल सिंह ने कहा कि मंडल कार्यकारिणी की घोषणा से संगठनात्मक कार्यों में तेजी आएगी और संगठन मजबूत होगा।

#### 33% महिलाओं को दी गई जिम्मेदारी

मंडलों की कार्यकारिणी में मंडल अध्यक्ष के अलावा दो महामंत्री, पांच उपाध्यक्ष, पांच सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक कार्यालय सचिव, मीडिया प्रमुख, सोशल मीडिया प्रमुख, आई टी प्रमुख और कार्यकारिणी सदस्यों समेत कुल 46 कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। मंडल कार्यकारिणी में 33 प्रतिशत महिलाओं को और अनुसूचित एवं पिछड़े वर्ग के कार्यकर्ताओं को भी स्थान दिया गया। बल्लभगढ़ के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, टिपर चंद शर्मा, कविन्द्र चौधरी और उपस्थित सभी नेताओं ने मंडल पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की।

---

## पहलगांव में आतंकी घटना के विरोध में गाजियाबाद में उबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकवादियों की दुर्दांत और अमानवीय घटना ने सम्पूर्ण राष्ट्र अभी भी गहरे शोक में डूबा है और देश की जनता का गुस्सा उबाल पर है। इस हृदय विदारक घटना के विरोध में कि दिल्ली से सटे हुए गाजियाबाद में शुक्रवार को आयोजित बंद का व्यापक असर दिखाई दिया। गाजियाबाद के पुराने शहर में तो पूरी तरह से कारोबार ठप रहा और बाजार बंद रहे। सभी व्यापार मंडल शुक्रवार को एकजुट दिखाई दिए। व्यापारियों ने चौपला पर धरना दिया। इस दौरान व्यापारियों ने इस घटना की निंदा की। साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फूंका।



व्यापारी नेताओं ने कहा कि इस साजिश में पाकिस्तान का हाथ है। भारत सरकार को अब पाकिस्तान के खिलाफ सबसे सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद

**गाजियाबाद।** गुरुवार की रात को थाना टीला मोड़ क्षेत्र के एक फार्म हाउस में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से वह पिस्टल भी बरामद कर लिया। डीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि ग्रीन वैली मैरिज फार्म हाऊस पर एक व्यक्ति द्वारा हर्ष फायरिंग की गई है ।

---

### अमित निषाद ने 92.83 अंक प्राप्त कर हासिल की छठी रैंक

# अनस 10वीं में व पीयूष 12वीं में जिला में आए प्रथम, घर पर बधाइयों का लगा तांता



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। गाजियाबाद में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल की परीक्षा का परिणाम 86.67 प्रतिशत रहा जबकि 12वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

इस बार कक्षा 10 में महर्षि दयानंद विद्यापीठ के छात्र अनस खान ने जिले में टॉप कर गाजियाबाद का नाम रोशन किया। अनस ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं महर्षि विद्या मंदिर के पीयूष गौड़ ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में इंटर टॉप की है। वहीं रोज बैल पब्लिक स्कूल के अमित निषाद ने 92.83 प्रतिशत अंक पाकर दसवीं कक्षा में छठी रैंक प्राप्त की है। अनस के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। शिक्षकों ने अनस की मेहनत और समर्पण की जमकर सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने एक छोटा-सा समारोह आयोजित कर अनस को सम्मानित किया, जहां छात्रों ने तालियों की गूंज के साथ उनका स्वागत किया।

#### आत्मविश्वास व समय प्रबंधन से मिली सफलता

अनस खान ने बताया कि उसने नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ इस सफलता को प्राप्त किया है। उसका कहना है, "मैंने कभी पढ़ाई को बोझ नहीं समझा। मेरी कोशिश थी कि हर विषय को समझ कर पढ़ूं और जो भी पढ़ूं, उसे मन लगाकर पढ़ूं। मेरे शिक्षक और परिवार का सहयोग मेरे लिए सबसे बड़ा सहारा रहा।" अनस भविष्य में अधिवक्ता बनना चाहता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि अनस जैसे छात्रों पर उन्हें गर्व है और वे आशा करते हैं कि वह भविष्य में न्यायपालिका में जाकर देश का नाम रोशन करेगा अनस के पिता सगीर खान किराना की दुकान संचालित करते हैं।

- 4 किराना दुकान चलाते हैं पिता सगीर खान । पढ़ाई को कभी भारी न समझने वाला अनस भविष्य में न्यायपालिका में जाकर लोगों की मदद के साथ देश का नाम रोशन करना चाहता है ।

उनका कहना है कि उन्होंने कभी भी अनस को पढ़ाई के लिए दबाव नहीं बनाया, बल्कि उसे प्रोत्साहित किया। रोज बैल पब्लिक स्कूल के अमित निषाद ने 92.83 प्रतिशत अंक पाकर दसवीं कक्षा में छठी रैंक प्राप्त की है। साथ ही इस स्कूल का कक्षा 10 का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के चेयरमैन जोगेंद्र नसिंह बग्गू ने सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी है।

---


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी | कार्य योजना 2025-26 के तहत सोहना निर्वाचन क्षेत्र जिला गुरुग्राम में 4 अदद सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत (I) गढ़ी बाजिदपुर से बेरका (आईडी नं. 9366), (II) पथेनी रो कालियाकी (आईडी नं. 5674), (III) रानिका से नाहरपुर (आईडी नं. 1240), (IV) डवाला ढाणी से मोधपुर अहीर (आईडी नं. 1246) + 1 कार्य। | 23.04.2025 02.05.2025 | 1.65 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416087474 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34202/I/88/7 दि. 25.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार प्योर टोन ऑडियोमीटर के 2 वर्षीय दर अनुबंध पर आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 24.04.2025 15.05.2025 | 1.38 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर सी-आर मशीन (लोअर एंड) की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 24.04.2025 15.05.2025 | 4.80 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34194/I/88/7 दि. 25.04.25

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, बडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 06 मई 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962006433 | सुरेन्द्र ना |
| शाखा का नाम : बाबियां | |
| 215362002892 | दीपक* |
| शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा | |
| 359562002654 | योगेश कुमार |
| 359562002657 | मनदीप सिंह |
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | |
| 359362002609 | विजय कुमार |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-16 | |
| 008362017590 | सुशील कुमार पांडे |
| शाखा का नाम : फतेहाबाद | |
| 093262005501 | विजय कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर | |
| 085862003012 | अमित कुमार |
| शाखा का नाम : कुरूक्षेत्र - पिपली रोड | |
| 249362001234 | संदीप कुमार |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : लाडवा, हरियाणा | |
| 359162002171 | महिन्दर कौर |
| शाखा का नाम : मुजेरी - आईएमटी सेक्टर-70 | |
| 779857000015 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : समालखा | |
| 204857000030 | धीरज धीरज |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073162003856 | सूरज तंवर |
| शाखा का नाम : बडोदरा - मकरपुरा | |
| 431257000017 | दीपक दूबे |

दिनांक : 26.04.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, फतेहाबाद, अम्बाला, फरीदाबाद, कुरूक्षेत्र, पानीपत
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **(1) अनीशा बेगम पत्नी नूर इलाही निवासी के-355, 07, सुंदर नगरी, दिल्ली एवं बादशाह का मकान, जी ब्लॉक, गली नं. 07, शास्त्री पार्क, दिल्ली, (2) आशमा पुत्री नूर इलाही निवासी के-355, 07, सुंदर नगरी, दिल्ली (3) वसीम पुत्र नूर इलाही निवासी के-355, 07, सुंदर नगरी, दिल्ली (4) शबनम पुत्री नूर इलाही निवासी के-355, 07, सुंदर नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 428/2020 U/S 498-A/406/506/34 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उपर्युक्त **सभी 4 अभियुक्त** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उपर्युक्त **सभी 4 अभियुक्त** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 428/2020 U/S 498-A/406/506/34 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों **(1) अनीशा बेगम (2) आशमा (3) वसीम (4) शबनम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री निधि बाला**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, महिला न्यायालय-03
कमरा नं.08, द्वितीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/5269/NE/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नंद किशोर** पुत्र श्री जय नारायण निवासी मकान संख्या आई-142, शिव राम पार्क, निहाल विहार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 230/2015 धारा 365/392 भा.द.स. थाना निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नंद किशोर** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नंद किशोर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.टी. प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 230/2015 धारा 365/392 भा.द.स. थाना निहाल विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नंद किशोर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.05.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 292,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/5256/OD/2025

## सीएम योगी टॉपर्स को करेंगे सम्मानित

यूपीएमएसपी की ओर से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर यूपी बोर्ड रिजल्ट के साथ ही टॉपर्स लिस्ट जारी कर दी गई है। इंटर में महक जायसवाल और हाई स्कूल में यश प्रताप ने टॉप किया है। राज्य में टॉप करने वाले विद्यार्थी को 1 लाख रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र एवं लैपटॉप/टेबलेट प्रदान किया जाएगा।

# 12वीं में महक जायसवाल, हाई स्कूल में यश प्रताप ने किया टॉप

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं रिजल्ट 2025 जारी हो गया है। नतीजों की घोषणा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के मुख्यालय में दोपहर 12:30 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। परिणाम जारी होने के साथ ही दोनों ही कक्षाओं के टॉपर्स के नामों की घोषणा भी हो चुकी है। जो भी विद्यार्थी राज्य में टॉप करेंगे उनको राज्य सरकार की ओर से नकद प्रोत्साहन राशि के साथ ही लैपटॉप/ टैबलेट देकर सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष 10वीं कक्षा में 90.11% विद्यार्थी और 12वीं कक्षा में 81.15% विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

### यश प्रताप सिंह के यूपी बोर्ड 10वीं में 97.83% अंक



यूपी बोर्ड 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.83 फीसदी अंक लाकर यश प्रताप सिंह ने टॉप किया है। वह जालौन जिले के उमरी गांव के रहने वाले हैं। यश ने उमरी के श्रीमती रसकेंद्री इंटर कालेज से पढ़ाई की है, जिसमें उनके पिता विनय प्रताप सिंह प्रिंसिपल हैं। यश ने बताया कि उन्होंने स्कूल की क्लास अटेंड करने के साथ घर पर प्रतिदिन करीब सात घंटे पढ़ाई की। उन्होंने बोर्ड परीक्षा के लिए कोई कोचिंग नहीं की। उन्हें अपनी सेल्फ स्टडी पर भरोसा था।

यश प्रताप सिंह ने कहा कि उन्हें टीवी पर कार्टून देखना पसंद है। खाली समय में क्रिकेट खेलते हैं। उनका सपना आईएएस बनकर देश सेवा करना है। यश के बड़े भाई अनुज बीएलएड कर रहे हैं। यश ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी में पिता और बड़े भाई का भरपूर सहयोग रहा।

### महक के यूपी बोर्ड 12वीं में 97.20% अंक



वहीं 12वीं कक्षा में प्रयागराज की महक जायसवाल ने टॉप किया है। महक ने 500 में से 486 अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। महक ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 97.20% अंक हासिल किए हैं। बच्चा राम यादव इंटर कॉलेज, भुलाई का पुरा, प्रयागराज की मेधावी छात्रा ने पूरे प्रदेश में नाम रोशन किया है। महक ने सभी विषयों में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें सबसे अधिक अंक (100 में से 99) भौतिकी और जीव विज्ञान में मिले हैं। इसके बाद, महक को रसायन विज्ञान में 98 अंक मिले हैं। हिंदी और अंग्रेजी में उन्हें 95-95 अंक मिले हैं। हालांकि, इंटरमीडिएट टॉपर को किसी भी विषय में सौ फीसदी अंक नहीं मिले हैं, बावजूद इसके उन्होंने पूरे प्रदेश में पहला स्थान सुरक्षित किया है।

### टॉपर्स को मिलने वाली राशि

गौरतलब है कि दोनों ही कक्षाओं में टॉप करने वाले स्टूडेंट्स को 1 लाख रुपये नकद, लैपटॉप या टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा जिला स्तर पर टॉप करने वाले स्टूडेंट्स को 21 हजार रुपये नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रास्ते में देर न होती तो हम जिंदा न होते

**लखनऊ।** आतंकी हमले वाले दिन हम भी पहलगाम जा रहे थे। रास्ते में देर हो गई तो एक होटल में रुक गए। होटल पहुंचकर आतंकी हमले की खबर मिली तो हमारा दिल दहल गया। उसी वक्त वहां से वापसी का फैसला किया, लेकिन होटल वाले ने रात का हवाला देकर हमें रोक लिया। हम रुक तो गए थे, लेकिन डर से पसीने-पसीने होते रहे। पूरी रात दहशत में गुजरी। लखनऊ पहुंचे सुमित चटर्जी ने अपनी आपबीती कुछ यूं ही सुनाई।



### तमंचा बनाने की फैक्ट्री समेत 5 पकड़े गए

**बागपत।** पुलिस ने चमरावल मार्ग पर इंद्रदेव इंस्टीट्यूट के पास अवैध तमंचा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। साथ ही पांच हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। एक पिस्टल, 19 तमंचे और 19 अधबने तमंचों के साथ कारतूस बरामद किए। चमरावल मार्ग पर इंद्रदेव इंस्टीट्यूट के पास से पुलिस ने सोहेल, सिद्धार्थ उर्फ वीशू, अंकुर, अनुज और सुशील को गिरफ्तार किया।



## नीतीश कैबिनेट की बैठक में 34 एजेंडों पर लगी मुहर

# 6 जिलों में एयरपोर्ट के लिए होगा सर्वे, कई विभागों में होगी भर्ती

बिहार खेल विश्वविद्यालय के संचालन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 244 पदों के सृजन की कैबिनेट से स्वीकृति मिली है। बिहार में आठ डिग्री कॉलेज भी खोले जाएंगे।

एजेंसी ▶▶ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार मंत्री परिषद की बैठक हुई। बैठक में कुल 34 एजेंडों पर मुहर लगी है। कई विभागों में बहाली के लिए पदों का सृजन किया गया है। वहीं मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मीकि नगर, भागलपुर एवं सहरसा हवाई अड्डे के निर्माण के सर्वे के लिए दो करोड़ 43 लाख 17 हजार 476 रुपए की मंजूरी मिली है। इस काम के लिए भारतीय विमानपत्तनम प्राधिकरण नई दिल्ली को चुना गया है।

बिहार सरकार बिहार में पहली बार 'खेलो इंडिया यूथ गेम 2025' का आयोजन करने जा रही है जो राज्य के लिए ऐतिहासिक होगा। 'खेलो इंडिया यूथ गेम 2025' के आयोजन के लिए कैबिनेट में मंजूरी मिल गई है। इस खेल में खर्च के लिए 119 करोड़ 4 लाख 79 हजार 429 रुपए की स्वीकृति कैबिनेट से दी गई है।

**खास बातें**

- हवाई अड्डे के निर्माण के सर्वे के लिए ढाई करोड़ की मंजूरी
- 'खेलो इंडिया यूथ गेम 2025' के आयोजन कैबिनेट में मंजूर

### बिहार खेल विश्वविद्यालय में 244 पदों का सृजन



पशु चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए 2159 पदों का सृजन हुआ है। राज्य की पशु चिकित्सा प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। वहीं राजगीर में स्थित बिहार खेल विश्वविद्यालय के संचालन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 244 पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है। बिहार में आठ डिग्री कॉलेज खोले भी जाएंगे। इनमें मधुबनी, गोरौल (वैशाली), शाम्हों (बेगूसराय), इमामगंज (गया), अधौरा (कैमूर), कटोरिया (बांका), असरगंज (मुंगेर) और चकाई (जमुई) शामिल है जहां डिग्री कॉलेज खोला जाना है। इन कॉलेजों के लिए 526 पदों पर बहाली के लिए मंजूरी दी गई है. इनमें से 422 पद शिक्षक कोटि के होंगे।

### मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम होगी विकसित

उधर सीतामढ़ी जिले में स्थित मां सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या की तरह विकसित किया जाए इसके लिए उसी डिजाइन कंसल्टेंट को चुना गया है जिसने राम मंदिर बनाया था। यह कंपनी नोएडा की मेसर्स डिजाइन एसोसिएट्स इनकॉरपोरेटेड है।

### महाधिवक्ता कार्यालय पटना में 40 पदों के सृजन की स्वीकृति

*महाधिवक्ता कार्यालय पटना में विभिन्न कोटि के लिए 40 पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है। इनमें 34 स्थायी और छह पद संविदा पर होंगे। वहीं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में 185 पदों के सृजन की स्वीकृति भी दी गई है। इनमें जिला भू अर्जन पदाधिकारी के 104 पद हैं और राजस्व पदाधिकारी सह कानूनगो के 81 पद हैं। गन्ना उद्योग विभाग में 19 पद सृजित किए गए हैं। इस तरह कई विभागों को मिलाकर 3,837 पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है।*

# कब होगा झारखंड में जमीन का सर्वे, हाई कोर्ट ने हेमंत सरकार से मांगी टाइमलाइन



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड हाईकोर्ट लैंड सर्वे पूरा करने को लेकर सख्त नजर आ रहा है। हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन सरकार से राज्य में जमीन सर्वे पूरा करने की टाइमलाइन मांगी है। इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने गुरुवार को राजस्व सचिव को शपथपत्र दाखिल कर टाइमलाइन देने का निर्देश दिया। इस मामले पर हाई कोर्ट में पेश हुए महाधिवक्ता ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि काम चल रहा है और कुछ जिलों में लैंड सर्वे पूरा कर लिया गया है।

### राज्य में 50 साल से हो रहा है सर्वे

झारखंड सरकार को टाइमलाइन देते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य में 50 साल से सर्वे हो रहा है, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं किया जा सका है। सर्वे समय से पूरा होने पर ही आम लोगों की जमीन सहित सरकार की जमीन की सुरक्षा संभव हो पाएगी। वर्ष 1975 में सर्वे शुरू हुआ था और 50 साल बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका। सरकार एक टाइमलाइन दे और बताए की सर्वे कब पूरा होगा। मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी।

### अमीन के कई पद रिक्त

झारखंड में लैंड सर्वे पर सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि झारखंड में लैंड सर्वे का काम चल रहा है। कुछ जिलों में लैंड सर्वे का काम पूरा हो गया है। अमीन के कई पद रिक्त हैं। तकनीकी कर्मचारियों की कमी के कारण सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। इस पर अदालत ने कहा कि जो कमियां हैं, उसे दूर कर सर्वे पूरा करें।

### 1975 से भूमि सर्वे की प्रक्रिया हुई थी शुरू

इस संबंध में गोकुलचंद ने जनहित याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 1932 में भूमि का सर्वे हुआ था। इसके बाद झारखंड में 1975 से भूमि सर्वे की प्रक्रिया शुरू हुई थी। पिछली सुनवाई में सरकार ने बताया था कि राज्य में सर्वे का काम चल रहा है। दो जिला लातेहार और लोहरदगा में सर्वे पूरा हो गया है। अब हाईकोर्ट के टाइमलाइन के बाद झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार काम में तेजी लानी पड़ेगी।

## पेज एक का शेष

### शिमला समझौते के रद्द....

चोटियों का इलाका भी आएगा, जहां 2003 से संघर्ष विराम लागू है और गोलीबारी नहीं हुई? इन सभी सवालों के जवाब में सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान के शिमला समझौते को रद्द करने के बाद जम्मू-कश्मीर में एलओसी के अस्तित्व पर ही सवालिया निशान लग गया है। साथ ही ग्राउंड (सियाचिन ग्लेशियर का इलाका शामिल) पर दोनों सेनाओं के बीच तनातनी के साथ आपसी वैमनस्य की भावना बढ़ेगी, आतंकी घुसपैठ, गोलीबारी की घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। वहीं, भारत की सेना पूरी मजबूती के साथ एलओसी व अन्य भागों के चप्पे-चप्पे पर तैनात है। लेकिन अब उसका अगला कदम पाकिस्तान के एक्शन के आधार पर ही तय होगा।

**समझौते में स्वीकार किए गए तथ्य:** सूत्रों ने बताया कि शिमला समझौते में भारत-पाकिस्तान ने यह स्वीकार किया था कि दोनों देशों के बीच किसी भी मामले का समाधान पूरी तरह से दोनों पक्षों द्वारा ही किया जाएगा। इनमें किसी तीसरे पक्ष यानी देश की कोई भूमिका नहीं होगी। कश्मीर के अंदर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को अमान्य करार दिया गया। पूर्व में तय की गई सीजफायर लाइन को नए नाम नियंत्रण रेखा के रूप में स्वीकार किया गया। दोनों देश इस बात पर राजी हुए कि एलओसी पर किसी प्रकार की कोई एकतरफा आक्रामक कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके अलावा शिमला समझौते के बाद ही भारत-पाक के बीच द्विपक्षीय व्यापार, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों की शुरुआत हुई। दोनों ने माना कि अब वह शांतिपूर्ण ढंग से अपने-अपने इलाके में रहेंगे।

**समझौता खत्म होने के दुष्परिणाम:** पाकिस्तान ने 1972 के बाद से लेकर आज तक शिमला समझौते का कभी गंभीरता से पालन नहीं किया। वर्तमान में इसे रद्द करने की घोषणा के जरिए उसकी कोशिश यह हो सकती है कि अब वह कश्मीर मामले का यूएन, चीन या ओआईसी जैसे मंचों के जरिए अंतरराष्ट्रीयकरण करे, कूटनीतिक दबाव बढ़ाएगा, ये समझौता आर्थिक-सांस्कृतिक रूप से नुकसानदायक रहेगा, सार्क समूह और कमजोर होगा, बिम्सटेक को भारत ज्यादा बेहतर ढंग से प्रोत्साहित कर सकता है। पाकिस्तान पर एफएटीएफ का दबाव बढ़ सकता है, दक्षिण एशिया में पाक के किनारे होने का खतरा बढ़ गया है। सूत्रों ने स्पष्ट किया कि छोटी अवधि के हिसाब से समझौते के खत्म होने के बाद पाक में राष्ट्रीयता की भावना जोर पकड़ सकती है। लेकिन दीर्घावधि के हिसाब से उसकी चुनौती बढ़ेगा, जिसमें जन असंतोष के साथ सैन्य तख्तापलट की भी संभावना है।

**हाईअलर्ट में सेना की तैयारी:** उधर, सेना एलओसी पर जिस हाईअलर्ट की मुद्रा में तैनात है। उसके दौरान मुख्य रूप से किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए उसकी लगभग सभी यूनिटों में जरूरी सैन्य तैयारी को हर लिहाज से चाक-चौबंद बनाए रखा जाता है। जिसमें करीब एक पखवाड़े तक सैन्य कर्मियों की पर्याप्त तैनाती, गोलाबारूद से लेकर ईंधन की उपलब्धता और फौज के लिए राशन का स्टॉक को बरकरार रखना शामिल है।

**सियाचिन ग्लेशियर में होगी गोलीबारी?:** सेना के सेवानिवृत अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच वर्ष 1949 में हुए कराची समझौते के साथ जम्मू-कश्मीर में सीजफायर लाइन (सीएफएल) की घोषणा की गई थी। इसके बाद दोनों के बीच 1965 और 1971 की दोनों लड़ाइयों तक यह जस की तस कायम रही। लेकिन 1972 में शिमला समझौते के साथ सीएफएल को एलओसी के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। भारत ने पाक के 93 हजार युद्ध बंदी लौटाए। लेकिन अब समझौता खत्म होने के साथ ही एलओसी के अलावा सियाचिन ग्लेशियर के इलाके में भी दोनों सेनाओं के बीच गोलीबारी देखने को मिल सकती है। जहां दोनों के बीच 2003 से संघर्ष विराम समझौता लागू है।

### उच्च स्तर की .....

दिया। इसके बाद जनरल द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात से शिष्टाचार भेंट की। जिसमें मुख्य रूप से सुरक्षा हालात की समीक्षा की गई और इलाके में सेना के साथ सक्रिय अन्य सुरक्षाबलों के साथ बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

### स्वतंत्रता सेनानियों पर...

जानते हैं कि महात्मा गांधी भी अंग्रेजों के साथ अपने संवाद में आपका वफादार सेवक जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते थे। गौर हो कि यह मामला कांग्रेस नेता की ओर से 17 नवंबर, 2022 को महाराष्ट्र के अकोला जिले में एक रैली में अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सावरकर पर की गई टिप्पणियों से उपजा है। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 4 अप्रैल को कहा था कि राहुल सत्र न्यायालय के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर कर सकते हैं, जिससे इस स्तर पर उच्च न्यायालय का हस्तक्षेप अनावश्यक हो जाता है।

### सिंघवी की दलील ....

आप स्वतंत्रता सेनानियों के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं करते। जब आपको भारत के इतिहास के बारे में कुछ भी पता नहीं है, तो आपको ऐसी कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

### हरियाणा के हर....

स्थापित किया गया है। इसके साथ ही हर जिले में भी इनोवेशन हब बनाए जा रहे हैं।

**जीवन के हर क्षेत्र में एआई का बड़ा महत्व:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र और विकास के हर पहलू में ए.आई. का बड़ा महत्व है। इसलिए हरियाणा में ए.आई. मिशन का गठन कर गुरुग्राम और पंचकुला में एक-एक हब स्थापित किया जाएगा। इनमें हरियाणा के 50 हजार से अधिक युवाओं और पेशेवरों को अति-आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे युवा नई नौकरियों और अवसरों के लिए तैयार हो सकेंगे। इस सम्मेलन में स्वदेशी शोध संस्थान, नई दिल्ली, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश और यूनिवर्सिटी ऑफ एग्डर, नॉर्वे के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

**हरियाणा की पहचान मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था:** सैनी ने कहा कि सम्मेलन न केवल एक वैचारिक मंच है, बल्कि यह सबकी साझा आकांक्षाओं, राष्ट्रीय लक्ष्यों और भविष्य की दिशा का निर्धारण करने का एक प्रेरक अवसर है। जनसांख्यिकी का उपयोग और रोजगार के लिए रणनीतियां बड़ा ही समसामयिक और प्रासंगिक है। जनसंख्या का सही उपयोग करने के लिए शिक्षा, उद्यमिता, नवाचार और युवा जनसंख्या स्थायित्व कारगर उपकरण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहचान मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था से है। हमारे किसान मेहनती और प्रगतिशील हैं, लेकिन बदलते समय के साथ यह जरूरी है कि खेती में भी नवाचार हो। हम होरिजोंटल फार्मिंग के साथ-साथ वर्टिकल फार्मिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। कृषि पर्यटन एक ऐसा नवाचार है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस क्षमता को देखते हुए फॉर्म पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा हैं।

### पीएम मोदी के....

का नतीजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल ऋणमुक्ति तक सीमित नहीं है। हम नवा रायपुर को ऐसा आदर्श शहर बनाना चाहते हैं, जो अपनी आधुनिकता, पारदर्शिता और टिकाऊ विकास मॉडल के लिए पूरे देश में उदाहरण बने। जहां कुछ राज्य कर्ज के बोझ से जूझ रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने यह दिखाया है कि सही नीति और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति से कोई भी प्राधिकरण आत्मनिर्भर बन सकता है। यह 'डबल इंजन सरकार' की उस अवधारणा का सशक्त उदाहरण है, जिसमें केंद्र और राज्य मिलकर विकास का ट्रैक तय कर रहे हैं।

### नीति परिवर्तन और...

का भरोसेमंद केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा, "यह शहर केवल भवनों का समूह नहीं, बल्कि भारत के आर्थिक आत्मबल का प्रतीक है।

### पाकिस्तान का स्टॉक...

'वी विल बैक सून' का मैसेज दिखने लगा। भले ही यह दावा किया गया कि वेबसाइट की रूटीन मेंटेनेंस का काम जारी है, लेकिन समय-समय पर बाजार में गिरावट के अफवाहों को हवा मिली और निवेशकों में और खौफ पैदा हो गया। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (आईएमएफ) ने भी अपने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में पाकिस्तान के विकास दर अनुमान को घटाकर 2.6 परसेंट कर दिया है। दरअसल, कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद भारत के जवाबी कार्रवाई करने के बाद पाकिस्तानी शेयर मार्केट में उथल-पुथल मची हुई है।

### शिवपुरी में विमान से...

किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। लेकिन जिस मकान पर यह वस्तु गिरी है। वहां करीब दस फुट गहरा गड्ढा हो गया है। उधर, सूत्रों ने बताया कि इस तरह की घटनाओं में सरकार की तरफ से क्षतिपूर्ति दी जाती है। यह घटना वायुसेना के एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान में शामिल विमान से अचानक भारी वस्तु के गिरने की वजह से हुई है। जिससे मकान का कुछ हिस्सा ध्वस्त हो गया।

### सऊदी अरब और ईरान....

वाले पड़ोसी देश हैं। जिनके बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और सभ्यता कालीन संबंध हैं। अपने अन्य पड़ोसियों की तरह हम उन्हें अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं। उन्होंने फारसी कवि सादी द्वारा सिखाई गई भावना का भी अपनी पोस्ट में विशेष तौर पर जिक्र किया।

## अक्षय प्रताप की मौजूदगी में पार्टी के सदस्य बने

# राजा भैया के दोनों बेटों की राजनीति में एंट्री

एजेंसी ▶▶ प्रतापगढ़

यूपी बाहुबली कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को दोनों बेटों की भी राजनीति में एंट्री हो गई है। राजा भैया के चचेरे भाई अक्षय प्रताप सिंह की मौजूदगी में दोनों बेटे शिवराज प्रताप सिंह उर्फ बड़े राजा और बृजराज प्रताप सिंह उर्फ छोटे राजा को जनसत्ता दल की सदस्यता दिलाई गई। कुंडा के बाबूगंज स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर केएन ओझा और प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज की उपस्थिति में जिलाध्यक्ष राम अचल वर्मा ने बड़े और छोटे राजा को पार्टी की सदस्यता का कूपन भरवाने के बाद प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई।

राजा भैया के दो बेटियां और दो बेटे हैं। दोनों बेटियां और दोनों बेटे



जुड़वा हैं। पत्नी भानवी सिंह से विवाद के बाद दोनों बेटियां मां के साथ रहती हैं। दोनों बेटे राजा भैया के साथ रहते हैं। जनसत्ता दल में शामिल होने से पहले भी राजनीतिक आयोजनों में दोनों बेटे राजा भैया के साथ अक्सर दिखाई देते रहते थे। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान तो दोनों पिता के प्रचार के लिए काफी सक्रिय भी दिखाई दिए थे।

बेटों के जन्म के समय राजा भैया तब दस महीने तक जेल में रहे और दोनों बेटों का लंबे समय तक मुंह नहीं देख सके थे।

# संजय निषाद से भिड़ा दारोगा एक्शन का मिला अल्टीमेटम

एजेंसी ▶▶ सोनभद्र

योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने पिछले दिनों खुलेआम यह कहकर सनसनी फैला दी थी कि कई दारोगाओं का हाथ-पैर तुड़वाने के बाद यहां तक पहुंचा हूं। उन्हीं संजय निषाद से शुक्रवार को सोनभद्र में एक दारोगा का विवाद हो गया। रैली निकाल रहे संजय निषाद के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हुई घटना से वह बेहद आक्रोशित हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक को तत्काल दारोगा के खिलाफ एक्शन का अल्टीमेटम दे दिया है। यह भी कहा कि कार्यकर्ता आक्रोशित हैं और रोड पर उतर जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मामले की शिकायत करने की बात कही है। संजय निषाद के अल्टीमेटम के बाद एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक को जांच सौंपी है।

संजय निषाद इन दिनों संवैधानिक अधिकार न्याय यात्रा



निकाल रहे हैं। यात्रा सोनभद्र में पहुंची थी। इसी दौरान बढ़ौली चौक पर रैली में आगे चल रहे डीजे वाहन को साइड में खड़ा करने के लिए यातायात प्रभारी दारोगा अविनाश सिंह ने कहा दिया तो विवाद हो गया।

कार्यकर्ताओं ने वाहन साइड करने से साफ इनकार कर दिया। इसी दौरान बाइक से रैली में शामिल होने संजय निषाद भी पहुंच गए। उन्होंने अपने तरीके से दारोगा को समझाया। यहां तक कह दिया कि तुम जैसे अधिकारियों की वजह से ही भाजपा हार रही है। कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनने पर संजय निषाद दारोगा पर बुरी तरह बिफर गए।

## शिक्षा के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान बना रहे

# शाहजहांपुर जेल में बंदियों की बदली जिंदगी 3 यूपी बोर्ड में लाए फर्स्ट डिवीजन, एक सेकेंड

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के रिजल्ट देखकर स्कूल के छात्र-छात्राएं ही नहीं जेलों में बंद बंदी भी सफल हुए हैं। जेल में रहकर इन बंदियों ने पढ़ाई की और हाई स्कूल, इंटर की परीक्षा दी। रिजल्ट को देखकर बंदी भी खुशी से उछल पड़े। हम बात कर रहे हैं यूपी के शाहजहांपुर जिले की। यहां बंद कई बंदियों ने यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इंटर मीडिएट की परीक्षा दी थी, जो सफल हुए हैं। इनमें से तीन बंदियों ने प्रथम स्थान और एक बंदी ने द्वितीय स्थान पाया है। बंदियों की इस सफलता से जेल



प्रशासन भी प्रसन्न नजर आया। बंदी दानिश खान हाई स्कूल की परीक्षा में 74% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी पास की बंदी दलबीर ने हाई स्कूल की परीक्षा 71% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में पास की। बंदी धर्मेंद्र ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हाई स्कूल की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की, बंदी अजीत सिंह ने इंटरमीडिएट की परीक्षा 45% अंकों से अधिक अंक पाकर पास की।

### बदले हुए माहौल में बंदी लगातार नए-नए कार्य कर रहे

शाहजहांपुर जेल में जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के आने के बाद बदले हुए माहौल में बंदी लगातार नए-नए कार्य कर रहे हैं। वह शिक्षा के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान बना रहे हैं। पिछले वर्ष भी सभी बंदी पास हुए थे और एक बंदी ने सम्मान सहित प्रथम श्रेणी प्राप्त की थी। शाहजहांपुर जेल में बंदियों को अपराध से विमुख करने के लिए अनेक प्रकार के सुधारवादी कार्य किए जा रहे हैं जिसमें बंदियों को निरक्षर से साक्षर, साक्षर बंदियों को आगे पढ़ाई जारी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।

### बंदियों को दी जाती उच्च शिक्षा

उन्हें पढ़ने के लिए पाठ्य पुस्तक, पाठ सामग्री एवं अध्यापकों की व्यवस्था की जाती है। इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी एवं दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के जरिए बंदियों को उच्च शिक्षा दी जाती है। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के साथ- एनआईओएस का भी केंद्र स्थापित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है जिससे बंदी सीबीएसई की तरह ही परीक्षा देकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा बंदियों में कंप्यूटर शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।



# प्रदीप कुर्बाह को मिला मास्को में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड

**मुंबई।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और फिल्म निर्माता प्रदीप कुर्बाह ने 47वें मास्को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दो बड़े अवॉर्ड्स जीते हैं। उनकी फिल्म 'हा लिंग्खा बेनग' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता और कुर्बाह को खुद सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि ये पुरस्कार नेटवर्क फॉर प्रमोशन ऑफ एशियन सिनेमा (एनईटीपीएसी) की तरफ से दिए गए। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने निर्देशक कुर्बाह को इस कामयाबी के लिए बधाई दी है। कुर्बाह की में तारीफ मुख्यमंत्री ने कहा कि रूस में कुर्बाह की कामयाबी मेघालय के सभी लोगों के लिए फख्र की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने फिल्म के लिए कुर्बाह को 30 लाख रुपए की मदद दी है।

लाइफ Style

# पत्रलेखा

## इन किरदारों में खूब जमाया रंग

पत्रलेखा अभिनीत फिल्म 'फुले' तमाम विवादों के बाद शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने समाज सुधारक और क्रांतिकारी सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है। इस फिल्म से पहले भी पत्रलेखा ने अपनी फिल्मों में ऐसे रोल किए, जिन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था। जानिए उन फिल्मों के नाम।

एजेंसी ⏭ मुंबई

साल 2014 में पत्रलेखा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म का नाम था 'सिटीलाइट्स', जिसे हंसल मेहता द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फिल्म में अभिनेत्री एक ग्रामीण महिला के किरदार में नजर आईं थीं, जो मुंबई में परिस्थितियों से लड़ती हैं और अपने परिवार को संभालती हैं। फिल्म में पत्रलेखा के अलावा राजकुमार राव भी मुख्य भूमिका में हैं। विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म 'लव गेम्स', साल 2016 में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने डार्क भूमिका अदा की है, जो अपने पिछले अनुभवों के कारण टूट चुकी हैं।

अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी 'आईसी 814 द कंधार हाईजैक' वेब सीरीज, साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज की कहानी साल 1999 में हुए इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 814 के हाईजैक पर आधारित है। इसमें अभिनेत्री पत्रलेखा ने इद्रानी नाम के एयर होस्टेस की भूमिका निभाई है। इस वेब सीरीज में पत्रलेखा के अलावा विजय वर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं। साल 2019 में अश्विन शेट्टी के निर्देशन में पत्रेलखा अभिनीत फिल्म 'बदनाम गली' बनी। यह एक ड्रामा कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने एक प्रेग्नेंट महिला की भूमिका निभाई है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर महिला हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'गोल्डन ग्लोब्स' का फिर करेंगी मेजबानी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो में से एक, गोल्डन ग्लोब्स का 83वां संस्करण 11 जनवरी 2026 को बेवर्ली हिल्टन में आयोजित होगा। आयोजकों ने हाल ही में इसकी घोषणा की। मशहूर कॉमेडियन निक्की ग्लेसर एक बार फिर इस शो की मेजबानी करेंगी। 2025 में निक्की ने गोल्डन ग्लोब्स की पहली सोलो महिला होस्ट बनकर इतिहास रच दिया था। अब वह 2026 में दोबारा यह जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्साहित हैं। आयोजकों के अनुसार साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों और टीवी शोज के लिए नामांकन की घोषणा 8 दिसंबर 2025 को होगी। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक अवॉर्ड्स का पूरा शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा। निक्की ने अपने बयान में मजाकिया अंदाज में कहा, 'इस साल गोल्डन ग्लोब्स की मेजबानी मेरे करियर का सबसे मजेदार अनुभव था।



# तीन साल की डेटिंग के बाद तीसरी शादी कर सकते हैं ब्रैड पिट?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट अब जल्द ही तीसरी शादी के बंधन में बंध सकते हैं। उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड को शादी के लिए प्रपोज किया और हो सकता है कि इन गर्मियों के आखिर तक दोनों शादी की घोषणा भी कर दें। 61 वर्षीय अभिनेता ब्रैड पिट ने 32 वर्षीय ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रमोन को न्यूजीलैंड में अपनी फिल्म की शूटिंग में जाने से पहले शादी के लिए प्रपोज किया। ब्रैड अब अपने पुराने रिश्तों और एंजेलिना जोली के साथ लंबे तलाक से अलग हो चुके हैं और अब वह तीसरी शादी करना चाहते हैं। ब्रैड इस बात की कदर करते हैं कि इनेस ने उनके मुश्किल समय में उनका साथ दिया। अगर वह इनेस से शादी करते हैं तो यह ब्रैड की तीसरी शादी होगी। इससे पहले वे जेनिफर एनिस्टन और एंजेलिना जोली से शादी कर चुके हैं। जेनिफर से 2005 में तलाक हुआ, जबकि एंजेलिना के साथ उनकी शादी 2014 में हुई, लेकिन 2016 में तलाक की अर्जी के बाद 2024 में यह पूरी तरह खत्म हुआ। इनेस के साथ ब्रैड का रिश्ता कुछ अलग है क्योंकि वे मनोरंजन जगत से नहीं हैं। ब्रैड को ऐसा साथी पसंद है, जो उनके साथ किसी भी तरह का कोई कम्पटीशन न करे।



# कश्मीरी ड्रैस में दिख रही एक्ट्रेस को था सलमान पर क्रश

**नई दिल्ली।** पूनम ढिल्लों ने यश चोपड़ा की फिल्म त्रिशूल से डेब्यू किया था। त्रिशूल के बाद से पूनम ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका करियर आगे बढ़ता चला गया। पूनम ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने सलमान को सलीम खान के घर पर देखा था। उन्होंने कहा था- सलमान मुझसे कुछ साल छोटे थे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि वो बड़े स्टार बनेंगे। मैंने प्यार किया के बाद से पूनम को सलमान पर क्रश था। उन्होंने अपने पति से कहा था- सलमान कितना क्यूट है। आज भी पूनम को सलमान का चार्म पसंद है। पूनम ढिल्लों ने अशोक ठकारिया से शादी की थी। दोनों 1988 में शादी के बंधन में बंधे थे। तलाक के बाद पूनम को अनमोल और पलोमा की कस्टडी मिली थी। उन्होंने अपने बच्चों की खुद परवरिश की और कभी दूसरी शादी न करने का फैसला लिया। अब उन्हें शादी पर विश्वास नहीं रहा।



# श्री श्री रविशंकर का रोल करेंगे विक्रांत मैसी

**मुंबई।** अपनी पिछली फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। अब उनकी अगली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। इस फिल्म में वो आध्यात्म का रास्ता अपनाकर, शांति का पाठ पढ़ाते दिखेंगे। खास बात यह है कि अपनी अगली फिल्म में विक्रांत आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है और उनके फैंस को उनका एक नया अंदाज देखने को मिलेगा। विक्रांत मैसी अभिनीत इस अंतरराष्ट्रीय फिल्म का नाम है 'व्हाइट', जिसे मोंटू बस्सी द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। इस फिल्म की शूटिंग की तैयारियां कोलंबिया में चल रही है। इसी साल जुलाई से फिल्म की शूटिंग शूरू होने वाली है। फिल्म की कहानी की बात करें तो यह एक आधुनिक शांति निर्माण का एक अनसुना अध्याय होगा।

## टीवी मसाला



# शब्बीर अहलूवालिया के नए शो का प्रोमो आया सामने

**नई दिल्ली।** कुमकुम भाग्य से फेमस हुए एक्टर शब्बीर अहलूवालिया अपने नए शो के साथ तैयार हैं। वह सोनी सब ने अपने आगामी रोमांटिक कॉमेडी शो 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में नजर आने वाले हैं, जिसका दिलचस्प टीजर सामने आया है। यह शो ह्यूमर और भावनाओं का ताजा मिश्रण पेश करता है और पारिवारिक जीवन की हलचल के बीच प्यार के परिवर्तनकारी ताकत को दर्शाता है। मेकर्स ने प्रोमो शेयर करते हुए लिखा- सोच की तकरार, ऊपर से दो लड़ते भिड़ते परिवार। देखिए युग और कैरी की अनोखी कहानी उफ्फ ये लव है मुश्किल जल्दी ही सिर्फ। टेलीविजन के चहेते स्टार शब्बीर अहलूवालिया इस अनोखे शो में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। टीजर से ही यह साफ हो जाता है कि शबीर कुछ नया और अलग करने की चाह में हैं। 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' न सिर्फ शबीर के करियर का एक दमदार नया अध्याय है, बल्कि सोनी सब के विविधतापूर्ण कार्यक्रमों की लिस्ट में भी यह शो एक अनोखा स्थान बनाएगा। सोनी सब के आगामी शो में युग सिन्हा की भूमिका निभा रहे, शब्बीर अहलूवालिया ने कहा, 'मैं टेलीविज़न पर वापसी करके बेहद उत्साहित हूं, खासकर ऐसे किरदार के साथ जो मेरी अब तक निभाई गई किसी भी भूमिका से बिल्कुल अलग है।

# जो ना कर सका कोई भी सीरियल वो सीआईडी ने कर दिखाया

**नई दिल्ली।** सीआईडी छोटे पर्दे के लोकप्रिय शोज में से एक हैं, जो काफी वक्त से टीवी पर चलता आ रहा है। सीआईडी सीरियल में अक्सर कई तरह के बदलाव भी देखने को मिलते रहते हैं। इस बार शो के अंदर बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, जो आज तक ना किसी दूरदर्शन के सीरियल में देखने को मिला ना ही अन्य सीरियल्स में।



क्राइम शो सीआईडी ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अपने पहले मूक एपिसोड की घोषणा की है। यह खास एपिसोड एक अत्याधुनिक एस्केप रूम, 'द साइलेंट डेन' में सेट है, जहां एक जन्मदिन उत्सव अचानक रहस्यमयी और खतरनाक मोड़ ले लेता है। इस एपिसोड में सीआईडी टीम बिना संवादों के, केवल इशारों, नजरों, निगरानी फुटेज और फोरेंसिक साक्ष्यों के सहारे सच का पता लगाने की कोशिश करती है। सीनियर इंस्पेक्टर दया का किरदार निभाने वाले अभिनेता दयानंद शेट्टी ने इस अनूठे अनुभव के बारे में कहा, 'सीआईडी के इतने सालों में हमने कई जटिल मामलों को सुलझाया, लेकिन यह मूक एपिसोड वाकई अनोखा है।

# हॉरर-कॉमेडी 'कंपकंपी' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से बॉलीवुड में हॉरर-कॉमेडी फिल्में खूब बन रही है। जल्द ही दर्शकों को इसी जॉनर की एक फिल्म 'कंपकंपी' भी देखने को मिलेगी। इस फिल्म में श्रेयस तलपदे और तुषार कपूर लीड रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म का जो टीजर रिलीज हुआ, उसमें वैंपायर की झलक मिलती है, साथ ही कुछ लोगों का आत्मा से सामना होता है।

फिल्म 'कंपकंपी'23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में तुषार और श्रेयस के अलावा भी एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। फिल्म में सोनिया राठी, वरुण पांडे जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। हॉरर के रंग में रंगी इस फिल्म में कॉमेडी भरपूर है, यह बात टीजर की चंद सीन्स में ही पता चलती है। टीजर की शुरुआत में



कुछ लोगों के साथ मिलकर ओइजा बोर्ड पर श्रेयस तलपदे का किरदार आत्माओं से संपर्क करने की कोशिश करता है। इसी वजह से आगे चलकर सभी लोग मुश्किल में पड़ जाते हैं। श्रेयस के अलावा फिल्म में तुषार कपूर भी हैं। श्रेयस और तुषार मिलकर कॉमेडी का तड़का फिल्म में लगा रहे हैं। फिल्म 'कंपकंपी' के साथ एक टैगलाइन लिखी है, 'आत्मा जी दर्शन दो ना।' फिल्म के टीजर में भी जब-तब आत्मा के होने का अहसास होता है। इस फिल्म को संगीत सिवन ने निर्देशित किया है।

# केसरी चैप्टर 2 और ग्राउंड जीरो के बाद इन फिल्मों में दिखेगा देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** हाल ही में रिलीज हुई अक्षय कुमार की 'केसरी चैप्टर 2' ने सिनेमाघरों में देशभक्ति की लहर पैदा कर दी है। जलियांवाला बाग हत्याकांड की सच्चाई बताने वाली इस फिल्म ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है। वहीं, आज यानी 25 अप्रैल को इमरान हाशमी की 'ग्राउंड जीरो' ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी है। यह फिल्म बीएसएफ अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे की वीरता की कहानी को पर्दे पर लेकर आई है, लेकिन यह सिलसिला यहीं रुकने वाला नहीं है। आने वाले समय में कई ऐसी फिल्में दर्शकों के सामने होंगी, जो देशभक्ति और साहस की भावना को और मजबूत करेंगी।

### इक्कीस

फिल्म 'इक्कीस' साल 1971 के भारत-पाक युद्ध के हीरो सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की वास्तविक कहानी पर आधारित है। अरुण को मरणोपरांत परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म में अगस्त्य नंदा नजर आएंगे।





### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की '120 बहादुर' 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांगला की लड़ाई पर आधारित है। यह फिल्म मेजर शैतान सिंह और उनकी 120 सैनिकों की टुकड़ी की कहानी है, जिन्होंने 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का सामना किया था। इस युद्ध में शहीद हुए मेजर शैतान सिंह को मरणोपरांत परम वीर चक्र मिला था। यह फिल्म सैनिकों के अदम्य साहस को श्रद्धांजलि देगी। फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### बॉर्डर 2

साल 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल 'बॉर्डर 2' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे इस फिल्म में भारतीय सेना के जवानों का किरदार निभाएंगे। 1971 के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म सैनिकों की वीरता और देशप्रेम को फिर से जीवंत करेगी। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी।

# 1980 तक कश्मीर था सिनेमा का पसंदीदा ठिकाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 38 साल बाद बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' की स्क्रीनिंग ने इतिहास रच दिया। यह पहली बार था जब इतने लंबे समय बाद कश्मीर में किसी हिंदी फिल्म का रेड कार्पेट प्रीमियर हुआ, लेकिन इसके ठीक चार दिन बाद, 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन घाटी इलाके में हुए आतंकी हमले ने एक बार फिर कश्मीर को दहला दिया। यह घटना 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमलों में से एक है। आतंकवादी हमलों का असर जम्मू कश्मीर के इलाकों ही नहीं, बल्कि वहां प्रीमियर होने वाली फिल्मों पर भी पड़ा है। आइए समझते हैं कि कश्मीर से सिनेमा इतने वर्षों तक क्यों दूर रहा...

## जानिए कश्मीर से क्यों दूर रहा सिनेमा?

### 1980 के अंत में सब कुछ बदल गया

1960 और 1970 के दशक में कश्मीर हिंदी सिनेमा की शूटिंग के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक था। डल झील, गुलमर्ग के बर्फीले पहाड़ और श्रीनगर की खूबसूरत वादियां बॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा बनती थीं। जंगली, कश्मीर की कली, और बॉबी जैसी फिल्में यहां शूट हुईं। श्रीनगर में कई सिनेमाघर भी थे, जैसे रीगल, पल्लैडियम और नीलम, जहां लोग फिल्में देखने के लिए उत्साहित रहते थे, लेकिन 1980 के अंत में सब कुछ बदल गया।



### आतंकवाद ने सिनेमा को कर दिया गायब

1980 के दशक के अंत में कश्मीर में आतंकवाद ने जोर पकड़ा। 1989-90 में हालात इतने खराब हो गए कि आतंकियों ने सिनेमाघरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। आतंकवादी संगठनों ने सिनेमा को गैर-इस्लामिक बताकर सिनेमाघरों को बंद करने की धमकी दी। कई सिनेमाघरों में आग लगा दी गई, जैसे श्रीनगर का रीगल सिनेमा। कुछ सिनेमाघरों को गोदाम या दुकानों में बदल दिया गया। लोगों में डर बैठ गया और सिनेमा हॉल खाली होने लगे। जो लोग फिल्म देखना चाहते थे, उन्हें 300 किलोमीटर दूर जम्मू जाना पड़ता था। इस दौरान कश्मीर में फिल्मों की शूटिंग भी बंद हो गई।

### 1990 से 2020 तक पूरी तरह गायब रहा सिनेमा

1990 के बाद से कश्मीर में सिनेमा पूरी तरह गायब हो गया। आतंकवाद, अशांति और कर्फ्यू के कारण न तो फिल्में शूट हुईं और न ही सिनेमाघर खुले। इस दौरान कश्मीर की छवि एक संघर्षग्रस्त इलाके की बन गई। बॉलीवुड ने भी कश्मीर को अपनी कहानियों से दूर रखा। हालांकि, कुछ फिल्में जैसे मिशन कश्मीर (2000) और हैदर (2014) में कश्मीर का बैकग्राउंड दिखाए गए, लेकिन इनकी शूटिंग भी ज्यादातर कश्मीर के बाहर हुई। सिनेमाघरों की हालत इतनी खराब हो गई कि 2010 तक श्रीनगर में एक भी काम करने वाला सिनेमा हॉल नहीं बचा था।

### 2022 में सिनेमाघरों की वापसी

2022 में कश्मीर में सिनेमाघरों की वापसी की कोशिश शुरू हुई। श्रीनगर के शिवपोरा इलाके में एक मल्टीप्लेक्स खोला गया, जो 31 साल बाद घाटी का पहला सिनेमा हॉल था। इसके बाद सरकार ने कश्मीर को फिर से पर्यटन और सिनेमा का केंद्र बनाने की कोशिशें तेज कीं। 2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद हालात कुछ हद तक सामान्य होने लगे थे, जिसके चलते फिल्ममेकर्स ने कश्मीर की ओर रुख किया। इस दौरान सिंहासन खाली है (2023) और आर्टिकल 370 (2024) जैसी फिल्मों की शूटिंग यहां हुई।

### 38 साल बाद हुई 'ग्राउंड जीरो' की स्क्रीनिंग

18 अप्रैल 2025 को श्रीनगर के इनॉक्स थिएटर में फिल्म ग्राउंड जीरो का रेड कार्पेट प्रीमियर हुआ, जो 38 साल बाद कश्मीर में पहली बार किसी बॉलीवुड फिल्म की स्क्रीनिंग थी। यह फिल्म एक बीएसएफ ऑफिसर नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी है, जिन्होंने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड गाजी बाबा को मार गिराया था। फिल्म में इमरान हाशमी मुख्य भूमिका में हैं। इस स्क्रीनिंग में बीएसएफ जवानों को खास तौर पर आमंत्रित किया गया था। इमरान हाशमी ने इसे कश्मीर के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया और कहा कि इससे कश्मीर में सिनेमा की वापसी को बढ़ावा मिलेगा।

### पहलगाम हमला और फिर डर का माहौल

'ग्राउंड जीरो' की स्क्रीनिंग के बाद अन्य बॉलीवुड फिल्ममेकर्स से अपील की गई थी कि वे भी कश्मीर में अपनी फिल्मों का प्रचार करें और स्क्रीनिंग करें, इस मुद्दे को जोर मिल ही रहा था कि पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर जगती हुई उम्मीद को डर के साए तले रौंद दिया।

## खबर संक्षेप



### भागीदारी फर्मों के लिए नए प्रावधान बताए

**भोपाल।** किसी भी भागीदारी फर्म में कम से कम दो एवं अधिक से अधिक 20 भागीदार हो सकते हैं। कोई अवयस्क भी भागीदार बन सकता है, परंतु वह केवल लाभ में भागीदार हो सकता है हानि में नहीं। यह जानकारी टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल के स्टडी सर्किल कार्यक्रम में इंदौर से आए सीए संस्था की केंद्रीय समिति के सदस्य सीए पंकज शाह ने कही। कार्यक्रम के अंत में पहलगाम में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष बच्चन आचार्य आदि मौजूद रहे।

### एमपी पुलिस की हॉक फोर्स में बढ़ेगा अमला

**भोपाल।** नक्सलियों से निपटने के लिए बनी एमपी पुलिस की हॉकफोर्स के अमले में अब इजाफा होगा। इसके लिए 325 नए पदों को मंजूरी दे गई है। इसकी एक स्पेशल कमांडो यूनिट है। इसमें अभी 1200 जवान है, जो नए पदों के भरने के बाद 1500 से अधिक हो जाएंगे। दरअसल हॉकफोर्स में प्रतिनियुक्ति पर लेकर पद भरने की प्रक्रिया है। जिला पुलिस बल, जीआरपी और एसएएफ से 5 साल की प्रतिनियुक्ति पर जवानों को लिए जाएगा। हॉकफोर्स के जवानों के लिए स्पेशल भत्ता भी निर्धारित है।

### दो माह के अंतराल से राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का होगा आयोजन

# सीएम ने कहा, हर परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराएं

**एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाए। तेल घानी, मसाला-आटा चक्की, कोदो-कुटकी व अन्य मिलेट की प्र-संस्करण इकाई जैसे सूक्ष्म उद्योगों से युवाओं को जोड़ते हुए सम्पूर्ण प्रदेश में समान रूप से उद्यमिता का विस्तार किया जाए।

इसमें खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश एमएसएमई विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में विभागी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के लिए उचित वित्त-व्यवस्था और अधोसंरचना, स्वरोजगार योजनाओं और स्टार्ट-अप ईको सिस्टम को सशक्त करते हुए बेहतर विपणन, निर्यात व ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर गतिविधियां संचालित की जाए।

#### खास बातें

- प्रदेश के सभी अंचलों में समान रूप से उद्यमिता का हो विस्तार
- परंपरागत उत्पादन गतिविधियों का विशेषज्ञों के सहयोग से उन्नयन किया जाए
- ग्वालियर व्यापार मेला-में 3 हजार 327 करोड़ रुपए का हुआ व्यापार



#### 55 हजार करोड़ के निवेश से 17 लाख 55 हजार एमएसएमई इकाइयां संचालित

बैठक में जानकारी दी गई कि 55 हजार करोड़ रुपए के निवेश से प्रदेश में 17 लाख 55 हजार पंजीकृत एमएसएमई इकाईयां संचालित हैं। इससे 92 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 5 हजार 300 स्टार्ट-अप संचालित हैं, जिसमें से 2500 से अधिक महिलाओं की ओर से संचालित किए जा रहे हैं। अनुपूरक बजट के माध्यम से प्राप्त 1475 करोड़ रुपए की राशि से एमएसएमई इकाईयों के मार्च 2025 तक के लंबित अनुदानों का निराकरण किया जा चुका है। ग्वालियर व्यापार मेला-2025 में 3 हजार 327 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। निवेशकों को लैण्ड बैंक से अवगत कराने के लिए विभागीय वेबसाइट के माध्यम से जानकारी दी जा रही है, लगभग 1100 से अधिक प्लॉट एक मई से आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे।

#### 27 जून को इंदौर में एमएसएमई पर केंद्रित भव्य कार्यक्रम आयोजित

*निवेशकों को शासन की नीतियों से अवगत करवाने के लिए जिलेवार कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में विभाग की उपलब्धि लक्ष्य से अधिक रही है। एमएसएमई डे के अवसर पर 27 जून को इंदौर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पर केन्द्रित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार सितम्बर माह में भोपाल में स्टार्ट-अप पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित करने की भी योजना है।*

#### कृषि उपज मंडियों में दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की होगी सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उपज मंडियों को भी आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसमें दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसकी शुरूआत रतलाम से होगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित मप्र की संकल्पना को साकार करने में एमएसएमई उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से सूक्ष्म स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहित करना जरूरी है। इस क्षेत्र में मप्र वर्तमान में देश में 7 वें स्थान पर है, अगले वर्ष तक हमें प्रदेश को देश के श्रेष्ठतम राज्यों में स्थान दिलाना है।

#### अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दो माह के अंतराल में राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए। पॉवरलूम सहित अन्य परम्परागत उत्पादन गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करना आवश्यक है। इसी लिये विशेषज्ञों का सहयोग लेकर कौशल उन्नयन तथा तकनीकी दक्षता में सुधार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कैम्प आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। अपनी पहल और नवाचार से सफलतापूर्वक गतिविधियां संचालित करने वाले उद्यमियों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाए। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।*

### नई सोच के साथ जन सहभागिता के लिए हो प्रयास



लोगों में पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायित्व की भावना समय की जरूरत

## पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति हर नागरिक संवेदनशील हो: पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जन सहभागिता के लिए नवाचार और नई सोच के साथ प्रयास किए जाने चाहिए। पर्यावरण संतुलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समय से काफी चिंतन हो रहा है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग अभी भी चुनौती बनी हुई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हर व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायी बनाने के समन्वित प्रयास किए जाए। पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति समाज संवेदनशील हो। राज्यपाल पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को की 13 वीं साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता भी मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि सामाजिक वातावरण हर व्यक्ति, समुदाय को पर्यावरण संतुलन के लिए सजग और सक्रिय बनाने वाला हो।

#### जन चेतना के जुड़ जाने की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण इंदौर

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि सरकार के कार्यक्रमों में जन चेतना के जुड़ जाने की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण इंदौर शहर है। लगातार 7 बार से देश का सबसे स्वच्छतम नगर की उपलब्धि नगर निगम के एकल प्रयासों का परिणाम नहीं है। यह नगर निगम और इंदौर के नागरिकों के सहभागी प्रयासों का प्रतिफल है। नागरिकों का स्वच्छता आग्रह और स्वच्छता के प्रति जन चेतना की सक्रियता का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने गुजरात के कच्छ इलाके के ग्रामीण विद्यालय के शिक्षक दम्पती की छोटी सी पहल से होने वाले बड़े बदलाव का उल्लेख किया।*

#### समाज में बच्चों की वित्तीय सुरक्षा के लिए बैंकों में धन राशि जमा करते हैं

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि समाज में बच्चों की वित्तीय सुरक्षा के लिए बैंकों में धन राशि जमा करते हैं। यह नहीं समझते कि यदि पर्यावरण नहीं रहेगा तो जीवन ही नहीं रहेगा। इसलिए ज्यादा जरूरी पर्यावरण संतुलन की चिंता है।*

## सोहना में लिंगानुपात पर जागरूकता अभियान चलाया

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सोहना ब्लॉक के अकलीमपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कम लिंगानुपात पर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन से एस.एस.ओ. अंकित कुमार, डॉ. ब्रह्मदीप सिंधु (निदेशक, चिकित्सा विभाग, हरियाणा), डॉ. अलका सिंह (सी.एम.ओ., पलरा), डॉ. अनुषा, डॉ. नूतन यादव (चिकित्सा अधिकारी प्रभारी), रंजन दास (केयरिंग फॉर इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट), डॉ. विकास स्वामी (क्षेत्र प्रभारी), सुधांशु भारद्वाज (सरपंच, अकलीमपुर), ओम वीर शर्मा (एस.एम.सी. सदस्य, जी.एम.एस. अकलीमपुर), दीपक सैनी (प्रधानाध्यापक, जी.एम.एस. अकलीमपुर),आशा, ए.एन.एम., आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, और समुदाय से महिलाओं और पुरुषों की भागेदारी रही। यह जागरूकता अभियान उन गाँवों में चलाया जा रहा है जहाँ लिंगानुपात 700 से कम है। अभियान का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि लड़की को जन्म देना बोझ नहीं बल्कि गर्व की बात है और कन्या भ्रूण हत्या घोर पाप है। समाज को आगे आकर इस कुप्रथा को रोकने में अपना योगदान देना चाहिए। इस समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा छापेमारी भी की जा रही है और इसमें शामिल लोगों को, चाहे वे व्यक्ति हों या डॉक्टर, पकड़कर उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है। अगर कोई व्यक्ति कन्या भ्रूण हत्या से जुड़ी कोई सूचना स्वास्थ्य विभाग को देता है तो उसकी पहचान गोपनीय रखी जाती है और सरकार उसे एक लाख रुपये का इनाम देती है।




## संस्कृत से संस्कृति का ज्ञान- प्रोफेसर हरप्रीत कौर

**नई दिल्ली।** माता सुंदरी महाविद्यालय का संस्कृत विभाग, संस्कृत भारती दिल्ली प्रांत के संयुक्त तत्त्वावधान में 23 अप्रैल 2025 से 3 मई 2025 तक 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर हरप्रीत कौर ने संस्कृत के प्रचार के लिए संस्कृत भारती के कार्यों की सराहना की तथा 1008 स्थलों पर संस्कृत संभाषण शिविर आयोजित करने के कदम को ऐतिहासिक बताया।उन्होंने संस्कृत बोलने के लिए बच्चों को उत्साहित किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जाकिर हुसैन महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सचिन जी तथा संस्कृत भारती के प्राध्यापक रजनीश जी थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मोनिका मिश्रा ने किया। इस अवसर पर संभाषण शिविर की नोडल अधिकारी डॉ हर्षा कुमारी तथा संस्कृत विभाग के अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित थे।



## पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की जघन्य हत्या पर दुःख : सुशील श्रीवास्तव



**नई दिल्ली।** पहलगाम में धर्म पूछकर हत्या करने के मामले को जम्मू-कश्मीर में हिंदुओं का पलायन पार्ट-2 की तरह माना जा रहा है. केंद्र सरकार की घाटी में शांति, कश्मीर पंडितों की वापसी और पर्यटन को बढ़ाने की कोशिशों को इससे करारा झटका लगा है. इसे घाटी से एक बार फिर हिंदुओं को डराकर भगाने की साजिश के तौर पर लिया जा रहा है। पहलगाम में आतंकवादियों के अटैक से ज्यादा धर्म पूछकर हत्या करने के तरीके ने दहशत फैलायी है। इससे एक बार फिर घाटी में हिंदुओं का जाने और रहने पर असर पड़ेगा! दिल्ली में राष्ट्रीय मुख्यधारा का सामाजिक संस्था नवीन डिजास्टर रेस्क्यू फाऊंडेशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटको कि जघन्य हत्या पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा है कि हम जम्मू-कश्मीर और देश के सभी लोगों से इस जघन्य आतंकी हमला के खिलाफ विरोध की मजबूत आवाज उठाने का आह्वान करते हैं। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटको कि हत्या पुरे मानवता की हत्या है ।



## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ हो वैश्विक एक्शन का ऐलान

आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है, केवल सामूहिक निंदा से बात नहीं बनेगी। पहलगाम में जिस बर्बरता से टार्गेटेड आतंकी हमला हुआ है और बेकसूर सैलानियों को सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया है, वह बिना सुनियोजित साजिश व ट्रेनिंग संभव ही नहीं है। हमलावर आतंकवादी फौजी तरीके से प्रशिक्षित थे और अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। प्रारंभिक जांच में पहलगाम आतंकी हमले की साजिश के तार पाकिस्तान से जुड़ते दिख रहे हैं, अतीत में अनेक आतंकी हमलों में पाकिस्तान का हाथ रहा है। भारत ने विश्व के सामने आतंकवाद के प्रायोजक पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत अनेक बार दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका व यूरोप ने अनेक पाक आतंकी को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कर रखा है, वे आज भी पाक में हैं। फ्रांस स्थित एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) ने टेरर फंडिंग को लेकर पाकिस्तान को कई बार ब्लैकलिस्ट किया है व ग्रे लिस्ट में डाला है। इसलिए दुनिया के सामने साफ है कि दुनिया में कौन देश आतंकवाद को पाल-पोस रहा है, कौन भारत के खिलाफ आतंकवाद कर रहा है? संयुक्त राष्ट्र ने देर से ही सही पर यथार्थ कहा है कि विश्व को पहलगाम जैसे आतंकवाद की सार्वजनिक रूप से निंदा करनी चाहिए और नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। लेकिन बड़ा सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद के वैश्विक रूप को स्वीकार करने में ही बहुत देर की, यहां तक कि इसे परिभाषित तक नहीं कर सका है। संयुक्त राष्ट्र ने तब तक आतंकवाद को ग्लोबल खतरा नहीं माना जब तक कि अमेरिका में 9/11 नहीं हो गया व यूरोप अनेक बार लहूलुहान नहीं हो गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति पर 'बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ' नजर रख रहे हैं। इस तरह के बयान से साफ है कि आतंकवाद पर यूएन के रुख में अभी भी स्पष्टता नहीं है। वह पाकिस्तान की गतिविधियों को करीब से नहीं देख रहा है। असल में संयुक्त राष्ट्र अगर आतंकवाद के वैश्विक खतरे के प्रति सजग है, तो इस वैश्विक संस्था को चाहिए कि वह दहशतगर्द में लिप्त देश को आतंकवादी देश घोषित करे। इजराइल ने हमास के आतंकवाद को झेला और दुनिया ने देखा कि किस तरह से हमास के आतंकियों ने बेकसूर इजराइलियों की हत्या की, ठीक पहलगाम में आतंकी हमले की तरह। उस वक्त भी संयुक्त राष्ट्र ने एक वैश्विक संस्था के नाते आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का सार्वजनिक आह्वान नहीं किया। इजराइल ईरान प्रायोजित आतंकवाद हमास, हिजबुल्ला और हूती के हमलों का सामना लंबे समय से कर रहा है। विश्व में इस्लामिक स्टेट, अलकायदा, अल शबाब, हमास, हूती, हिजबुल्ला, तालिबान, टीटीपी, हिज्बुल, लश्कर, जैश जैसे सैकड़ों आतंकी गुट हैं, जिनके बारे में व्यापक जानकारी संयुक्त राष्ट्र के सामने है, लेकिन इन टेरर गुटों के खात्मे के लिए यूएन की तरफ से कभी भी सामूहिक आह्वान देखने को नहीं मिला है। यह वक्त आंसू बहाने या सहानुभूति जताने का नहीं है, आतंकवाद व आतंकी गुटों के खिलाफ वैश्विक एक्शन का है। इसमें संयुक्त राष्ट्र को अगुवाई करना चाहिए। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस जैसे ताकतवर देशों को यूएन की छतरी के नीचे आतंकवाद के खात्मे के लिए एक मंच पर आना चाहिए। भारत आतंकवाद के खिलाफ मुस्तैदी से लड़ रहा है, पहलगाम हमले के गुनहगारों व साजिशकर्ताओं को नहीं बख्शेगा।

# सिंधु जल संधि पर भारत का कड़ा रुख



**प्रतिक्रिया**
अरविंद जयतिलक

> गौर करें तो 1960 के सिंधु जल समझौते के तहत भारत अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। भारत जब भी अपने हिस्से का जल इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, पाकिस्तान रुकावट पैदा करने की कोशिश करता है। याद होगा वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने भारत की किशनगंगा और पन बिजली परियोजनाओं को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी थी और आपत्तियों को मध्यस्तता अदालत में ले जाने का प्रस्ताव किया था। अब भारत का स्पष्ट रुख है कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को प्रश्रय देने से बाज नहीं आता है तब तक उसे भारत सिंधु जल समझौते के स्थगित होने का दर्द सहना पड़ेगा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत ने पाकिस्तान पर शिकंजा कसते हुए 1960 की सिंधु जल संधि को तुरंत प्रभाव से स्थगित कर दिया है। भारत का यह कड़ा रुख इसलिए भी आवश्यक था कि आतंकवाद को प्रश्रय देने के मामले में पाकिस्तान अपने रुख से बाज आने को तैयार नहीं है। वैसे भी गौर करें तो 1960 के सिंधु जल समझौते के तहत भारत अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। भारत जब भी अपने हिस्से का जल इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, पाकिस्तान रुकावट पैदा करने की कोशिश करता है। याद होगा वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने भारत की किशनगंगा और पन बिजली परियोजनाओं को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी थी और आपत्तियों को मध्यस्तता अदालत में ले जाने का प्रस्ताव किया था। अब भारत का स्पष्ट रुख है कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को प्रश्रय देने से बाज नहीं आता है तब तक उसे भारत सिंधु जल समझौते के स्थगित होने का दर्द सहना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि सिंधु जल समझौते के मुताबिक सतलुज, ब्यास और रावी नदी का पानी भारत को मिला है जबकि चेनाव, झेलम और सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान के हिस्से में है। इन नदियों के कुल 16.8 करोड़ एकड़-फुट पानी में से भारत को उसके लिए आवंटित तीनों नदियों से 3.3 करोड़ एकड़-फुट पानी मिलता है, जो कुल जल का 20 प्रतिशत है। भारत अपने हिस्से का करीब 93-94 प्रतिशत पानी उपयोग करता है और शेष पानी बहकर पाकिस्तान में चला जाता है। भारत अपने हिस्से के जल का इस्तेमाल करने के लिए पंजाब के शाहपुर कांडी बांध परियोजना, सतलुज-ब्यास की दूसरी लिंक परियोजना और जम्मू-कश्मीर में प्रस्तावित उज्ज बांध परियोजना को जल्द पूरा करने की कोशिश में है। अगर ये तीन परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं तो भारत अपने हिस्से के जल का पूरा उपयोग करने लगेगा और पाकिस्तान को अतिरिक्त जल मिलना मुश्किल हो जाएगा। सिंधु दुनिया की सबसे बड़ी नदियों में से है और इसकी लंबाई तकरीबन 3000 किलोमीटर से भी अधिक है। पाकिस्तान ने सिंचाई एवं अन्य कार्यों में जल के उपयोग के लिए इस पर कई बांध बना रखे हैं जिससे बड़े पैमाने पर बिजली का उत्पादन होता है। पाकिस्तान की 2.6 करोड़ एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई इन नदियों के जल पर ही निर्भर है। सिंधु जल संधि सद्भावना पर आधारित है। यह जल संधि आधुनिक विश्व के इतिहास का सबसे उदार जल बंटवारा संधि है और यह भारत के उदार रवैए के कारण ही संभव हुआ। जानना जरूरी है कि विश्व बैंक की मध्यस्थता से ही 19 सितंबर 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को आकार दिया गया। सिंधु जल संधि समझने के लिए दो बातों पर विशेष ध्यान देना होगा। एक, यह कि सिंधु नदियों की व्यवस्था राजनीतिक विभाजन की दृष्टि से नहीं बनायी गयी थी। इसीलिए भौगोलिक दृष्टि से विभाजन के उपरांत पाकिस्तान को 18 मिलियन एकड़ भूमि सिंचाई योग्य मिली और भारत को 5 मिलियन एकड़ सिंचाई वाली भूमि उपलब्ध हुई। तब सिंधु नदी क्षेत्र में भारत की 20 मिलियन जनसंख्या रहती थी जबकि पाकिस्तान की इस प्रकार की आबादी 22 मिलियन थी। दूसरा, यह कि इस सिंधु नदी क्षेत्र में कुल



सात नदियां सम्मिलित थी जिसमें से सिंधु स्वयं पश्चिम में थी तथा काबुल एवं उसकी पांच सहायक नदियां-झेलम, चिनाब, रावी, सतलुज और व्यास पूर्व में स्थित थी। इनमें से काबुल को छोड़ सिंधु, झेलम और चिनाब मुख्य रूप से पाकिस्तान में बहती हैं तथा ये सिंधु क्षेत्र में लगभग 80 फीसद पानी को बहा ले जाती हैं। दूसरी ओर रावी व सतलुज मुख्य रूप से तथा ब्यास पूर्ण रूप से भारत में बहती हैं। संधि के मुताबिक भारत को इन छह नदियों का 80 फीसद जल पाकिस्तान को देना पड़ता है जबकि भारत के हिस्से में सिर्फ 19.48 फीसद पानी आता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब के राजनीतिक विभाजन के कारण नहरी पानी विवाद सतह पर उभरा। यह विवाद 1 अप्रैल, 1948 को तब उभरा जब भारत के पंजाब प्रांत को सरकार ने पानी की रकम अदायगी न करने के कारण पाकिस्तान जाने वाला पानी रोक दिया। परंतु दोनों सरकारों ने इसे कानूनी मुद्दा न बनाते हुए द्विपक्षीय स्तर पर 4 मई, 1948 को हुए समझौते के अंतर्गत हल कर लिया। लेकिन कुछ समय बाद फिर विवाद उत्पन्न हो गया। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत उसे पानी की उचित मात्रा नहीं दे रहा है। दूसरी ओर भारत ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान अपने पंजाब प्रांत के विकास हेतु अपने साधनों के द्वारा वैकल्पिक स्रोत नहीं तलाश रहा है। यहां जानना जरूरी है कि ये नहरें आर्थिक दृष्टिकोण से उस समय बनायी गयी थी जब भारत के विभाजन का विचार किसी की सोच में नहीं था। लेकिन भारत विभाजन के उपरांत नहरों के पानी का असंतुलित विभाजन उभरकर सामने आ गया। ध्यान देना होगा कि पंजाब की पांचों नदियों में से सतलुज और रावी दोनों देशों के मध्य से बहती हैं। झेलम और चिनाब पाकिस्तान के मध्य से और व्यास पूर्णतया भारत में बहती है। किंतु भारत विभाजन के उपरांत भारत के नियंत्रण में वे तीनों मुख्यालय आ गए जिनसे दोनों देशों की नहरों को पानी की आपूर्ति की जाती थी। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत सिंचाई के लिए इन नहरों पर आश्रित हैं।

विभाजन के उपरांत पाकिस्तान के मन में आशंका उपजी कि भारत जब चाहे तब पानी बंद करके उसे भूखों मार सकता है। लिहाजा उसने विभाजन के बाद नहरी पानी को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसी संदर्भ में अमेरिका के एक विशिष्ट विशेषज्ञ डेविड लिलियेन्थल ने 1951 में भारत का दौरा करके बताया कि सिंधु नदी जल का 20 फीसद से भी कम भाग प्रयोग में लाया गया है तथा इस नदी के संग्रह क्षेत्र में से गुजरता हुआ छह नदियों का यह पानी बिना प्रयोग किए ही अरब सागर में गिर जाता है। लिहाजा उन्होंने दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए दोनों देशों को सलाह दी कि वे इस समस्या को राजनीतिक स्तर से हटाकर तकनीकी एवं व्यापारिक स्तर पर सुलझाने का प्रयास करें। इसके लिए उसने विश्व बैंक से मदद लेने की सिफारिश की। इस संदर्भ में सितंबर 1951 में विश्व बैंक के अध्यक्ष यूजीन ब्लेक ने मध्यस्थता करना स्वीकार कर लिया लेकिन पाकिस्तान ने कुछ आपत्तियां जतायी। बावजूद इसके यूजीन ब्लेक और उसके बाद मिस्टर इल्कि के सहयोग से वर्षों तक बातचीत चलने के उपरांत 19 सितंबर, 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच जल के सवाल पर एक समझौता हो गया। इस समझौते को सिंधु जल संधि नाम दिया गया। इस समझौते पर भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु और पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए। 12 जनवरी 1961 को इस संधि की शर्तें लागू कर दी गयी और इस प्रकार दोनों देशों के बीच विवाद का अंत हो गया। लेकिन इस योजना के अनुसार भारत को केवल इस क्षेत्र में बहने वाले पानी का कुल 20 फीसद ही प्राप्त हुआ जो इसकी सिंचाई योग्य 26 मिलियन एकड़ भूमि के लिए पर्याप्त नहीं है। इस समझौते से भारत को नुकसान हो रहा है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

**जल समझौता**
मुनीष भाटिया



# सिंधु जल पर विराम, पाक प्रायोजित आतंक पर प्रहार

पहलगाम के आतंकवादी हमले में पाकिस्तान के हाथ होने के मद्देनजर भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का निर्णय लिया। यह हमला, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों द्वारा भारतीय सुरक्षा बलों पर हमला किया गया था, भारत-पाकिस्तान संबंधों में तनाव को और बढ़ा दिया है। भारत ने पर्यटकों पर हमले को पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का एक और प्रयास माना और इसके परिणामस्वरूप, सिंधु जल समझौते के तहत पाकिस्तान को मिलने वाले जल संसाधनों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता महसूस की। इस निर्णय से भारत ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि आतंकवाद और हिंसा के माध्यम से शांति की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। भारतीय सरकार ने यह स्पष्ट किया कि यदि पाकिस्तान ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया और शांति की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो भारत को अपने जल संसाधनों के उपयोग में बदलाव करने का पूरा अधिकार है। सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई एक ऐतिहासिक जल बंटवारा संधि है, जिसे विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत के प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षरित किया था। यह संधि सिन्धु नदी प्रणाली की छह नदियों सिन्धु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास और सतलुज के जल बंटवारे से संबंधित है। संधि के अनुसार, भारत को पूर्वी नदियों (रावी, व्यास, सतलज) के जल पर पूर्ण अधिकार मिला, जबकि पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब) का प्रमुख उपयोग करने का अधिकार दिया गया। सिंधु जल संधि के तहत, छह प्रमुख नदियों सिन्धु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास, और सतलुज के जल का बंटवारा किया गया।

संधि के अनुसार, भारत को पूर्वी नदियां (रावी, व्यास, और सतलुज) मिलीं, जो कुल जल का 62% हिस्सा हैं। इसके विपरीत, पाकिस्तान को पश्चिमी नदियाँ (सिंधु, झेलम, और चिनाब) मिलीं, जिनका कुल जल बंटवारा 38 फीसदी था। भारत को इन पश्चिमी नदियों के जल का सीमित उपयोग करने की अनुमति थी, विशेष रूप से पनबिजली परियोजनाओं और सिंचाई के लिए। यह बंटवारा दोनों देशों के बीच जल उपयोग के विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, और यह संधि अब तक एक सफल और स्थायी जल समझौते के रूप में मानी जाती है। संधि में जल विवादों के समाधान के लिए एक स्थायी आयोग और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की व्यवस्था की गई है। सिंधु जल संधि का उल्लंघन द्विपक्षीय तनाव बढ़ा सकता है और राजनीतिक विवाद उत्पन्न कर सकता है। यदि कोई पक्ष संधि के नियमों का उल्लंघन करता है, तो दूसरे देश की जल आपूर्ति, कृषि और पनबिजली उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है, विशेषकर पाकिस्तान जैसे देश के लिए जो सिंधु नदी प्रणाली पर अत्यधिक निर्भर है। इससे अंतरराष्ट्रीय विवाद और आरोप-प्रत्यारोप बढ़ सकते हैं, और युद्ध जैसी स्थिति की धमकी तो पाकिस्तान दे ही रहा है। जब पाकिस्तान बार-बार आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देता है, तब यह सवाल उठता है कि भारत क्यों सिंधु जल संधि जैसे समझौतों का पालन करता रहे। भारत का संयम उसकी परिपक्वता, लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है, लेकिन यह भी सच है कि पाकिस्तान को शांति की जिम्मेदारी समान रूप से निभानी होगी। भारत के पास सिंधु जल संधि के प्रावधानों की समीक्षा करने का विकल्प है, और वह पश्चिमी नदियों के जल का पूर्ण और वैध उपयोग कर सकता है, जिससे पाकिस्तान पर दबाव डाला जा सकता है। भारत की छवि केवल उसके शांतिपूर्ण रवैये से नहीं, बल्कि उसके संप्रभु हितों की रक्षा करने की क्षमता से बनती है। समय आ गया है कि भारत इस संधि की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करे कि शांति की जिम्मेदारी दोनों देशों पर समान रूप से हो, सिर्फ भारत पर नहीं। यदि भारत पश्चिमी नदियों का जल संचय करना चाहता है, तो उसे बड़े बांधों और जलाशयों का निर्माण करना होगा। इसके अलावा, पानी के वितरण के लिए नहर प्रणालियों और सुरंगों का नेटवर्क बनाना होगा। जल प्रबंधन के दौरान पर्यावरणीय प्रभावों का भी ध्यान रखना होगा। हालांकि, भारत के पास जल के लिए प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन जल प्रबंधन की स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और नदी प्रणालियों का संचालन आवश्यक होगा। इस प्रकार, भारत को जल का संतुलित और कुशल उपयोग करना होगा ताकि न केवल पानी का संचय किया जा सके, बल्कि भविष्य में जल संकट की स्थिति से भी बचाव हो सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
**दर्शन**

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

# महिला के शुभ कदम



संकलित
**प्रेरणा**

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान होजाता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी**

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। **–प्रदीप साहू, भाटापारा**

## ट्रेंड

**के. कस्तूरीरंगन को नमन**



वैज्ञानिक व शिक्षाविद् डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के निधन से बहुत दुःख हुआ। बहुमुखी प्रतिभा के धनी कस्तूरीरंगन ने इसरो के प्रमुख के रूप में भारत के अंतरिक्ष मिशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और शिक्षा, कानून और नीति निर्माण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

**छात्र-छात्राओं को बधाई**



10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई! आप सभी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ निश्चय से यह सफलता प्राप्त की है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

**सर्वदलीय बैठक**



शर्मनाक लेकिन अपेक्षित, पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में शिवसेना (उबाठा) का एक भी सांसद नहीं आया। जब देश को सुरक्षा पर एक आवाज की जरूरत है, तो रोजाना माइक पर चिल्लाने वाले अचानक चुप हो जाते हैं।
- मिलिंद देवड़ा, सांसद, शिवसेना


**हमलों से स्तब्ध**



पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमलों से स्तब्ध और बहुत दुखी हूँ। प्रभावित परिवार एक अकल्पनीय पीड़ा से गुजर रहे होंगे - भारत और दुनिया इस अंधेरे समय में उनके साथ खड़ी है।
-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

## करंट अफेयर

# तुर्किये गैलीपोली दिवस में शामिल हुई राजकुमारी



ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर–जनरल सामंथा जॉय मोस्टिन ने 110 साल पहले अपनी जान गंवाने वाले ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के सैनिकों को प्रथम विश्व युद्ध के युद्धक्षेत्रों के निकट तुर्किये के गैलीपोली प्रायद्वीप में श्रद्धांजलि दी। यह सभा एक समुद्र तट के निकट हुई, जहां ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड सेना कोर या 'एंजैक' के कर्मी 25 अप्रैल, 1915 को भोर में पहली बार गैलीपोली में उतरे थे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन ने युद्ध की मानवीय कीमत और भविष्य में संघर्ष को रोकने के महत्व पर बात की। लक्सन ने कहा, ''एंजैक सैनिक आधी दुनिया पार करके अपने भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यहां तट पर आए थे। कुछ घर से दूर रोमांच की उम्मीद में आए थे लेकिन उन्हें रोमांच नहीं बल्कि खौफ का सामना करना पड़ा।'' उन्होंने कहा, ''अगर हम इस अभियान का असली सबक भूल जाते हैं, तो यह उन लोगों के प्रति अन्याय होगा जिनकी वीरता को हम याद करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा कुछ फिर से न हो।'' यह अभियान ओटोमन साम्राज्य को परास्त करने के ब्रिटिश नेतृत्व वाले प्रयास का हिस्सा था, जो अंततः विफल हो गया था।

## ऑफ बीट

# वायु प्रदूषण कीड़ों के लिए भी जीवन कठिन बना रहा



कीड़े दुनिया की तीन–चौथाई फसल किस्मों को परागित करने में मदद करते हैं, जिससे वे एक कीमती संसाधन बन जाते हैं। लेकिन, हम कीड़ों का जीवन कठिन बना रहे हैं क्योंकि वे जलवायु परिवर्तन, बसावट के अवसरों में कमी और कीटनाशकों के उपयोग के खिलाफ लड़ाई का सामना कर रहे हैं, जिससे दुनिया भर में कीड़ों की आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। अब, हम वायु प्रदूषण के खतरों को भी इस सूची में जोड़ सकते हैं। जब कीड़े दो सामान्य वायु प्रदूषकों के संपर्क में आए, तो परागण करने वाले कीड़ों का फूलों पर आना 90 प्रतिशत तक कम हो गया। जहां हमने ओजोन या डीजल से निकले धुएं को छोड़ा, परागण करने वाले कीड़ों की संख्या में 70 प्रतिशत की कमी आई और समग्र परागण सफलता दर में 31 प्रतिशत तक की कमी आई। कई कीड़े अपनी गंध क्षमता के जरिये फूलों का पता लगाते हैं। जब वे पराग का सेवन करते हैं, तो वे तुरंत फूल की सुगंध को उसके शर्करा प्रतिफल के साथ जोड़ देते हैं। नतीजतन, जब उन्हें बाद में वही खुशबू मिलती है, तो वे किसी अन्य स्वादिष्ट व्यंजन की तलाश में उसे खोजना शुरू कर देते हैं। इस प्रकार, फूल दोहरे उद्देश्य की पूर्ति करते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

जली फसल का मुआवजा से इंकार सरकार का किसानों से धोखा

# फसल मुआवजे की मांग उठती है तो किसानों से मुंह फेर लेती है भाजपा सरकार

## सैलजा बोलीं- कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर किसान पंचायतों के माध्यम से हर गांव तक ले जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में गेहूं की जली फसल का मुआवजे के भुगतान से इंकार कर किसान विरोधी भाजपा सरकार का एक और धोखा सामने आया है। प्रदेश में अब तक 15 जिलों में पांच हज़ार एकड़ से अधिक गेहूं की फसल बिजली शॉर्ट सर्किट से लगी आग में खाक हो गई है। किसान हितेषी होने का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार ने ऐसे फसल जल जाने को फसल बीमा कवर से बाहर बताकर संकट की इस घड़ी में किसानों को मुआवजे देने से मुंह फेर लिया है। अगर यह मुआवजा बीमा कवर में नहीं आता तो राख हुई फसल का मुआवजा बिजली निगम को देना चाहिए जिसकी लापरवाही से फसलों में आग लगी है, दूसरा बिजली निगम किसान के खेत में खंबे खड़े करता है जिसके एवज में किसान कुछ नहीं लेता।

मीडिया को शुक्रवार को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार न तो कल किसानों की हितेषी थी और न ही आज है। ये सरकार किसान हितेषी होने का केवल दिखावा करती है। जब भी मौका मिलता है किसानों को किसी न किसी बहाने से परेशान करती है। जली फसलों को मुआवजा न देना किसानों के हितों पर गहरा



कुठाराघात है। सरकार को भी पता है कि हर साल सैकड़ों किसान बिजली के शॉर्ट सर्किट, ट्रैक्टर की चिंगारी या अचानक लगी आग से अपनी फसलें गंवा देते हैं। ये दुर्घटनाएं किसी की भी योजना में नहीं होतीं, फिर भी सरकार ऐसे किसानों को मुआवजे से वंचित कर रही है। यह फैसला गैर-जिम्मेदाराना और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि जिस किसान ने मेहनत से पूरे मौसम तक फसल उगाई, उसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद बीमा के नाम पर निराशा मिल रही है। यह निर्णय सरकार की किसान-विरोधी सोच को दर्शाता है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों को मुआवजा देने की भाजपा की नीयत ही नहीं है, वह मुआवजा न देने का कोई न कोई बहाना ढूंढती है। सरकार की नीयत साफ हो तो वह एनडीआरएमएफ या एसडीआरएमएफ के माध्यम से भी किसानों को इस आपदा में मुआवजे की राहत प्रदान कर सकती है।

कुमारी सैलजा ने सरकार से मांग की है कि आग से जली फसलों को भी बीमा मुआवजा में सम्मिलित किया जाए, बीमा कंपनियों पर निगरानी बढ़ाई जाए ताकि वे किसानों को बहाने बनाकर टाल न सकें, जिन किसानों की फसल हाल ही में आग से नष्ट हुई है, उन्हें तुरंत अंतरिम राहत दी जाए, संसद में इस मुद्दे पर चर्चा कर सभी दलों की सहमति से नीतिगत संशोधन किया जाए।

सांसद ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को किसान पंचायतों के माध्यम से हर गांव और जिले तक ले जाएगी और सरकार पर दबाव डालेगी कि सरकार अपना फैसला वापस ले।

### 'बेटी बचाओ' का नारा देने वाली भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि 'बेटी बचाओ' का नारा देने वाली भाजपा सरकार में बेटियां सबसे असुरक्षित हैं। जींद में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसकी पांच वर्षीय मासूम बेटी की निर्मम हत्या ने देश को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे में प्रदेश की क़ानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं कि क्यों भाजपा राज में हरियाणा में बेटियों पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि उनमें कानून का खौफ नहीं। एक मां का दर्द, एक बेटी की चीख, यह भाजपा सरकार की नाकामी है। कुमारी सैलजा ने मांग की है कि दोषियों को तुरंत पकड़ा जाए और ऐसी कठोर सजा दी जाए जो हर अपराधी के लिए चेतावनी बने।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टरों की हड़ताल से बिगड़े हालात,4 की मौत

**अलीगढ़।** मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज में रेजीडेंशियल डॉक्टरों की हड़ताल



24 अप्रैल देर रात को दूसरे दिन भी जारी रही, जिसके कारण इमरजेंसी सेवाएं ठप हो गईं। इस दौरान आपात उपचार नहीं मिलने से दो दिन में 4 मरीजों की मौत हो गई जबकि लगभग 1200 मरीजों को बिना उपचार के ही इस अस्पताल से वापस लौटना पड़ा।

### मिल का ड्रायर फटा, 5 मजदूरों का दम घुटा

**बहराइच।** जिले के दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा स्थिति रजगढिया राइस मिल में



ड्रायर फट गया। इससे काम कर रहे 5मजूदरों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान कन्नौज के गडवना सौर्य निवासी गफ्फार अली, बबलू , राजनेश कुमार , श्रावस्ती के सिरसिया निवासी जहूर व बिहार के बिहारीगंज मदेहपुरा निवासी बिट्टू शाह के रूप में हुई है।

### पौड़ी में बच्चों से भरी वैन खाई में गिरी, 6 जख्मी

**पौड़ी।** जिला मुख्यालय पौड़ी के समीप भिताई मल्ली में स्कूली बच्चों को लेकर जा रही ओमनी वैन



दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 6 बच्चे घायल हो गए हैं। चालक व एक अन्य ग्रामीण भी घायल बताए जा रहे हैं।सभी को जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया है। 2 गंभीर बच्चों को देहरादून एयरलिफ्ट किया गया है। इसके बाद चिकित्सक घायलों की जांच में जुटे हैं।

### इसरो के पूर्व प्रमुख कस्तूरीरंगन का निधन

**बेंगलुरु।** इसरो के पूर्व अध्यक्ष कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो



गया। उन्होंने 84 साल की आयु में अंतिम सांस ली। सुबह 10 बजे के करीब उनकी मौत हुई। रविवार को अंतिम संस्कार से पहले रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। वे सबसे लंबे समय तक इसरो चीफ के पद पर कार्यरत रहे हैं।

### एक ही पटरी पर आई राजधानी व मालगाड़ी

**कोलकाता।** सिलीगुड़ी के निकट एनजेपी क्षेत्र में राजधानी एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से टकराते टकराते



बची है। दोनों ही ट्रेन एक ही लाइन पर आ गई थी। राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई है। अचानक ब्रेक लगाने के कारण कुछ यात्री अपनी सीट से गिर गए और उनमें दहशत का माहौल बना रहा। पहले भी कई हादसे हुए हैं।

## वक्फ कानून पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा

# संसद से पारित कानून संवैधानिक तौर पर वैध, उन पर रोक नहीं लगाई जा सकती

1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536 हेक्टेयर) से अधिक की बढ़ोतरी हुई। 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए

**वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज करें**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध किया और कहा कि इस कानून पर पूर्ण रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इसकी संवैधानिकता पर पूर्वधारणा है। 1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर (ठीक 20,92,072.536 हेक्टेयर) से अधिक की बढ़ोतरी हुई। केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है कि मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता के पहले और स्वतंत्रता के बाद में भारत में कुल 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए। इसमें निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा किया गया है। यह हलफनामा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन की तरफ से दायर किया गया था।

*1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में कई बातों का खुलासा*

**संयुक्त सचिव शेरशा ने जवाब पेश किया**



### वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं

केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा कि वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है. वक्फ संशोधन कानून के मुताबिक मुतवल्ली का काम धर्मनिरपेक्ष होता है न कि धार्मिक. ये कानून चुने गए जनप्रतिनिधियों की भावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने ही बहुमत से इसे पारित किया है।

### विधायी व्यवस्था को बदलना ठीक नहीं

हलफनामे में कहा गया है कि विधायिका द्वारा की गई विधायी व्यवस्था को बदलना अस्वीकार्य है। केंद्र सरकार ने 17 अप्रैल को, शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक 'वक्फ बाय यूजर' संपत्ति समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करेगी और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्ड में कोई नियुक्ति करेगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ अंतरिम आदेश पारित करने के मामले पर 5 मई को सुनवाई करेगी।

### धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों को नहीं छीना

हलफनामे में कहा गया है कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं इस झूठे आधार पर आगे बढ़ीं कि संशोधन धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लेते हैं। अदालत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर कानून की समीक्षा कर सकती है। सरकार ने कहा कि प्रमुख राजनीतिक दलों के सदस्यों वाली संसदीय समिति की तरफ से बहुत व्यापक, गहन और विश्लेषणात्मक अध्ययन के बाद संशोधन किए गए हैं।

### पारित कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू हो रही

हलफनामे में कहा गया है कि कानून में यह तय है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी और मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी। संसद की तरफ से बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। केंद्र ने कहा कि जबकि यह अदालत मामलों की सुनवाई के दौरान इन चुनौतियों की जांच करेगी, लेकिन सामान्य मामलों में (यहां तक कि मुस्लिम समुदाय के सदस्यों पर भी) इस तरह के आदेश के प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना पूरी तरह से रोक (या आंशिक रोक) लगाना, यदि याचिकाएं विफल हो जाती हैं, तो यह अनावश्यक होगा, खासकर ऐसे कानूनों की वैधता की धारणा के मामले में।

### कानून विधायी शक्ति के वैध प्रयोग का परिणाम

सरकार ने कहा कि संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वक्फ जैसी धार्मिक संस्थाओं का प्रबंधन इस तरह से हो कि उनमें आस्था रखने वालों और समाज के लोगों का भरोसा बना रहे और धार्मिक स्वायत्तता का उल्लंघन न हो। यह कानून वैध है और विधायी शक्ति के वैध प्रयोग का परिणाम है। हलफनामे में कहा गया है कि विधायिका की तरफ से अधिनियमित विधायी व्यवस्था को बदलना अस्वीकार्य है।

हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को फटकारा

# पुलिसकर्मियों पर एफआईआर करें, वरना अवमानना मानेंगे



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बदलापुर मुठभेड़ मामले को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने आदेश के बाद भी बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत के मामले में पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न करने पर नाराजगी जताई। शुक्रवार को न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने कहा कि वह इस बात से हैरान है कि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया। यह हमारे आदेश का खुला उल्लंघन है। राज्य सरकार उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का पालन कैसे नहीं कर सकती? अगर मामले के कागजात आज ही स्थानांतरित नहीं किए गए तो आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करनी होगी। अदालत ने कहा कि यदि सरकार अब ही सात अप्रैल के आदेश का पालन करने के लिए कदम नहीं उठाती है तो वह आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने पर विचार करेगी।

### कानून के शासन का पालन किया जाना चाहिए

सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने अदालत को बताया कि नौ अप्रैल को सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा कि याचिका पर पांच मई को सुनवाई होने की उम्मीद है। इस पर पीठ ने कहा कि यदि सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पर रोक नहीं लगाई है तो सरकार इसका अनुपालन करने के लिए बाध्य है। पीठ ने कहा कि कानून के शासन का पालन किया जाना चाहिए। आपको आदेश का पालन करना होगा अन्यथा हम अवमानना (नोटिस) जारी करने के लिए बाध्य और विवश होंगे।

### कामरा की जांच करें, गिरफ्तारी नहीं

बंबई उच्च न्यायालय ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विरुद्ध कथित टिप्पणी को लेकर कुणाल कामरा के खिलाफ पुलिस जांच जारी रह सकती है, लेकिन कामरा को गिरफ्तार नहीं करे। न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति एसएम मोदक की पीठ ने कामरा की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें अदालत से अनुरोध करते हुए कहा गया था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध से संबंधित बड़े और गंभीर मुद्दों पर विचार करने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि जांच पर पूरी तरह रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। जांच जारी रह सकती है।

पटना सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी

# तीनों गेटों पर सुरक्षा बढ़ाई गहन तलाशी अभियान चला

एजेंसी ▶▶ पटना

यहां सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद कोर्ट के तीनों गेटों पर



सुरक्षा बढ़ा दी गई है। धमकी भरे मेल की सूचना मिलते ही पटना पुलिस और सुरक्षा एजेंसी अलर्ट हो गई है। वहां हरेक के सामानों की तलाशी ली जा रही। पार्किंग में खड़ी गाड़ियों की भी जांच चल रही है। टाउन डीएसपी-2 दीक्षा और पीरबहोर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। श्वान दस्ता को भी बुलाया गया है।

### मेल भेजकर धमकी दी थी

शुक्रवार को 11 बजे जिला जज के पास एक संदिग्ध मेल आया था। मेल में ढाई बजे सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने सिविल कोर्ट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई। कोर्ट के आसपास की सारी दुकानें भी बंद कराई जा रही हैं। एंट्री पर रोक लगा दी गई है। अंदर से लोगों को बाहर निकाला गया।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वदेशी शोध संस्थान के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

# लगभग 15 सौ कलस्टर में लाखों किसानों तक प्राकृतिक खेती को ले जाने का लक्ष्य: चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वदेशी शोध संस्थान के विजन ऑफ भारत 2047 के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भारत महान था, महान है और महान रहेगा। हमारा राष्ट्र अत्यंत प्राचीन और महान है। समृद्धि के पैमाने भी अलग-अलग होते हैं सिर्फ आर्थिक रूप से संपन्नता को समृद्धि नहीं माना जाता है। हमारा इतिहास बहुत पुराना है, 5 हजार साल से अधिक के इतिहास से तो हम अवगत है।

उन्होंने प्राचीन काल के कई उदाहरण देते हुए कहा कि जब पश्चिम के लोग अपने शरीर को पत्तों और छालों से ढ़का करते थे तो हमारे



यहां मलमल बन गया था। हमारे ऋषियों ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम है।सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित, गौरवशाली, वैभवशाली, सम्पन्न, समृद्ध व शक्तिशाली भारत के निर्माण का महाभियान चला हुआ है।उन्होंने कहा कि हम कई क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि एक समय था जब हम अपनी जनता का पेट भरने के लिए अमेरिका से निम्न स्तर का गेहूं लेने के लिए मजबूर थे लेकिन आज देश में अन्न के भंडार भर हुए हैं। हमारा शरबती गेहूं आज दुनिया में धूम मचा रहा है। हमारे खाद्यान्न का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा हैं। जलवायु परिवर्तन के खतरों के बावजूद, बढ़ते हुये तापमान और अनिश्चित मौसम के बावजूद भी हमने देश के खाद्यान्न को ही नहीं बढ़ाया है, बल्कि अपनी जनता का पेट भी भरा है, साथ ही कई देशों को अन्न का निर्यात भी किया है। हम दलहन और तिलहन का उत्पादन भी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के लिए हमारी 6 सूत्रीय रणनीति है, पहला उत्पादन बढ़ाना और उत्पादन बढ़ाने के लिए अच्छे बीज, कृषि पद्धतियां आदि, दूसरा उत्पादन की लागत घटाना, तीसरा फसलों के ठीक दाम, चौथा नुकसान की भरपाई, पांचवां खेती का विविधिकरण और छठा प्राकृतिक खेती। चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि एक करोड़ किसानों को सेनसेंटाइज किया जा रहा है, प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हम लगभग 15 सौ कलस्टर में साढ़े सात लाख किसानों तक प्राकृतिक खेती को ले जाएंताकि ये किसान अपने खेत के एक हिस्से में प्राकृतिक खेती को प्रारंभ करे। हम सभी को धरती को भी कीटनाशकों से बचाना होगा। शहरों के विकास से ही काम नहीं चलेगा, स्वावलंबी व विकसित गांव कैसे बने, सड़कों का नेटवर्क, गांव में बुनियादी सुविधाएं, पक्का मकान, शुद्ध पीने का पानी, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन और जरूरी चीजें गांव में ही कैसे उत्पादित कर पाएं। उन्होंने कहा कि यह सब हमें करना पड़ेगा तभी गांव विकसित होगा।

तमिलनाडु के उदगमंडलम में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा

# अत्यावश्यक एनईपी शिक्षा में लाएगी अहम बदलाव

**केंद्रीय और निजी विवि के कुलपतियों के सम्मेलन को किया संबोधित**

एजेंसी ▶▶ उदगमंडलम

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज शुक्रवार को तमिलनाडु के उदगमंडलम स्थित राजभवन में राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली बताते हुए इसे राष्ट्र के लिए आवश्यक नीति बताया। उन्होंने कहा कि यह नीति भारतीय सभ्यता की भावना से मेल खाती है, भारतीय भाषाओं को प्राथमिकता देती है, बहु-विषयक शिक्षा को बढ़ावा देती है और शिक्षा को केवल रोजगार तक सीमित न रखते हुए समग्र व्यक्तित्व के विकास का माध्यम मानती है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यह छात्रों को मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा देता है और औपनिवेशिक सोच से बाहर लाता है।



### यह राष्ट्र की नीति, इसे समझना जरूरी

धनखड़ ने यह भी कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के बहुत से लोग अभी इस नीति से पूरी तरह परिचित नहीं हैं, इसलिए उन्होंने उन्हें इसकी गहराई से अध्ययन करने की सलाह दी ताकि नीति के उद्देश्यों को सही तरह समझा और लागू किया जा सके। इसे समझना जरूरी है।

### देश की भाषाएं ज्ञान का खजाना

धनखड़ ने भारत की भाषाओं को देश की विरासत और गौरव बताते हुए कहा कि संस्कृत, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, हिंदी, बंगाली जैसी भाषाएं साहित्य और ज्ञान का खजाना हैं, जिन्हें दुनिया में कहीं और नहीं पाया जा सकता। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्र के उत्थान का माध्यम और सामाजिक समता लाने वाला बड़ा कारक बताया।

### इस प्रणाली को मजबूती देनी चाहिए

धनखड़ ने कहा कि शिक्षा की पहुंच, इसकी किफायती उपलब्धता और गुणवत्ता-ये तीनों राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें अपने ऐतिहासिक विरासत, विशेषकर गुरुकुल परंपरा, जिसमें ज्ञान प्राप्ति के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को निःशुल्क शिक्षा दी जाती थी, को ध्यान में रखते हुए शिक्षा प्रणाली को मजबूती देनी होगी। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क का कार्यान्वयन, विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक सहयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से सीखने के परिणामों को अधिकतम करना, शैक्षणिक संस्थानों में वित्तीय प्रबंधन, अनुसंधान में उत्कृष्टता, उद्यमिता को बढ़ावा, छात्रों की क्षमता निर्माण, बौद्धिक संपदा के माध्यम से संपत्ति निर्माण जैसे विषयों पर गहन चर्चा करनी चाहिए।

छत्तीसगढ़ में हादसा टला

# 'रोपवे' से अलग हो गई ट्रॉली भाजपा नेताओं समेत 6 घायल

एजेंसी ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में शुक्रवार को डोंगरगढ़ की पहाड़ी पर स्थित प्रसिध्द बम्लेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन करने के बाद नीचे आते समय ट्रॉली के 'रोपवे' से अलग होकर गिरने से उसमें सवार भाजपा के नेताओं समेत 6लोग घायल हो गए। घटना अपराह्न लगभग दो बजे पहाड़ी पर स्थित बम्लेश्वरी देवी मंदिर से उतरते समय 'रोपवे' का इस्तेमाल करने के बाद हुई। ट्रॉली 'रोपवे' से अलग होकर नीचे गिर गई और इस घटना में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रामसेवक



पैंकरा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, भाजपा नेता दया सिंह और दो अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि घायलों में भरत वर्मा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### केंद्रीय इस्पात मंत्री गोयल ने स्टील इंडिया 2025 कार्यक्रम में कहा

# सरकार स्थानीय इस्पात कंपनियों को डंपिंग कम कीमतों से संरक्षण देने में रही सफल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

केंद्रीय इस्पात मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक इस्पात मांग में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सरकार घरेलू इस्पात उद्योग को अनुचित डंपिंग और तर्कहीन रूप से कम कीमत से संरक्षण देने में सक्षम रही है। इस्पात मंत्रालय और उद्योग मंडल फिक्की की तरफ से आयोजित 'स्टील इंडिया 2025' कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि निर्यातकों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर इस्पात मिलना जारी रहेगा।

#### हम दुनिया के लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'भारत लगातार आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। जब हम आत्मनिर्भरता की बात करते हैं, तो हम दुनिया के लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे हैं। हम वास्तव में और अधिक दरवाजे खोल रहे हैं क्योंकि हर देश के पास अलग-अलग उत्पादों के लिए अपने प्रतिस्पर्धी लाभ होंगे।'





- भारत वैश्विक इस्पात मांग में योगदान देने तैयार
- एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर इस्पात मिलता रहेगा
- भारतीय इस्पात, लागत प्रभावी व उच्च गुणवत्ता वाला उत्पाद है

#### इस्पात आयात पर 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क

गोयल ने कहा, "भारत वैश्विक इस्पात मांग में महत्वपूर्ण योगदान देने और इस्पात उद्योग को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। हाल ही में इस्पात आयात पर 12 प्रतिशत सुरक्षा शुल्क लगाए जाने के सरकार के फैसले पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ भारतीय उद्योग को समर्थन देने के लिए सदैव सतर्क और सक्रिय है।

#### हम दुनिया की जरूरतों को पूरा करेंगे

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग एक बहुत ही कुशल और लागत प्रभावी, उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादक है। मंत्री ने कहा, "हमारा मानना है कि यह ऐसा क्षेत्र है, जहां हम न केवल भारत की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेंगे, बल्कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भी हम बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल में दुनिया की जरूरतों को पूरा करेंगे।

#### इस्पात निर्माता उत्पादन लक्ष्य का पैमाना बढ़ाए

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि 50 करोड़ टन इस्पात उत्पादन हासिल करने का लक्ष्य काफी कम है और देश में इस धातु की प्रति व्यक्ति खपत बढ़ने के साथ उद्योग को अधिक उत्पादन का लक्ष्य रखना चाहिए। गोयल ने उद्योग से कहा, स्पष्ट रूप से 50 करोड़ टन (इस्पात उत्पादन) का लक्ष्य कम है। मुझे लगता है कि हमें कम-से-कम अपने निकटतम प्रतिस्पर्धी के स्तर तक जाने की आकांक्षा रखनी चाहिए।

#### 2047 तक होंगे सबसे बड़े इस्पात निर्माता

हम वर्ष 2047 तक दुनिया के सबसे बड़े इस्पात निर्माता बनने की आकांक्षा क्यों नहीं रख सकते। इस्पात उद्योग को देश की अर्थव्यवस्था की 'रीढ़' बताते हुए मंत्री ने देश के विकसित और समृद्ध देश बनने की यात्रा में इस्पात की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

#### मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा

गोयल ने कहा, "इस्पात जीवन के लगभग हर क्षेत्र का एक आवश्यक घटक है, चाहे वह जहाजरानी, जहाज-निर्माण, रेलवे, रक्षा, वाहन क्षेत्र हो, देश भर में बुनियादी ढांचा हो, यह जीवन के हर क्षेत्र में मौजूद है।" केंद्रीय मंत्री ने 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने पर सरकार के विशेष ध्यान पर प्रकाश डाला।

### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने नई दिल्ली में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया



**नई दिल्ली।** देशभर में सुरक्षित वाहन चलाने की आदतों को बढ़ावा देने के अपने सतत प्रयासों के तहत, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने नई दिल्ली स्थितके.आर. मंगलम वर्ल्ड स्कूलमें एक इंटरैक्टिव सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस पहल में 2100से अधिक छात्रों और स्कूल स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान का उद्देश्य युवा सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा शिक्षा को अधिक सुलभ, व्यावहारिक और उनके जीवन से जुड़ा बनाना था। युवाओं से जुड़ाव का लक्ष्य एक व्यापक प्रभाव उत्पन्न करना है, जिससे उनके परिवार और समुदाय भी सुरक्षित सवारी के तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हों। इस अभियान को विशेष रूप से रोजमर्रा के यातायात परिदृश्यों को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया था। इस दौरानखतरे की पूर्वानुमान प्रशिक्षण, क्विज़, खेल, हेलमेट जागरूकता गतिविधियाँऔर अन्य संवादात्मक सत्रों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने प्रतिभागियों को सड़क पर अपनी जिम्मेदारी को समझने, सड़क सुरक्षा के मूल सिद्धांतों को आत्मसात करने और उन्हें अपने व्यवहार में लागू करने के लिए प्रेरित किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

**कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधिन SSE/W/MTC और SSE/W/MOZ के कार्य क्षेत्र में कॉलोनियों और सेवा भवनों के दिन–प्रतिदिन की देखभाल के लिए कुशल और अकुशल कर्मचारियों को नियुक्त करके रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– Bid Document पर NIT के अनुसार**
**बयाना राशि (रुपये): Bid Document पर NIT के अनुसार**

| | |
|---|---|
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 20.05.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.gem.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए GeM साइट www.gem.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं 128-W/280/Bid No-GEM/2025/B/6171058 दिनांक : 25.04.2025 1236/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत-पाक तनाव से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 589 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- दो दिनों में निवेशकों को 8 .88 लाख करोड़ रुपए चपत
- एक्सिस बैंक की बिकवाली से बाजार में रही गिरावट

एक्सिस बैंक में बिकवाली और भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में खासी गिरावट दर्ज की गई। दो दिनों में निवेशकों को 8.88 लाख करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 588.90 अंक यानी 0.74 प्रतिशत टूटकर 79,212.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,195.62 अंक टूटकर 78,605.81 अंक पर आ गया था। निफ्टी में दूसरे दिन भी गिरावट जारी रही और यह 207.35 अंक गिरकर 24,039.35 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव की चिंताओं ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। आईटी सूचकांक को छोड़कर सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। मुनाफावसूली के कारण मिडकैप सूचकांक और स्मॉलकैप सूचकांक में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों ने सतर्क धारणा बना ली है। ऊंचे मूल्यांकन और तिमाही नतीजों की सुस्त शुरुआत के चलते मिडकैप एवं स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई।''

#### निवेशकों की संपत्ति घटी

भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव और मुनाफावसूली होने के कारण शेयर बाजारों में दो दिनों में आई गिरावट के दौरान निवेशकों की संपत्ति 8.88 लाख करोड़ रुपये घट गई। इस वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन दो दिनों में 8,88,975.14 करोड़ रुपये घटकर 4,21,58,900.91 करोड़ रुपये (4.93 लाख करोड़ डॉलर) रह गया।

#### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, इटरनल (जोमैटो), बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, मारुति, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और एनटीपीसी में सबसे अधिक गिरावट हुई। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- समाप्त सप्ताह में 686 .14 अरब डॉलर पर पहुंचा
- लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इसके पहले 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.52 अरब डॉलर बढ़कर 578.49 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.57 अरब डॉलर बढ़कर 84.57 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.57 अरब डॉलर हो गया।

### डॉलर के मुकाबले रुपए में सात पैसे की गिरावट

**मुंबई।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और घरेलू बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपनी शुरुआती बढ़त गंवा बैठा और सात पैसे की गिरावट के साथ 85.40 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजार में सुस्त रुख और सकारात्मक अमेरिकी डॉलर सूचकांक ने निवेशकों की धारणा को और कमजोर कर दिया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कादिर पुत्र बुद्धू निवासी प्लॉट नं. 94, जीएफ, पॉकेट बी–3, सैक्टर–17, द्वारका, नई दिल्ली** ने कोर्ट केस नं. **918/2024 अन्तर्गत धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत थाना द्वारका नॉर्थ, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफतारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कादिर** मिल नही रही है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कादिर** फरार हो गयी हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि कोर्ट केस नं. **918/2024 अन्तर्गत धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम के तहत थाना द्वारका नॉर्थ, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कादिर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री विनोद कुमार मीना**
अतिरिक्त सत्र न्यायधीश (विद्युत)
दक्षिण–पश्चिम, कोर्ट नं. 609
द्वारका जिला न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/5156/DW/2025**
**(Court Matter)**

# देश में सोने की कीमतों में उछाल से महिलाओं की बढ़ी चिंता



**नई दिल्ली।** देश में सोने की कीमत ने ऐतिहासिक ऊंचाई छूते हुए प्रति दस ग्राम एक लाख रुपये का आकंड़ा पार कर लिया है। सोने के दाम में इस अभूतपूर्व वृद्धि ने न केवल बाजार को चौंकाया है बल्कि आम लोगों की जेब पर भी गहरा असर डाला है और शादियों के सीजन में महिलाओं की चिंता बढ़ा दी है। अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम में जब सोने की खरीदारी हर भारतीय घर की प्राथमिकता होती है, ऐसे समय में इस कीमती धातु की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल ने मध्यमवर्गीय परिवारों को झटका दिया है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना इस सप्ताह मंगलवार को 1,800 रुपए चढ़कर 1,01,600 रुपए प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के बीच ब्याज दर में कटौती तथा चीन के साथ शुल्क को लेकर तनाव कुछ कम होने के संकेत से सोने के दाम थोड़े नरम हुए हैं। बीते वर्ष दिसंबर से सोना अबतक लगभग 22,650 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी करीब 29 प्रतिशत महंगा हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि रिटर्न के हिसाब से सोने का प्रदर्शन शेयर और बॉन्ड दोनों से बेहतर रहा है।

### नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने जेईई मेन 2025 में शीर्ष रैंक के साथ परचम लहराया

**हैदराबाद।** नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ने जेईई मेन 2025 के नतीजों में अपने शानदार प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया है। ओपन कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 1 और टॉप 100 में 25वां स्थान हासिल किया है। नारायणाइट्स ने ओपन कैटेगरी की टॉप 100 रैंक में एआईआर 1, 9, 12, 13, 19, 20, 21, 22, 24, 25, 26, 36, 36, 45, 47, 59, 60, 67, 80, 81, 84, 86, 87 और 95 हासिल किए। नारायण के छात्र वाणीव्रत माजी ने 300/300 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय टॉपर के रूप में उभरे - जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र छात्र विकास के लिए संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर, नारायणा के छात्रों ने अखिल भारतीय ओपन श्रेणी में शीर्ष 20 में से 6 रैंक भी हासिल की: शिवेन विकास तोशिनीवाल - एआईआर 9 एन-प्रेप, गुजरात, सौरव - एआईआर 12 एन-प्रेप, उत्तर प्रदेश, अर्चिस्मान नंदी - एआईआर 13 एन-प्रेप, पश्चिम बंगाल, सानिध्य सराफ - एआईआर 19 महाराष्ट्र, और आयुष सिंघल - एआईआर 20 राजस्थान, जो पूरे देश में नारायणा के मजबूत प्रभाव को दर्शाता है। अत्यधिक गर्व के साथ, श्रीमती पी. रामादेवी, कोर प्रबंधन समिति के सदस्य, डॉ. पी. सिंधुरा, और सुश्री पी. शरणी, नारायणा शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक, ने छात्रों के अटूट समर्पण, उनके परिवारों के दृढ़ समर्थन और सभी हितधारकों के सपनों को पूरा करने में नारायणा में शैक्षणिक और प्रशासनिक टीमों के अथक प्रयासों की सराहना की। पी. रामादेवी ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, "इस साल जेईई मेन के नतीजों में नारायण की निरंतरता एक बार फिर स्पष्ट है। पिछले छह वर्षों में यह तीसरी बार है जब नारायण ने एआईआर 1 हासिल किया है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09252608 | प्री लैमिनेटेड शेडेड कॉमप्रेग | 3238 नग | 19.05.25 |
| 2 | 19255008 | मैन कंप्रेसर (आयल लुब्रिकेटेड) फॉर 3– फेज | 54 सेट | 19.05.25 |
| 3 | 02241844 | थ्रि पोल पावर कांट्रेक्टर | 69 नग | 19.05.25 |
| 4 | 09252365 | 495–4A विचक ड्रा | 108 नग | 26.05.25 |
| 5 | 07240011 | एल्युमीनियम एक्सल बॉक्स फ्रंट कवर | 4916 नग | 30.05.25 |
| 6 | 07241324B | कुशन फॉर ट्रांस्वर्स सीट | 8749 नग | 02.06.25 |
| 7 | 07250202 | सेकेंडरी स्प्रिंग फॉर एल एच बी | 217 नग | 02.06.25 |
| 8 | 07250078 | सेमी पर्मानेंट कपलर एन्ड बी | 577 नग | 03.06.25 |
| 9 | 07250187 | एंटी रोल बार असेंबली | 685 नग | 04.06.25 |
| 10 | 09252017 | कांस्टेंट कांटेक्ट साइड बेयरर | 2710 नग | 24.06.25 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 09/2025-2026 दिनांक: 25.04.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1232/25

## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### क्राफ्टन इंडिया ने 'बीजीएमआई राइजिंग स्टार्स (2025) का पहला समूह' लॉन्च किया, जो भारतीय ईस्पोर्ट्स प्रतिभा की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाता है




**नई दिल्ली।** भारतीय ईस्पोर्ट्स के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, क्राफ्टन इंडिया ईस्पोर्ट्स ने आज बीजीएमआई राइजिंग स्टार्स 2025 कार्यक्रम के पहले समूह का अनावरण किया। यह एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में अगली पीढ़ी के गेमिंग आइकन को खोजना और उनका पोषण करना है। इसकी घोषणा कोलकाता में बीजीआईएस ग्रैंड लैन फाइनल्स 2025 के उद्घाटन दिवस के दौरान की गई, जो भारतीय प्रतिस्पर्धी गेमिंग के सबसे भव्य मंचों में से एक है, जहाँ देश की 16 सर्वश्रेष्ठ टीमें 3.2 करोड़ रुपए की विशाल विशाल पुरस्कार राशि के लिए आपस में भिड़ रही हैं।बीजीएमआई राइजिंग स्टार्स कार्यक्रम केवल एक प्रतिभा प्रदर्शन से कहीं अधिक है, यह एक व्यापक विकास मंच है, जिसे युवा ईस्पोर्ट्स एथलीट्स को विकसित होने, प्रगति करने और मुख्यधारा के गेमिंग व्यक्तित्व के रूप में स्थापित होने के लिए डिज़ाइन किया गया है। चयनित आठ एथलीट्स न केवल गेमिंग उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि भारत भर में महत्वाकांक्षी गेमर्स की नई लहर को प्रेरित करने की क्षमता भी रखते हैं।विशेष रूप से, आठ में से, सौम्या राज और समिहान कुलकर्णी ने न केवल राइजिंग स्टार्स का खिताब हासिल किया, बल्कि बीजीआईएस ग्रैंड फाइनल्स के लिए भी क्वालिफाई किया, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उनकी यात्रा उस उभरती युवा प्रतिभा को रेखांकित करती है, जो पहले से ही प्रतिस्पर्धी परिदृश्य को आकार देना शुरू कर चुकी है।इस अवसर पर बोलते हुए, करण पाठक, एसोसिएट डायरेक्टर-ईस्पोर्ट्स, क्राफ्टन इंडिया ने कहा, "बीजीएमआई राइजिंग स्टार्स 2025 जुनून, संभावना और भारतीय ईस्पोर्ट्स के भविष्य का उत्सव है। यह केवल प्रतिभा को खोजने के बारे में नहीं है, बल्कि यह इसे इरादे के साथ समर्थन देने और उन्हें उद्योग में अगले बड़े नामों के रूप में विकसित करने में मदद करने के बारे में है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर रेट्रोफिट डीआर सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 25.04.2025 16.05.2025 | 6.5 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर ऑर्थोपेडिक बैटरी ऑपरेटेड कोर्डलैस ड्रिल सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 25.04.2025 16.05.2025 | 3.9 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप (ईएनटी) की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 25.04.2025 16.05.2025 | 1.56 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/34221/1/88/7 दि. 25.04.25

### शब्द पहेली - 5848


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | | 7 |
| | ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | ■ | |
| 10 | 11 | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 12 | |
| ■ | | ■ | 13 | | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | | ■ | 17 | | | |
| ■ | ■ | ■ | 18 | | ■ | 19 | | ■ | ■ | ■ |
| 20 | 21 | | | ■ | 22 | ■ | 23 | | 24 | |
| ■ | | ■ | 25 | 26 | | 27 | | ■ | | ■ |
| 28 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 29 | 30 |
| | ■ | 31 | 32 | | ■ | 33 | | 34 | ■ | |
| 35 | | | | | ■ | | ■ | 36 | | |

**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

**शब्द पहेली -5847 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | ■ | र | वा | ना | हो | ना |
| न | ■ | म | क | र | ■ | त | ल | ना | ■ | का |
| मो | ह | ■ | ■ | गि | ■ | ज | ■ | ■ | क | म |
| ह | म | ■ | आ | स | ल | गा | ना | ■ | मा | या |
| क | ल | र | व | ■ | क्ष | ■ | म | त | ल | ब |
| ■ | ■ | ■ | भ | ला | ■ | जो | र | ■ | ■ | ■ |
| ज | ग | म | ग | ■ | मौ | ■ | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | र | म |
| न | त | ■ | ■ | हा | ■ | ल | ■ | ■ | ल | क |
| दा | ■ | म | चा | न | ■ | खा | रि | श | ■ | दा |
| र | म | णी | य | ता | ■ | ना | ट | क | का | र |






# 'मैं देशद्रोही नहीं, देशभक्त हूं...' पाकिस्तान के नदीम को न्योता देने पर भाला फेंक खिलाड़ी नीरज झेल रहे नफरत और अपमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के भालाफेंक खिलाड़ी अरशद नदीम को बेंगलुरु में अगले महीने होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने का न्योता देने पर उन्हें 'नफरत और अपमान' झेलना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ओलंपिक चैंपियन नदीम का यहां खेलने के सवाल ही पैदा नहीं होता।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह यह देखकर दुखी हैं कि सोशल मीडिया पोस्ट में उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाए जा रहे हैं और उनके परिवार को भी अपशब्द कहे जा रहे हैं। चोपड़ा ने नदीम को 24 मई को बेंगलुरु में होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए बुलाया था। नदीम ने व्यस्तता का हवाला देकर न्योता ठुकरा दिया था।



### देशप्रेम पर उठा सवाल

चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में लिखा, 'नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए अरशद नदीम को मेरे निमंत्रण पर काफी बातें हो रही है और ज्यादातर घृणा और अपमानजनक हैं। उन्होंने मेरे परिवार को भी नहीं छोड़ा। मैं

### दो दिन पहले भेजा था निमंत्रण

चोपड़ा ने कहा कि निमंत्रण पहलगाम पर आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को भेजा गया। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। चोपड़ा ने कहा, 'मैने अरशद को जो न्योता भेजा, वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को था। इससे ज्यादा या कम कुछ नहीं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का मकसद भारत से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सामने लाना और हमारे देश में विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना है। सभी खिलाड़ियों को पहलगाम में आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को न्योते भेजे गए।



### मेरा देश और उसके हित हमेशा सर्वोपरि

नीरज ने लिखा, 'पिछले 48 घंटे में जो हुआ, उसके बाद एनसी क्लासिक में अरशद के खेलने का सवाल ही नहीं था। मेरे देश और उसके हित हमेशा सर्वोपरि है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपनों को खोया है। पूरे देश के साथ मैं भी दुखी और खफा हूं। मुझे यकीन है कि हमारे देश का जवाब एक राष्ट्र के रूप में हमारी शक्ति दिखा देगा और इंसाफ होगा। मैं इतने साल से गर्व से अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और मेरी ईमानदारी पर सवाल उठने से मैं दुखी हूं। मुझे दुख है कि मुझे उन लोगों के सामने सफाई देनी पड़ रही है जो मुझे और मेरे परिवार को अकारण निशाना बना रहे हैं।'

खास खबर

## सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पंजाब-गोवा में जंग आज



**भुवनेश्वर।** पिछले मैच में शानदार जीत से आत्मविश्वास से लबरेज पंजाब एफसी की टीम शनिवार को यहां सुपर कप क्वार्टफरफाइनल में मजबूत एफसी गोवा को हराकर इसी लय को जारी रखने की उम्मीद करेगी। पंजाब ने ओडिशा एफसी को 3-0 से जबकि एफसी गोवा ने आई लीग टीम गोकुलम केरला एफसी को इसी अंतर से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनागियोटिस डिलम्पेरिस ने कहा, 'हमने ओडिशा के खिलाफ मैच में जोखिम लिया और उन्हें गोल में तब्दील किया। ओडिशा ने भी कई मौके बनाये और मैं चाहूंगा कि गोवा के खिलाफ कल के मैच में हम इनका दोहराव नहीं होने दें।' इंडियन सुपर लीग सत्र में

## हेजलवुड के पास दबाव झेलने की क्षमता



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने आईपीएल मैच में यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम की 11 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तारीफ की। कहा कि यह विश्व स्तरीय गेंदबाज खेल के किसी भी प्रारूप में दबाव झेल सकता है और उसे पता कि किसी विशेष समय पर कौन सी गेंद फेंकनी है। आखिरी ओवरों में हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी से आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में अपने घरेलू मैदान पर चार मैचों में पहली जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

## मैड्रिड ओपन : उलटफेर का शिकार होने से बची इगा स्वियाटेक और गाफ

**मैड्रिड।** पिछले महीने मियामी में फिलीपीन की अलेक्जेंड्रा इयाला के हाथों क्वार्टर फाइनल हारने वाली दूसरी रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक एक बार फिर उलटफेर का शिकार होने से बची और इस 19 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में पहुंच गई। गत चैंपियन स्वियाटेक की नजरें इस सत्र में पहले फाइनल में पहुंचने पर लगी हैं।



रफेल नडाल अकादमी की प्रशिक्षु इयाला ने मियामी में स्वियातेक को सीधे सेटों में हराया था। वहीं कोको गाफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए डायना यस्त्रेम्स्का को 0-6, 6-2, 7-5 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की ही अन ली से होगा जिन्होंने लैला फर्नांडिज को 6-4, 3-6, 6-4 से मात दी। सातवीं रैंकिंग वाली मीरा आंद्रीवा ने मैरी बूजकोवा को 6-3, 6-4 से हराया जबकि ब्राजील की बिया हडाड मेइया ने बर्नार्ड पेरा को 2-6, 6-3, 6-1 से मात दी। पुरुष वर्ग में दुनिया के पूर्व नंबर चार खिलाड़ी केइ निशिकोरि ने अलेक्जेंडर वुकिच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर टूर पर 450वीं जीत दर्ज की।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

आईपीएल: ईशान ने 44, मेंडिस ने नाबाद 32 रन बनाए, हर्षल को 4 विकेट

# सुपरकिंग्स पर सनराइजर्स की पांच विकेट की जीत में चमके हर्षल पटेल

भाषा ⏭ चेन्नई

हर्षल पटेल की तूफानी गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां अंक तालिका की दो सबसे निचली टीमों की जंग में चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद बरकरार रखी। इस हार के बाद सुपरकिंग्स की प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है। सनराइजर्स की टीम नौ मैच में छह अंक से आठवें जबकि सुपरकिंग्स की टीम इतने ही मैच में चार अंक से 10वें और अंतिम स्थान पर है। सुपरकिंग्स के 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने इशान किशन (44), कामिंदु मेंडिस (नाबाद 32) और नितीश कुमार रेड्डी (नाबाद 19) की पारियों से 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन बनाकर जीत दर्ज की। मेंडिस और नितीश ने छठे विकेट के लिए 49 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। सनराइजर्स की सुपरकिंग्स के खिलाफ चेन्नई में यह पहली जीत है। सुपरकिंग्स ने मौजूदा सत्र में अपने घरेलू मैदान पर अब तक चारों मैच गंवाए हैं। हर्षल (28 रन पर चार विकेट), कप्तान पैट कमिंस (21 रन पर दो विकेट) और जयदेव उनादकट (21 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सुपरकिंग्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम 19.5 ओवर में 154 रन पर सिमट गई। सुपरकिंग्स की ओर से डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से सर्वाधिक 42 रन बनाए। युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 19 गेंद में छह चौकों से 30 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा दीपक हुड्डा (22) और रविंद्र जडेजा (21) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे सनराइजर्स ने पारी की दूसरी ही गेंद पर अभिषेक शर्मा (00) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने खलील अहमद की गेंद पर आयुष को कैच थमाया। ट्रेविस हेड (19) ने खलील पर चौके से खाता खोला और फिर अंशुल कंबोज पर दो चौके मारे। इशान किशन ने कंबोज पर चौका जड़ने के बाद खलील पर लगातार दो चौके मारे।




## कोलकाता की बाधा बनेंगे पूर्व कप्तान अय्यर, किंग्स को प्लेआफ में पहुंचाने का लक्ष्य



**कोलकाता।** एक सत्र पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर अब प्लेआफ क्वालीफिकेशन की उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा होंगे। श्रेयस की कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल के अहम मैच में शनिवार को ईडन गार्डंस पर मेजबान के खिलाफ उतरेगी। बारह महीने पहले अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने एक दशक में पहला आईपीएल खिताब जीता था। शनिवार को वह विरोधी टीम की जर्सी पहनेंगे और आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब को प्लेआफ में पहुंचाने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने के इरादे से उतरेंगे। केकेआर ने अय्यर को रिलीज करके सभी को हैरत में डाल दिया था लेकिन पंजाब किंग्स की कप्तानी अय्यर को रास आ रही है। दिल्ली कैपिटल्स के अपने मेंटोर रिकी पोंटिंग के साथ मिलकर अय्यर ने पंजाब को आठ में से पांच मैच जिताकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। इस साझेदारी ने अय्यर को आत्मविश्वास के साथ कप्तानी की छूट भी दी जिसके दम पर वह अब तक तीन अर्धशतक समेत 263 रन बना चुके हैं।

### खबर संक्षेप

#### पॉल संचालन परिषद में आईसीए प्रतिनिधि



**मुंबई।** मुंबई और हिमाचल प्रदेश के पूर्व क्रिकेटर पॉल वलथाटी को टी20 मुंबई लीग की संचालन परिषद में भारतीय क्रिकेटर संघ का प्रतिनिधि चुना गया है। टी20 मुंबई लीग अगले महीने 26 मई से आठ जून तक होगी जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। इससे पहले यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इसके ब्रांड दूत हैं जिसके लिये 2800 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन किया है।

#### हेजलवुड डब्लूटीसी में बोलैंड से अधिक दावेदार

**दुबई।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने कहा कि जून में लॉर्ड्स मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को स्कॉट बोलैंड की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चुनना चाहिए।



क्योंकि दिग्गज ग्लेन मैकग्रा की तरह गेंदबाजी करने वाला यह लंबे कद का खिलाड़ी इंग्लैंड की परिस्थितियों का बेहतर तरीके से उपयोग कर पाएगा। टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की जगह लगभग पक्की है। ये दोनों अगर फिट रहे तो तीसरे तेज गेंदबाज के नाम के लिए चर्चा हो सकती है।

#### पूर्व कप्तान निदा ने राष्ट्रीय टीम से नाम वापस लिया

**कराची।** पाकिस्तान की महिला टीम की अनुभवी खिलाड़ी निदा डार ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण राष्ट्रीय चयन से नाम वापस ले लिया।



पाकिस्तान क्रिकेट में अपनी तरह की इस पहली घटना में राष्ट्रीय महिला टीम की पूर्व कप्तान 39 वर्षीय निदा ने लिखा, 'पिछले कुछ महीनों में मेरे आसपास व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बहुत कुछ हुआ है, जिसने मेरे मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाला है। मैंने ऐसे में खुद पर ध्यान देने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैं सभी से इस दौरान मेरी निजता का सम्मान करने की अनुरोध करती हूं।'

मलेशिया का फैसला

## पाकिस्तान को अजलान शाह कप से किया बाहर, बाकी था भुगतान



एजेंसी ⏭ कराची

मलेशिया हॉकी महासंघ ने जोहर हॉकी संघ को 10,349 अमेरिकी डॉलर के बकाए का भुगतान नहीं करने के कारण पाकिस्तान को वार्षिक अजलान शाह कप के लिए आमंत्रित नहीं किया है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ के एक सूत्र ने कहा कि जोहर संघ ने पीएचएफ को आधिकारिक पत्र भेजा है जिसमें अक्टूबर 2023 में टीम के साथ मलेशिया गए पीएचएफ अधिकारियों और उनके परिवारों के आवास, यात्रा और अन्य खर्चों के लिए भुगतान की जाने वाली राशि के बारे में सख्त लहजे में बताया गया है। पाकिस्तान की टीम जोहर हॉकी कप खेलने के लिए मलेशिया गई थी और पीएचएफ के कुछ अधिकारी और उनके परिवार भी टीम के साथ गए थे। एक सूत्र ने बताया, 'टीम के ठहरने और अन्य खर्चों का वहन आयोजकों को उठाना था, लेकिन पीएचएफ के अधिकारियों को बता दिया गया था कि उन्हें अपने सभी खर्च खुद ही उठाने होंगे।

ये अधिकारी भी उसी आलीशान होटल में रुके थे जहां टीमें ठहरी हुई थीं। इसमें पीएचएफ के पूर्व अध्यक्ष भी शामिल थे।' जोहर संघ ने पहले ही इस मुद्दे को मलेशिया महासंघ के समक्ष उठाया है और धमकी दी है कि अगर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो वे इस मामले को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के समक्ष ले जाएंगे।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहा पीएचएफ

सूत्र ने कहा, 'पीएचएफ के मौजूदा अध्यक्ष और उनकी टीम इस मामले को लेकर परेशानी में है, क्योंकि महासंघ पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और उन्हें पीएचएफ के पूर्व अधिकारियों द्वारा किए गए इन खर्चों के बारे में जानकारी नहीं थी।' सुल्तान अजलान शाह कप का आयोजन 22 से 29 नवंबर तक इपोह में होना है।

### आस्ट्रेलिया दौराः आकलन करने में मिलेगी मदद



**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि शनिवार से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे से टीम को खुद का आकलन करने में मदद मिलेगी और इस दौरे पर भविष्य को ध्यान में रखकर विभिन्न संयोजन आजमाए जाएंगे। सलीमा टेटे की कप्तानी वाली भारतीय टीम 26 और 27 अप्रैल को यहां आस्ट्रेलिया ए से और एक, तीन तथा चार मई को आस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगी।भारत और आस्ट्रेलिया के बीच अब तक खेले गए 16 मैचों में से दस आस्ट्रेलिया ने जीते जबकि तीन ड्रॉ रहे हैं।

## खुशी और टीकम की एशियन चैंपियनशिप में शानदार जीत

एजेंसी ⏭ अम्मान



खुशी चंद और टीकम सिंह यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह पक्की करने वाले भारतीय मुक्केबाजों में शामिल हैं।

अबू धाबी में 2024 एशियाई स्कूल लड़कों और लड़कियों की मुक्केबाजी चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता खुशी (46 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थी होंग येन को शिकस्त दी। टीकम (52 किग्रा) ने अपने अंतिम-आठ मुकाबले में फिलिस्तीन के ओथमान डायब को हराया। पुरुषों के वर्ग में अंबेकर मेताई (48 किग्रा), उद्यम सिंह (54 किग्रा) और राहुल गारिया (57 किग्रा) ने अपने-अपने वजन वर्ग में 5-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। अमन देव (50 किग्रा) ने जॉर्डन के ओसामा अल-खालदी को करीबी मुकाबले में 3-2 से मात दी। जिया (48 किग्रा) ने वियतनाम की थी रू ना दिन्ह को 5-0 जबकि जन्नत ने यूक्रेन की अनहेलिना रुमियांत्सेवा को 4-1 से हराया।

### कॅरियर का अंत मजबूती के साथ करना चाहती हूं

**बेंगलुरु।** अमेरिका की दो बार की ओलंपिक चैंपियन दलीलाह मुहम्मद ने कहा कि उन्होंने अपने संन्यास की योजना को टाल दिया है क्योंकि वह अपने कॅरियर का अंत कमजोर महसूस करते हुए नहीं करना चाहती थीं। इस साल के अंत में 400 मीटर बाधा दौड़ में अपने पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों की संख्या में इजाफा करने का प्रयास करेंगी। यह 35 वर्षीय ट्रैक एवं फील्ड स्टार रविवार को टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) दौड़ के 17वें सत्र के लिए एक दूत के रूप में बेंगलुरु में हैं। उन्होंने 12 अप्रैल को बोत्सवाना ग्रां प्री में सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे यह साबित हो गया कि वह अब भी कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं।



27-31 मई तक कोरिया में होगी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत की 59 सदस्यीय टीम देगी चुनौती, नीरज हटे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने दक्षिण कोरिया में होने वाली आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार को 59 सदस्यीय टीम की घोषणा की। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा उम्मीद के मुताबिक इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होंगे जबकि कोच्चि में हाल ही में संपन्न फेडरेशन कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है। दोहरे ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा का इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होना उम्मीद के मुताबिक ही है क्योंकि इस सत्र में उनका ध्यान डायमंड लीग प्रतियोगिताओं और सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप पर होगा। इसके अलावा एनसी क्लासिक पर भी उनकी नजरें रहेंगी जिसकी मेजबानी वह 24 मई को बेंगलुरु में कर रहे हैं। चोपड़ा ने भुवनेश्वर में 2017 टूर्नामेंट के बाद से इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था।



### चैंपियन खिलाड़ी बाहर

महाद्वीपीय चैंपियनशिप के पिछले सत्र में स्वर्ण पदक जीतने वाले राष्ट्रीय रिकॉर्डधारक गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर को फेडरेशन कप में निराशाजनक दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम में जगह नहीं मिली है। पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव कुमार मीणा अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने के बावजूद टीम में जगह नहीं बना पाए क्योंकि उनका प्रयास भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा निर्धारित एशियाई चैंपियनशिप पात्रता स्तर से कम था।

### दिग्गजों को दल में मिली जगह

*अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज), पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज) और गुलवीर सिंह (5000 मीटर और 10000 मीटर) जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। गुमी में 27-31 मई तक होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम में धावक अनिमेष कुजूर भी शामिल हैं जिन्होंने 200 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल को भी टीम में जगह मिली है जिन्होंने फेडरेशन कप के दौरान अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की थी। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अन्नू रानी ने मार्च में मुंबई में इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के दौरान 58.82 मीटर के प्रयास के आधार पर टीम में जगह बनाई।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

*सिंधु जल समझौते पर रोक लगाकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश*

# जम्मू कश्मीर में तेजी से जलविद्युत परियोजनाओं पर शुरू होगा काम बनेगा भारत का पावर हाउस, सिंचाई से चमकेगी पंजाब की भी किस्मत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सबसे पहला कूटनीतिक कदम ये उठाया है कि सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी है। अगर आगे चलकर भी पाकिस्तान अपनी हरकतें नहीं सुधारेगा तो भारत इसे पूरी तरह से रद्द करने की ओर कदम उठा सकता है।

अगर ऐसा हो गया तो एक दिन ऐसी नौबत आ सकती है कि पाकिस्तान को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। यही वजह है कि अपनी पहली प्रतिक्रिया में उसने इसे 'युद्ध की कार्रवाई' माना है। दूसरी तरफ भारत के लिए यह संधि विकास में बहुत बाधक है और खासकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर की किस्मत बदल सकती है। इस फैसले से जम्मू-कश्मीर में पानी की समस्या दूर होगी और हिमालय क्षेत्र को लगभग 10,000 मेगावाट बिजली मिलेगी।

सिंधु जल संधि के निलंबन से भारत को इस नियम का पालन करने की जरूरत नहीं होगी। भारत पाक को बाढ़ के डेटा सहित हाइड्रोलॉजिकल डेटा शेयर करना और सालाना बैठक भी बंद कर सकता है।

### फैसले का प्रभाव

1. जम्मू-कश्मीर में पानी कमी की एक बड़ी समस्या दूर होगी
2. हिमालय क्षेत्र को लगभग 10,000 मेगावाट बिजली मिलेगी

### कानूनी पहलूओं पर विचार जारी

1960 के इस समझौते के निलंबन के भारत के फैसले से चेनाब, झेलम और सिंधु नदियों पर बन रही जलविद्युत परियोजनाओं का काम तेजी से होगा। सिंधु जल संधि के अनुसार, भारत को किसी भी नई परियोजना पर काम शुरू करने से पहले पाकिस्तान को छह महीने का नोटिस देना होता है। पाकिस्तान बार-बार इन परियोजनाओं पर आपत्ति जताता रहा है, जिससे काम में रुकावट आती रही है। लेकिन, संधि के निलंबन से भारत को इस नियम का पालन करने की जरूरत नहीं होगी। भारत, पाकिस्तान को बाढ़ के डेटा सहित हाइड्रोलॉजिकल डेटा शेयर करना और सालाना बैठक भी बंद कर सकता है। सरकार इसके कानूनी पहलुओं पर विचार कर रही है।

### जम्मू-कश्मीर को मिलेगा बड़ा फायदा

सबसे बड़ा बदलाव चेनाब और झेलम नदियों पर बिजली परियोजनाएं और पानी के भंडारण की सुविधाएं बनाने में होगा। सबसे पहले 540 मेगावाट की क्वार, 1000 मेगावाट की पाकल दुल, 624 मेगावाट की किरू, 390 मेगावाट की किर्थई I और 930 मेगावाट की किर्थई II, 1,856 मेगावाट की सावलकोट जैसी जलविद्युत परियोजनाओं का निर्माण किया जाएगा। इनसे 3,000 मेगावाट से ज्यादा बिजली पैदा होने की उम्मीद है। इससे जम्मू-कश्मीर की बिजली क्षमता में 10,000 मिलियन यूनिट की वृद्धि होगी।



### सिंधु जल संधि पर सीएम अब्दुल्ला का बड़ा बयान

*हम कभी इसके पक्ष में नहीं रहे, यह जम्मू-कश्मीर के लिए सबसे गलत*



**जम्मू।** सिंधु जल संधि को निलंबित करने के केंद्र सरकार के फैसले पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे गलत है। जल शक्ति मंत्री की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय के सचिव को औपचारिक पत्र लिखकर भेज दिया है।

पत्र में सख्त भाषा में कहा गया है, सच्ची भावना से किसी संधि का सम्मान करने का उत्तरदायित्व ही उस संधि की बुनियाद होती है। मगर पाकिस्तान लगातार भारत के संघ शासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से आतंकवाद को जारी रखे हुए है। पाकिस्तान की इन कार्रवाइयों ने सुरक्षा अनिश्चितताएं पैदा की हैं।

# सभी एक सुर में बोले- नागरिकों को निशाना बनाना स्वीकार नहीं

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से हुए भविष्य के डिजिटल नागरिक को सशक्त बनानाः एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) की ओर विशेष कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के दूतों और नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है और इसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने कहा कि भारत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले में जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त करता है। उन्होंने भारत के उन सभी मित्रों और भागीदारों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने संवेदना व्यक्त की। इस कठिन समय में हमारे साथ एकजुटता दिखाई और आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की।

### यूएन में उठा पहलगाम आतंकी मामला



### प्रियजनों के प्रति संवेदनाएं

अवर महासचिव और डिजिटल क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत अमनदीप सिंह गिल, ब्राजील के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत नॉरबर्टो मोरेटी और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के मुख्य डिजिटल अधिकारी रॉबर्ट ओप ने भी आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अरुण सुंदरराजन ने कहा कि मैं भारत सरकार और हाल ही में हुए अक्षम्य आतंकी हमले में नुकसान झेलने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

### भारत-पाक संयम बरतेंः गुटेरस

यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भारत और पाकिस्तान की सरकारों से संयम बरतने और हालात को और बिगड़ने से रोकने की अपील की है। गुटेरस के प्रवक्ता स्टेफन दुजारिक ने बताया कि यूएन महासचिव दोनों देशों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दुजारिक ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुआ आतंकी हमला, जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे गए, उसकी हम स्पष्ट रूप से निंदा कर चुके हैं।

*मेलोनी और मैंक्रो ने पीएम मोदी से की बात*

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को जताया समर्थन



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार रात पीएम नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बात की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इटली के पूर्ण समर्थन की बात दोहराई। पीएम मोदी ने उनके इस समर्थन और आतंक के खिलाफ स्पष्ट संदेश की सराहना की।

### जहां भी जरूरत होगी, हम तैयारः फ्रांस

*फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो ने कहा कि भारत के लोग इस तरह के कठिन समय में फ्रांस की एकजुटता और मित्रता पर भरोसा कर सकते हैं। हम हमेशा से आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट रहे हैं और हमेशा एकजुट रहेंगे। मैक्रों ने हमले में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताते हुए कहा कि फ्रांस और उसके सहयोगी आतंकवाद के खिलाफ जहां भी जरूरत होगी, लड़ाई जारी रखेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि नीदरलैंड के पीएम डिक शूफ ने पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए दुखद और अमानवीय सीमा पार आतंकवादी हमले पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कायरतापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा की और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खारिज कर दिया। पीएम मोदी ने समर्थन और एकजुटता के लिए पीएम को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिए नीदरलैंड के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर है। ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने कहा है कि भारत इस हमले के जवाब में जो भी कार्रवाई करेगा, उसे हमारा समर्थन रहेगा।*

